

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब बिहार, मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 248 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 17 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## संक्षिप्त समाचार

### G7 समिट में मोदी-ट्रंप की मुलाकात, आज होगी द्विपक्षीय वार्ता

एवियन (फ्रांस)। जी-7 समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुलाकात कर विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेता बुधवार को द्विपक्षीय बैठक करेंगे, जिसमें आर्थिक विकास, सप्लाई चेन, एआई, निवेश और वैश्विक सुरक्षा जैसे विषयों पर बातचीत होगी। यह ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों नेताओं की पहली औपचारिक मुलाकात होगी।



### विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का उद्घाटन

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का उद्घाटन किया। उन्होंने युवाओं से संविधान के आदर्शों से प्रेरणा लेकर विकसित भारत 2047 के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के 50 लाख से अधिक युवा इस कार्यक्रम से जुड़े हैं।




### 22 जून से शुरू होगा मां कामाख्या मंदिर का अंबुबाची मेला

गुवाहाटी। असम के प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर में वार्षिक अंबुबाची मेला 22 जून से शुरू होगा। मंदिर प्रशासन के अनुसार 22 जून की रात से विशेष अनुष्ठान प्रारंभ होंगे और मंदिर के कपाट तीन दिनों तक बंद रहेंगे। 26 जून को मंदिर पुनः श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा। मेले में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।



### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

मुंबई। अमेरिकी-ईरान समझौते से बने सकारात्मक माहौल के बीच भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 544 अंक चढ़कर 76,808 पर और एनएसई निफ्टी 135 अंक की बढ़त के साथ 23,995 पर बंद हुआ। रियल्टी, मीडिया और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर में सबसे ज्यादा खरीदारी देखने को मिली।



### ए20 ईंधन से बीमा क्लेम पर असर नहीं : सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल उन दावों को खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि ए20 ईंधन के उपयोग से वाहन बीमा दावे खारिज हो सकते हैं। पीआईबी फैक्ट चेक ने स्पष्ट किया कि ए20 ईंधन का इस्तेमाल करने वाले वाहनों की बीमा पॉलिसियां पूरी तरह वैध हैं और क्लेम पर इसका कोई असर नहीं पड़ता।




### जी-7 समिट की फैमिली फोटो में नेताओं से मिले पीएम मोदी

एवियन (फ्रांस)। जी-7 समिट की आधिकारिक फैमिली फोटो से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात की और विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को गर्मजोशी से स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह बैठक वैश्विक सहयोग और साझा विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।



### भीषण गर्मी के चलते यूपी में स्कूलों की छुट्टियां बढ़ीं, अब 25 जून से खुलेंगे विद्यालय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए योगी सरकार ने छात्रों को बड़ी राहत दी है। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 24 जून 2026 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

पहले स्कूल 16 जून से खुलने वाले थे, लेकिन मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने छुट्टियां बढ़ा दी हैं। अब प्रदेश के स्कूल 25 जून 2026 से दोबारा खुलेंगे। हालांकि, शिक्षकों और कर्मचारियों को विभागीय कार्यों तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों के लिए निर्धारित तिथि से पहले विद्यालय पहुंचना होगा। सरकार का मानना है कि छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को देखते हुए यह फैसला आवश्यक है।

# वायु सेना विकसित करेगी स्वदेशी कामिकेज ड्रोन, 16 हजार फीट की ऊंचाई पर करेंगे मिशन

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना ने देश में स्वदेशी रक्षा तकनीक को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लंबी दूरी के स्वदेशी कामिकेज (वन-वे अटैक) ड्रोन विकसित करने की परियोजना शुरू की है। इन अत्याधुनिक ड्रोन का निर्माण भारतीय उद्योगों, स्टार्टअप्स और रक्षा क्षेत्र की घरेलू कंपनियों के सहयोग से किया जाएगा। वायुसेना ने इसके लिए भारतीय कंपनियों के चयन हेतु सीमित टेंडर भी जारी कर दिया है।

यह महत्वाकांक्षी परियोजना तमिलनाडु के कोयंबटूर के निकट सुलूर स्थित वायुसेना के 5 बेस रिपेयर डिपो (बीआरडी) के माध्यम से संचालित की जाएगी, जिसे इस कार्यक्रम की नोडल एजेंसी बनाया गया है।

### दुश्मन के ठिकानों को सटीक निशाना बनाएंगे ड्रोन

कामिकेज ड्रोन, जिन्हें 'लोइटरिंग म्यूनिशन' या 'आत्मघाती ड्रोन' भी कहा जाता है, लक्ष्य क्षेत्र में पहुंचकर दुश्मन की गतिविधियों की पहचान करते हैं और फिर सीधे लक्ष्य से टकराकर विस्फोट कर देते हैं। यह पूरी तरह एकतरफा मिशन वाले मानव रहित हवाई वाहन होते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक युद्धों में तेजी से बढ़ रहा है।

भारतीय वायुसेना के अनुसार प्रस्तावित ड्रोन 16,000 फीट तक की ऊंचाई पर उड़ान भरने में सक्षम होंगे तथा दिन और रात दोनों समय प्रभावी ढंग से संचालन कर सकेंगे। इनके माध्यम से सीमावर्ती और दुर्गम क्षेत्रों में दुश्मन के ठिकानों पर सटीक कार्रवाई संभव होगी।

### वायुसेना के पास रहेंगे बौद्धिक संपदा अधिकार

रक्षा मंत्रालय के निर्णय के अनुसार इस ड्रोन प्लेटफॉर्म के सभी इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) भारतीय वायुसेना के पास रहेंगे। इससे भविष्य में आवश्यकता के अनुसार तकनीकी उन्नयन, बदलाव और नए फीचर्स जोड़ना आसान होगा। परियोजना का उद्देश्य विदेशी निर्भरता कम करते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।



### ड्रोन निर्माण में वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में भारत

राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत को ड्रोन निर्माण के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र बनने के लिए मिशन मोड में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और ईरान-इजराइल संघर्ष जैसे हालिया युद्धों ने स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य के युद्धों में ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक निर्णायक भूमिका निभाएगी।

रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि ड्रोन निर्माण केवल अंतिम उत्पाद तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसके सभी प्रमुख पुर्जों का निर्माण भी भारत में ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ड्रोन के मोल्ड, सॉफ्टवेयर, इंजन और बैटरी तक का स्वदेशी उत्पादन आवश्यक है।

### स्टार्टअप्स और एमएसएमई की बढ़ी भागीदारी

रक्षा मंत्रालय के अनुसार फरवरी 2026 तक इनोवेशंस फॉर डिफेंस एक्सीलेंस पहल के तहत 676 स्टार्टअप्स, एमएसएमई और नवोन्मेषक रक्षा परियोजनाओं से जुड़ चुके हैं। अब तक 548 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इनमें से 58 प्रोटोटाइप लगभग 3,853 करोड़ रुपये की खरीद स्वीकृति प्राप्त कर चुके हैं, जबकि करीब 2,326 करोड़ रुपये के 45 खरीद अनुबंध भी किए जा चुके हैं।

### आत्मनिर्भर भारत को मिलेगी नई ताकत

विशेषज्ञों का मानना है कि स्वदेशी कामिकेज ड्रोन परियोजना भारतीय वायुसेना की मारक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ देश को रक्षा तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इससे भारतीय रक्षा उद्योग, स्टार्टअप्स और एमएसएमई क्षेत्र को भी नई गति मिलेगी।

# फ्रांस में शुरू हुई यूपीआई सेवा, पीयूष गोयल ने गैलरीज लाफायेट में किया शुभारंभ

**समाज जागरण**

नई दिल्ली/नीस (फ्रांस)। भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति अब वैश्विक स्तर पर तेजी से विस्तार कर रही है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को फ्रांस के नीस मैसेना स्थित प्रतिष्ठित रिटेल स्टोर गैलरीज लाफायेट में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने इसे भारत की विश्वस्तरीय डिजिटल भुगतान प्रणाली के अंतरराष्ट्रीय विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी साझा करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि फ्रांस के प्रमुख रिटेल केंद्रों में से एक गैलरीज लाफायेट में यूपीआई की शुरूआत भारत की डिजिटल क्षमता और तकनीकी नवाचार का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय डिजिटल भुगतान प्रणाली को फ्रांस के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र तक पहुंचाना यूपीआई के वैश्विक विस्तार की दिशा में एक और बड़ा कदम है।



### भारत-फ्रांस सहयोग को मिलेगी नई मजबूती

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह पहल लायरा कलेक्ट और एनआईपीएल (एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड) की साझेदारी से संभव हुई है। इससे बड़े पैमाने पर सुरक्षित, सहज और इंटरऑपरेबल डिजिटल भुगतान समाधान उपलब्ध कराने की भारत की क्षमता प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा कि यूपीआई की शुरूआत से भारत और फ्रांस के बीच आर्थिक, तकनीकी और व्यापारिक सहयोग को नई मजबूती मिलेगी।

### मोदी-मैक्रों नेतृत्व में मजबूत हुए संबंध

पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व में भारत-फ्रांस संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक, तकनीकी और नवाचार क्षेत्रों में सहयोग लगातार बढ़ रहा है।

### उद्योग और नवाचार पर हुई चर्चा

फ्रांस दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री ने प्रसिद्ध विधिवेत्ता एवं आईआईटी दिल्ली बोर्ड के अध्यक्ष हरीश साल्वे द्वारा आयोजित विशेष रात्रिभोज कार्यक्रम में भी भाग लिया। इस दौरान उन्होंने उद्योग जगत, शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों के साथ भारत-फ्रांस सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की।

उन्होंने फ्रांसीसी कंपनियों और निवेशकों से भारत की विकास यात्रा में सहभागी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि दोनों देश मिलकर अधिक समृद्ध और टिकाऊ भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

### 'यूरोप की सिलिकॉन वैली' का भी किया दौरा

फ्रांस यात्रा के दौरान पीयूष गोयल ने सोफिया एंटीपोलिस का भी दौरा किया, जिसे "यूरोप की सिलिकॉन वैली" के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र शोध, प्रतिभा और उद्योग के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। यहां 2,600 से अधिक कंपनियां अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में कार्यरत हैं और नवाचार को बढ़ावा दे रही हैं।

### डिजिटल इंडिया को मिली वैश्विक पहचान

फ्रांस में यूपीआई सेवा की शुरूआत को भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इससे भारतीय पर्यटकों, छात्रों और कारोबारियों को फ्रांस में भी आसान डिजिटल भुगतान की सुविधा मिलेगी, वहीं भारत की फिनटेक क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर नई पहचान प्राप्त होगी।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अकासा एयर की उड़ानें शुरू

## नवी मुंबई और बेंगलुरु के लिए सीधी सेवा

नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) से हवाई सेवाओं के विस्तार को नई गति देते हुए अकासा एयर ने मंगलवार से




अपने वाणिज्यिक उड़ान संचालन की शुरूआत कर दी। इसके साथ ही अकासा एयर इस नए हवाई अड्डे से सेवाएं शुरू करने वाली शुरूआती विमानन कंपनियों में शामिल हो गई है। एयरलाइन ने नोएडा से नवी मुंबई और बेंगलुरु के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की है, जिससे यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी और यात्रा के अधिक विकल्प उपलब्ध होंगे।

अकासा एयर की पहली उड़ान सुबह 7:25 बजे नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना होकर सुबह 9:35 बजे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। इसके बाद वापसी उड़ान सुबह 10:15 बजे नोएडा से रवाना हुई और दोपहर 12:30 बजे नवी मुंबई पहुंची। कंपनी ने इसी के साथ बेंगलुरु के लिए भी सीधी उड़ान सेवा शुरू कर दी है। एयरलाइन के अनुसार नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुरूआती चरण में संचालन शुरू करना उसकी दीर्घकालिक विस्तार रणनीति का हिस्सा है। कंपनी का लक्ष्य तेजी से विकसित हो रहे प्रमुख बाजारों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना और उत्तर भारत में बढ़ती हवाई यात्रा की मांग का लाभ उठाना है।

# मुंबई में पानी का संकट गहराया

## BMC ने निर्माण कार्यों और स्विमिंग पूलों की जलापूर्ति रोकी



**समाज जागरण**

मुंबई। अल नीनो के प्रभाव के कारण मानसून में देरी से मुंबई में जल संकट गहराने लगा है। शहर को पानी उपलब्ध कराने वाले बांधों और झीलों में जल भंडार तेजी से घटने के बाद बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। 17 जून से नए और चल रहे निर्माण कार्यों के पानी के कनेक्शन अस्थायी रूप से काटे जाएंगे, जबकि स्विमिंग पूलों की जलापूर्ति भी बंद कर दी जाएगी। इसके अलावा औद्योगिक और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को मिलने वाले पानी में 20 प्रतिशत कटौती की जाएगी। बीएमसी के अनुसार, 16 जून तक जलाशयों में केवल 10 प्रतिशत के आसपास पानी शेष है। ऐसे में बारिश में और देरी होने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। फिलहाल शहर में 15 मई से 10 प्रतिशत पानी कटौती पहले से लागू है।

# डॉलर पर घट रहा भरोसा, केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे सोने का भंडार

नई दिल्ली। दुनिया भर के केंद्रीय बैंक तेजी से अपने स्वर्ण भंडार (गोल्ड रिजर्व) बढ़ाने की तैयारी में हैं, जिससे आने वाले वर्षों में अमेरिकी डॉलर के वैश्विक वर्चस्व को चुनौती मिल सकती है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के सेंट्रल बैंक गोल्ड रिजर्व सर्वे 2026 के अनुसार, 84 प्रतिशत केंद्रीय बैंकों का मानना है कि अगले पांच वर्षों में उनके कुल रिजर्व में सोने की हिस्सेदारी बढ़ेगी। वहीं 74 प्रतिशत बैंकों ने अनुमान जताया है कि विदेशी मुद्रा भंडार में अमेरिकी डॉलर की हिस्सेदारी घटेगी।



सर्वे में 73 देशों के केंद्रीय बैंकों को शामिल किया गया, जिनमें विकसित और विकासशील दोनों अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव और वित्तीय जोखिमों के बीच सोना एक सुरक्षित निवेश के रूप में उभर रहा है। यही कारण है कि कई देश डॉलर पर निर्भरता कम कर अपने रिजर्व में सोने का हिस्सा बढ़ाने की रणनीति अपना रहे हैं।




## संस्कारों और चरित्र से श्रेष्ठ समाज एवं राष्ट्र का निर्माण।

प्राचीन काल से लेकर आज तक विचारधाराएँ समाज की मार्गदर्शक रही हैं। उन्होंने मानव सभ्यता को दिशा दी है, उसे अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य किया है। व्यक्ति का जीवन उसके विचारों का ही प्रतिफल होता है। जैसा वह सोचता है, वैसा ही बनता जाता है। यही कारण है कि महान चिंतकों और दार्शनिकों के विचार समय और सीमाओं को लांघकर पीढ़ियों को प्रभावित करते रहे हैं।विचार और सिद्धांत मनुष्य की अंतःप्रज्ञा के दर्पण होते हैं। यही विचार व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करते हैं और वही चरित्र आगे चलकर समाज तथा राष्ट्र की दिशा निर्धारित करता है। जब कोई श्रेष्ठ विचार जनमानस तक पहुँचता है और लोग उसे आत्मसात कर लेते हैं, तब वह केवल विचार नहीं रहता, बल्कि एक जनआंदोलन का स्वरूप धारण कर लेता है। इतिहास साक्षी है कि युग परिवर्तन की प्रत्येक बड़ी लहर किसी न किसी महान विचार से ही उत्पन्न हुई है।

प्राचीन यूनान के महान दार्शनिक इसका सर्वोत्तम उदाहरण हैं। वे रूप-रंग से भले ही आकर्षक नहीं थे, किंतु उनकी विद्वता, मौलिक चिंतन और जनजागरण की क्षमता असाधारण थी। सामान्य जन उन्हें तत्कालीन शासकों से अधिक बुद्धिमान और सम्माननीय मानते थे। उनकी स्वतंत्र विचारधारा तत्कालीन सत्ता को असहज करती थी। परिणामस्वरूप उन्हें मृत्युदंड दिया गया और विषपान के लिए बाध्य किया गया। किंतु सुकरात का शरीर भले समाप्त हो गया, उनके विचार आज भी जीवित हैं और मानवता का मार्गदर्शन कर रहे हैं। यह विचारों की अमरता का सबसे बड़ा प्रमाण है।

इसी प्रकार ने दासप्रथा के विरुद्ध आवाज उठाते हुए कहा था कि दास भी उतने ही मनुष्य हैं जितने उनके स्वामी। उनके इस विचार ने तत्कालीन अमेरिकी समाज को झकझोर दिया। विरोध इतना तीव्र था कि अंततः उनकी हत्या कर दी गई, किंतु उनके विचारों ने दासप्रथा उन्मूलन का मार्ग प्रशस्त किया। जनमानस की अंतरात्मा जागृत हुई और मानव अधिकारों की स्थापना का नया अध्याय आरंभ हुआ।

भारत में ने विचारों की शक्ति को अत्यंत सरल शब्दों में व्यक्त किया था– ह्लहम जो सोचते हैं, वही बन जाते हैं।ह्व उनके अनुसार विचार ही व्यक्ति का निर्माण करते हैं। वही उसे महानता की ओर ले जाते हैं अथवा पतन के मार्ग पर धकेलते हैं। विचारों के बिना व्यक्ति का कोई अस्तित्व नहीं है। आज विवेकानंद हमारे बीच सशरीर उपस्थित नहीं हैं, किंतु उनके विचार आज भी करोड़ों युवाओं को प्रेरणा दे रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भौतिक शरीर नष्ट हो सकता है, परंतु श्रेष्ठ विचार कभी नष्ट नहीं होते।

विचारों की यही अमरता किसी भी तानाशाह के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है। इतिहास में अनेक बार सत्ता ने व्यक्तियों को कुचलने का प्रयास किया है, किंतु विचारों को समाप्त नहीं कर सकी। चाहे वह हो या , दोनों के मूल में विचारों की शक्ति ही थी। जब जनमानस जागृत हुआ तो दमन और भय की दीवारें ढह गईं। यही कारण है कि कहा जाता है–व्यक्ति को दबाया जा सकता है, पर विचारों को नहीं।

एक व्यक्ति का विचार तब तक सीमित रहता है जब तक वह केवल उसके मन में है। किंतु जैसे ही वह विचार समाज तक पहुँचता है, हजारों-लाखों लोग उससे जुड़ जाते हैं। तब वह विचार एक सामूहिक चेतना का रूप धारण कर लेता है। विचारों की यही सघनता और व्यापकता किसी भी परिवर्तनकारी आंदोलन की आधारशिला होती है। विचार एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुँचते हैं और निरंतर विकसित होते रहते हैं। यही प्रक्रिया उन्हें अमर बनाती है। इसके विपरीत जहाँ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन किया जाता है, वहाँ विचारों का स्वाभाविक विकास अवरुद्ध हो जाता है। किसी भी समाज में ज्ञान, संवाद और स्वतंत्र चिंतन का वातावरण आवश्यक है। स्वस्थ लोकतंत्र वही है जहाँ व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता हो तथा समाज नवीन और उत्कृष्ट चिंतन को स्वीकार करने के लिए तैयार हो।

ज्ञान व्यक्ति को दिशा देता है, संस्कार उसे मयार्दा प्रदान करते हैं और चरित्र उसे विश्वसनीय बनाता है। इन तीनों का समन्वय ही श्रेष्ठ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव है। केवल आर्थिक विकास किसी राष्ट्र को महान नहीं बना सकता। राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों के ज्ञान, उनके संस्कारों और उनके चरित्र में निहित होती है।

अतः आवश्यकता इस बात की है कि हम आने वाली पीढ़ियों को केवल तकनीकी शिक्षा ही न दें, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों, मानवीय संवेदनाओं और उच्च आदर्शों से भी जोड़ें। क्योंकि विचार ही भविष्य का निर्माण करते हैं, संस्कार उसे स्थायित्व प्रदान करते हैं और चरित्र उसे महानता के शिखर तक पहुँचाता है।

यह शाश्वत सत्य है कि विचार अनादि काल से गतिशील रहे हैं और अनंत काल तक गतिशील रहेंगे। जो व्यक्ति मानवता के हित में श्रेष्ठ विचारों का प्रतिपादन करता है, वह अपने शरीर के नष्ट हो जाने के बाद भी अपने विचारों के माध्यम से अमर बना रहता है। यही विचार युगों का निर्माण करते हैं, समाज को दिशा देते हैं और राष्ट्रों की नियति बदल देते हैं।

**संजीव ठाकुर ,वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, लेखक एवं चिंतक**
**रायपुर, छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

## "जनता चले पैदल, किराया चले रॉकेट की चाल!"

*गौतमबुद्धनगर में 100 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की घोषणा हुई तो लोगों ने सोचा कि अब महंगे ऑटो वालों से राहत मिलेगी। प्रस्तावित किराया भी ऐसा था कि आम आदमी मुस्कुरा उठा–10, 20 और 30 रुपये।*

*लेकिन जनता की मुस्कान शायद अधिकारियों को पसंद नहीं आई। देखते ही देखते किराया 20, 30, 40 और 50 रुपये हो गया। यानी बस शुरू होने से पहले ही किराया "इलेक्ट्रिक स्पीड" से दौड़ पड़ा।*

*मजेदार बात यह है कि शहर में ऑटो का किराया 10 रुपये से बढ़कर 20 रुपये होने पर लोग पहले से नाराज हैं। ऐसे में उम्मीद थी कि सरकारी बसें सस्ती होंगी और लोगों को राहत देंगी। मगर यहां तो राहत की जगह किराए ने ही लंबी छलांग लगा दी।*

*अब सवाल यह है कि अगर बस का न्यूनतम किराया भी 20 रुपये ही रखना था, तो फिर ऑटो और बस में फर्क क्या रह गया? बस में सीट मिल जाए तो बोनस समझिए, वरना जेब तो दोनों ही हल्की कर रहे हैं।*

*लगता है अधिकारियों ने सोचा होगा कि इलेक्ट्रिक बसें सिर्फ बैटरी से नहीं, बल्कि जनता की जेब से भी चार्ज होंगी।*

*जनता पूछ रही है–*
*"जब किराया ऑटो जितना ही देना है, तो फिर बस में सफर का फायदा क्या?"*

*और शायद जवाब कहीं फाइलों में लिखा होगा–*
*"सुविधा का लाभ उठाइए, राहत की उम्मीद मत रखिए!"*

**कटाक्ष:**
*"पहले कहा था–बस आएगी तो खर्चा घटेगा, अब लग रहा है बस आई है ताकि खर्चे को आधुनिक बनाया जा सके।"*

# जेवर हवाई अड्डे से पहली उड़ान

**महेन्द्र तिवारी**

उत्तर प्रदेश के विमानन और आर्थिक इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, जिसे जेवर हवाई अड्डे के नाम से भी जाना जाता है, से पहली व्यावसायिक उड़ान का सफल संचालन शुरू होना न केवल इस राज्य के लिए बल्कि पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और लंबे समय से प्रतीक्षित पल है। इस पहली उड़ान के रनवे पर उतरते ही यह विशाल हवाई अड्डा आधिकारिक रूप से वैश्विक विमानन मानचित्र पर स्थापित हो गया है। लंबे समय से देखी जा रही यह महत्वाकांक्षी योजना अब धरातल पर हकीकत बनकर उतर चुकी है, जो आने वाले समय में उत्तर भारत के विकास की दिशा और दशा को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखती है। इस हवाई अड्डे का चालू होना आधुनिक बुनियादी ढांचे, आर्थिक प्रगति और सुदृढ़ कनेक्टिविटी का एक ऐसा अद्भुत संगम है, जो आने वाले कई दशकों तक देश की अर्थव्यवस्था को नई गति देता रहेगा। उत्तर प्रदेश आज एक्सप्रेसवे और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के विशाल नेटवर्क के साथ एक नए वैश्विक निवेश और आर्थिक केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है।

विमानन उद्योग की दुनिया में कुछ ऐसी अनूठी और भव्य परंपराएं हैं जो इस क्षेत्र के सम्मान और गौरव को प्रदर्शित करती हैं। ऐसी ही एक अत्यंत प्रतिष्ठित वैश्विक परंपरा वॉटर कैनन सैल्यूट की है, जिसके माध्यम से किसी भी नए हवाई अड्डे पर पहली व्यावसायिक उड़ान का ऐतिहासिक स्वागत किया जाता है। जब उत्तर प्रदेश की ही राजधानी लखनऊ से उड़ान भरकर आई इंडिगो एयरलाइंस की पहली उड़ान ने जेवर हवाई अड्डे के नवनिर्मित रनवे पर पहली बार लैंड किया, तो वहां मौजूद हर व्यक्ति के लिए वह दृश्य अत्यंत विहंगम और भावुक करने वाला था। हवाई अड्डे के अग्निशमन दल के वाहनों ने रनवे के दोनों छोरों पर तैनात होकर पानी की तीव्र बौछारें छोड़ीं और हवा में एक अत्यंत सुंदर और विशाल आर्च का निर्माण किया। पानी की इस भव्य बौछार के बीच से गुजरते हुए विमान का स्वागत करना केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं थी, बल्कि यह भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में एक नए और सुनहरे युग के उदय का भव्य शंखनाद था। यह सम्मान और उत्सव का वह क्षण था जिसे इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा।

भौगोलिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पिछले कई वर्षों से हवाई यात्रियों और उड़ानों के भारी दबाव का सामना कर रहा है। लगातार बढ़ती जनसंख्या और हवाई यात्रा के प्रति आम लोगों के बढ़ते रुझान के कारण दिल्ली हवाई अड्डे की क्षमताएं अपनी चरम सीमा पर पहुंच रही थीं, जिससे उड़ानों में देरी और




भीड़भाड़ जैसी समस्याएं आम हो गई थीं। ऐसे में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन शुरू होना दिल्ली हवाई अड्डे के लिए सबसे मजबूत, प्रभावी और आवश्यक विकल्प के रूप में सामने आया है। इसके पूरी तरह चालू होने से दिल्ली हवाई अड्डे पर विमानों के हवाई ट्रैफिक और यात्रियों की लंबी कतारों का बोझ काफी हद तक कम हो जाएगा। इसका सबसे सीधा और बड़ा लाभ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों जैसे गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा और मेरठ के साथ-साथ पड़ोसी राज्य हरियाणा के कई प्रमुख शहरों के निवासियों को मिलेगा। अब इन क्षेत्रों के लाखों यात्रियों को कोई भी अंतरराष्ट्रीय या घरेलू उड़ान पकड़ने के लिए दिल्ली के भारी ट्रैफिक और जाम से जूझते हुए जाने की मजबूरी नहीं होगी, बल्कि वे सीधे जेवर आकर बेहद कम समय में अपनी सुखद यात्रा शुरू कर सकेंगे।

इस हवाई अड्डे के वर्तमान स्वरूप और भविष्य की विशाल योजनाओं का यदि गहराई से विश्लेषण किया जाए, तो इसका मास्टर प्लान अत्यंत विशाल और विस्मयकारी दिखाई देता है। वर्तमान समय में इस हवाई अड्डे के पहले चरण का निर्माण कार्य पूरी तरह संपन्न हुआ है, जिसके अंतर्गत 1 रनवे और 1 अत्याधुनिक विशाल टर्मिनल का संचालन शुरू किया गया है। लेकिन यह विशाल परियोजना की केवल एक छोटी सी शुरूआत है। आने वाले वर्षों में जब इसके सभी निर्धारित चरण चरणबद्ध तरीके से पूरे हो जाएंगे, तो यह भारत का सबसे बड़ा और पूरे एशिया महाद्वीप के सबसे बड़े हवाई अड्डों में शीर्ष स्थान पर गिना जाएगा। भविष्य की योजनाओं के अनुसार यहां कुल 5 से 6 रनवे बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे इसकी वार्षिक यात्री वहन क्षमता कई करोड़ तक पहुंच जाएगी। इसके साथ ही, यह हवाई अड्डा आधुनिकतम डिजिटल तकनीक और पर्यावरण संरक्षण के अनूठे समन्वय पर आधारित है। इसे पूरी तरह से एक डिजिटल और ग्रीन एयरपोर्ट के सिद्धांत पर विकसित किया जा रहा है, जिसका मुख्य संकल्प शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करना है, ताकि विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन भी बना रहे।

इस महा-परियोजना के विधिवत शुरू होने से यमुना एक्सप्रेसवे, ग्रेटर नोएडा, नोएडा और उनके आसपास के तमाम क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को एक नई और अभूतपूर्व ऊर्जा मिलेगी। इस पूरे क्षेत्र की भौगोलिक बनावट ऐसी है कि यह पहले से ही एक बड़े औद्योगिक गलियारे के रूप में अपनी पहचान बना रहा था, लेकिन इस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आगमन ने यहां वैश्विक निवेश की एक बड़ी बाढ़ ला दी है। रीयल एस्टेट के क्षेत्र में इसके कारण एक बहुत बड़ा और सकारात्मक उछाल साफ देखा जा सकता है। हवाई अड्डे के आसपास के सभी कमर्शियल और रेजिडेंशियल इलाकों में जमीनों और संपत्तियों की मांग रातों-रात आसमान छूने लगी है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भारी मजबूती मिली है। दुनिया भर के बड़े औद्योगिक घराने और घरेलू कॉर्पोरेट समूह यहां अपने बड़े प्रोजेक्ट, मॉल, विश्वस्तरीय होटल और व्यावसायिक परिसर स्थापित करने के लिए निवेश कर रहे हैं, जो इस क्षेत्र के शहरीकरण को एक नया और वैश्विक रूप प्रदान कर रहा है।

यात्रियो की सुगम आवाजाही के अलावा यह हवाई अड्डा उत्तर भारत के व्यापार, वाणिज्य और भारी उद्योगों के लिए भी एक मजबूत रीढ़ की हड्डी साबित होने जा रहा है। जेवर हवाई अड्डे को एक विशाल और अत्याधुनिक मल्टी-मोडल कार्गो हब के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। इसके कारण पूरे क्षेत्र में मैन्युफैक्चरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा उद्योग और ऑटोमोबाइल जैसे उद्योगों को भारी प्रोत्साहन मिलेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के स्थानीय लघु और मध्यम उद्योगों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों के लिए भी यह हवाई अड्डा किसी वरदान से कम नहीं है, क्योंकि वे अपने फल, सब्जियां और अन्य निर्मित वस्तुओं को बिना समय गंवाए सीधे वैश्विक बाजारों तक सुरक्षित निर्यात कर सकेंगे। रोजगार के मोर्चे पर भी यह परियोजना एक अभूतपूर्व क्रांति लेकर आई है। हवाई अड्डे के दैनिक संचालन, ग्राउंड स्टाफ, सुरक्षा व्यवस्था, रिटेल आउटलेट्स, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर और परिवहन व्यवस्था में हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं, जो स्थानीय युवाओं के भविष्य को संवारने में बड़ी भूमिका निभाएंगे।

पर्यटन उद्योग के दृष्टिकोण से भी नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का महत्व अत्यंत अद्वितीय और दूरगामी है। यह हवाई अड्डा विश्व के प्रसिद्ध पर्यटन केंद्रों जैसे आगरा के ऐतिहासिक ताजमहल, मथुरा और वृंदावन की पावन सांस्कृतिक भूमि के बेहद नजदीक स्थित है। अब तक विदेशों से आने वाले पर्यटकों को इन ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों पर जाने के लिए पहले दिल्ली में उतरना पड़ता था और फिर सड़क मार्ग की लंबी और थकान भरी यात्रा करनी पड़ती थी। अब जेवर हवाई अड्डे के चालू होने से उन्हें इन समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरों तक पहुंचने के लिए एक सीधा, सुगम और अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रवेश द्वार मिल गया है, जिससे क्षेत्र के पर्यटन राजस्व में भारी वृद्धि तय है। यात्रियों की यात्रा को और अधिक निर्बाध बनाने के लिए सरकार इस हवाई अड्डे को यमुना एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे जैसी देश की सबसे बड़ी सड़क परियोजनाओं से सीधे जोड़ रही है। इसके साथ ही भविष्य में इसे रैपिड रेल नेटवर्क और अत्याधुनिक पॉड टैक्सी जैसी उन्नत प्रणालियों से भी पूरी तरह एकीकृत किया जाएगा।

निष्कर्ष के तौर पर यह स्पष्ट है कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पहली कमर्शियल उड़ान की इस ऐतिहासिक शुरूआत ने केवल एक हवाई जहाज को आकाश में नहीं उड़ाया है, बल्कि उत्तर प्रदेश के करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, स्थानीय व्यापार और इस पूरे क्षेत्र के बहुआयामी विकास को सचमुच समृद्धि के नए पंख लगा दिए हैं। यह हवाई अड्डा आने वाले स्वर्णिम समय में आत्मनिर्भर भारत और एक आधुनिक, प्रगतिशील उत्तर प्रदेश की सबसे भव्य वैश्विक पहचान बनकर उभरेगा।

## सनातन व नारी सम्मान पर बड़ी लकीर खींचते योगी

मृत्युंजय दीक्षित

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजनीति से ऊपर उठकर सनातन धर्म तथा स्त्री गरिमा तथा सम्मान के हित में बड़ी रेखाएं खींच रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव की बेटी के प्रति सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक बयानबाजी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने केआदेश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गयी है। मुख्यमंत्री ने सख्ती के साथ कहा है कि किसी भी बेटी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए हर बेटी का सम्मान होना चाहिए। हम उन संस्कारों में पले -बढ़े हैं जहां गांव की बेटी -बहन को पूरे गांव की बेटी -बहन माना जाता है।

मुख्यमंत्री योगी बेटियों की सुरक्षा के लिए संकल्पवान हैं । वह कई जनसभाओं मे अपना मंतव्य स्पष्ट कर चुके हैं कि अगर किसी ने बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया तो अगले चैराहे पर उसका इंतजार यमराज कर रहा होगा। योगी जी के बयानों का असर धरातल पर भी दिखाई पड़ता है। बेटियों के साथ होने वाली अप्रिय घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही हो रही है। आरोपियों का हाफ एनकाउंटर हो रहा है तथा आवश्यकता पड़ने पर बुलडोजर एक्शन भी हो रहे हैं। प्रदेश में नारी समाज को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं । केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से नारी सशक्तीकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव की बेटी पर टिप्पणी करने वालों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रवैया दिखाकर सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बुने जा रहे चक्रव्यूह को एक ही झटके में ध्वस्त




कर दिया है। सपा मुखिया अखिलेश की बेटी अदिति पर सोशल मीडियापर अभद्र टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री योगी ने जो एक्शन लिया है उसने इस दुखद घटना पर बनाए जा रहे सपा के राजनैतिक नैरेटिव को ध्वस्त कर दिया है। जब सोशल मीडिया के माध्यम से यह विवाद बड़े राजनीतिक तूफान में बदल रहा था और सपा योगी जी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह कहकर घेरने का प्रयास कर रही थी कि, ह्लजिनका खुद का परिवार नहीं वो परिवार का दर्द क्या समझेंगेह्व तब योगी जी इस घटना के जिम्मेदार लोगों को ढूंढ रहे थे। योगी जी ने अपराधियों पर तुरंत एफआईआर कराने के निर्देश जारी करते हुए कहा कि वह किसी भी बेटी क्यों न हो बेटी पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं है।

यूपी चुनाव से पहले योगी आदित्यनाथ ने अपने इस कदम से सिद्ध कर दिया है कि महिला सुरक्षा और सम्मान के मामले में उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के काम करती है। इससे सपा मुखिया रक्षात्मक रुख अपनाने को बाध्य हो गए हैं । अब भाजपा सपा के पुराने बयानों और सोशल मीडिया पोस्ट्स को लेकर उस पर हमलावर है। जो मुद्दा सरकार को घेरने के लिए तैयार किया जा रहा था उस पर योगी जी की प्रशासनिक और राजनीतिक सूझबूझ का बुलडोजर चल गया है। समाजवादी पूर्व में कई बार नारी सम्मान व उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली बयानबाजी करते रहे हैं । स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने एक बार कहा था कि ह्ललड़के हैं गलतियां हो जाती हैं। सपा के कद्दावर नेता माने जाने वाले आजम खां जैसे नेता तो कई बार महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं । मायावती जी पर तो सपाइयों ने हमला ही बोल दिया था। सपा राज में महिला सुरक्षा की कितनी बुरी स्थिति थी यह हर कोई जानता है।

योगी की पाती दे रही सनातन विचार - विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस पर योगी जी ने एक पाती जारी की है। इस पाती में उन्होंने वृद्धजनों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए लिखा है कि उम्र के अमृतकाल में वृद्धजनों को अपनत्व की सर्वाधिक आवश्यकता होती है, दुर्भाग्य से समाज ऐसे समय का साक्षी बन रहा है जब वृद्धजनों को अपनों का दुर्व्यवहार सहना पड़ता है।

योगी जी ने आगे लिखा है कि सनातन संस्कृति में माता- पिता और गुरु को साक्षात ईश्वर माना जाता है। पाती में योगी ने एक प्राचीन कथा के माध्यम से इस विषय को समझाया। भगवान शिव- पार्वती ने पुत्र गणेश जी और कार्तिकेय के समक्ष समस्त जगत की परिक्रमा की चुनौती रखी। भगवान गणेश ने माता -पिता को ही संपूर्ण सृष्टि मानकर उनकी परिक्रमा कर ली। उन्होंने भगवान श्रीराम का भी उदाहरण दिया। योगी जी का स्पष्ट कहना है कि सनातन, धार्मिक तथा सामाजिक परंपराओं, पारिवारिक संबंधों एवं मूल्यों पर आधारित जीवन शैली है। सनातन में बड़ों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने की परंपरा है ऐसा इसलिए क्योंकि वे हमारी संस्कृति और जीवन मूल्यों के धरोहर हैं ।वृद्धजनों का सम्मान केवल संस्कर नहीं बल्कि हमारी गौरवशाली सभ्यता की पहचान है। अपनी पाती मे वह बता रहे हैं कि वृद्धजन व निराश्रित महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार ने 1500 रुपए प्रति माह पेंशन देने का निर्णय लिया है।

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार सनातन संस्कृति के विचारों पर चलते हुए उन्हें आगे बढ़ा रही है और सनातन संस्कृति को पुष्ट करने वाले निर्णय ले रही है।

प्रेषक - मृत्युंजय दीक्षित

*(17 जून – महाराणा प्रताप जयंती पर विशेष)*

## महाराणा का गौरव...!

वीरता की वह 'अमर' कहानी,
जिसने लिखी थी नई रवानी।
इस मातृभूमि की आन बचाने,
वे निकले रण में शीश चढ़ाने।

ये अरावली की ऊँची चोटियाँ,
गूँज उठीं उनकी जय-घोषियाँ।
यूं स्वाभिमान का दीप जलाया,
हर एक संकट में धैर्य दिखाया।

यहाँ हल्दीघाटी की रणभूमि में,
दुश्मन 'काँपा' उनकी हूँकार में।
चेतक था उनका सच्चा सारथी,
उसने निभाई मित्रता की थाती।

त्याग, तपस्या और बलिदान ने,
बना दिया महाराणा को महान।
उनने राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश,
आज भी देश में गूँजता विशेष।

आईए हम सब मस्तक झुकाएँ,
उन आदर्शों को सभी अपनाएँ।
महाराणा प्रताप का यह जीवन,
देता 'साहस, गौरव और चेतन'।

इस जयंती पर संकल्प करें नम,
राष्ट्रहित कार्य में आगे बढ़ें हम।
ये वीरों के महान गौरवगान को,
हम सदा सजाएँ हिंदुस्तान को।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम एवं जनकल्याण मेले में उमड़ी भीड़, 278 लाभार्थियों को मिली योजनाओं की जानकारी

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**



जेवर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद गौतमबुद्धनगर के विकास खंड जेवर परिसर में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम एवं जनकल्याण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और सशक्तीकरण के लिए समर्पित हैं। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और महिलाओं से संवाद कर उनके सुझाव एवं अनुभव सुने।

मेले में 16 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी गई। लगभग 278 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। वहीं, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।

## आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत पेट्रोल-डीजल आपूर्ति पर अस्थायी नियंत्रण, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

ग्रेटर नोएडा। पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और वितरण को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत मोटर स्पिरिट (पेट्रोल) एवं हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) की आपूर्ति पर अस्थायी विनियमन लागू किया है। इस संबंध में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 11 जून 2026 को अधिसूचना जारी की गई है।

जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत संस्थागत, औद्योगिक एवं व्यावसायिक उपभोक्ता अब खुदरा पेट्रोल पंपों से पेट्रोल या डीजल की खरीद नहीं कर सकेंगे। उन्हें अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति केवल अपने अधिकृत उपभोक्ता पंपों के माध्यम से करनी होगी।

उन्होंने बताया कि खुदरा बिक्री केंद्रों पर डीजल की बिक्री केवल वाहनों के टैंक अथवा पीईएसओ (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) से अनुमोदित कंटेनरों में ही की जाएगी। साथ ही एक ग्राहक या वाहन को एक दिन में 200 लीटर से अधिक डीजल नहीं दिया जाएगा। खरीदे गए डीजल की पुनर्बिक्री भी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

अधिसूचना के अनुसार तेल विपणन कंपनियों और पेट्रोल पंप संचालकों को इन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना होगा तथा किसी भी प्रकार के उल्लंघन को रोकने की जिम्मेदारी भी उनकी होगी।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि यह आदेश प्रारंभिक रूप से 90 दिनों तक प्रभावी रहेगा अथवा सरकार द्वारा जारी किसी अन्य आदेश तक लागू रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर इसकी अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। उन्होंने जनपद के सभी उपभोक्ताओं, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशों का पालन करने की अपील करते हुए चेतावनी दी कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत विधिक एवं विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्य बिंदु

- संस्थागत एवं औद्योगिक उपभोक्ता पेट्रोल पंपों से एमएस/एचएसडी नहीं खरीद सकेंगे।
- एक वाहन या ग्राहक को प्रतिदिन अधिकतम 200 लीटर डीजल ही मिलेगा।
- डीजल केवल वाहन के टैंक या पीईएसओ अनुमोदित कंटेनर में दिया जाएगा।
- खरीदे गए डीजल की पुनर्बिक्री पर रोक।
- नियम उल्लंघन पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

## आबकारी नीति के तहत ई-लॉटरी संपन्न, दो मॉडल शॉपों से मिलेगा 2.4 करोड़ रुपये राजस्व

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**




ग्रेटर नोएडा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में आबकारी नीति 2026-27 के तहत ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान मॉडल शॉप की दो दुकानों का ऑनलाइन आवंटन किया गया, जिसका लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया।
जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि दोनों दुकानों के लिए कुल छह आवेदन प्राप्त हुए, जिनसे लगभग छह लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटित इन दो दुकानों के संचालन से सरकार को लगभग 2.4 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है।
लॉटरी प्रक्रिया के दौरान नामित सहायक आबकारी आयुक्त, पुलिस विभाग के प्रतिनिधि एवं आबकारी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व दादरी तहसील में योग सत्र आयोजित

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**



दादरी। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में चल रहे योग सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को तहसील दादरी परिसर एवं विभिन्न राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में योग अभ्यास सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वास्थ्य कर्मियों, योग प्रशिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित विभिन्न योगासन एवं अनुलोम-विलोम, कपालभाति और भ्रामरी जैसे प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस दौरान नियमित योग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी दी गई।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी वंदना रानी ने बताया कि 15 से 21 जून तक जनपद में योग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वक्ताओं ने योग को स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन का आधार बताते हुए लोगों से इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा अभियान, अचार, सॉस, चटनी समेत पांच खाद्य पदार्थों के नमूने जांच को भेजे

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**



ग्रेटर नोएडा। जनपदवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मंगलवार को विशेष जांच अभियान चलाया। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों ने प्रोसेस्ड फ्रूट एवं वेजिटेबल उत्पादों के निर्माण इकाइयों और थोक विक्रेताओं पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए।
सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि आम जनता को गुणवत्तायुक्त एवं मानक के अनुरूप खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिले में लगातार निरीक्षण और नमूना संग्रहण की कार्रवाई की जा रही है।
इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल कुमार गुप्ता ने दादरी स्थित बृज फूड साइंस प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण कर वहां से मिक्स अचार एवं रेड चिली सॉस के एक-एक नमूने संग्रहित किए।
वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह एवं रितु सक्सेना की टीम ने बिसरख स्थित गुप्ता स्टोर से विनेगर और चटनी के नमूने लिए। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा अधिकारी मालती ने इकोटेक-6 स्थित तत्वाहिल्स प्राइवेट लिमिटेड से ब्लैक बीन्स सॉस का नमूना संग्रहित किया।

अभियान के दौरान कुल पांच खाद्य नमूने लिए गए, जिन्हें गुणवत्ता और मानकों की जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी नमूने में मिलावट अथवा गुणवत्ता संबंधी कमी पाई जाती है तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सर्वेश मिश्रा ने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिले में आगे भी इसी प्रकार के विशेष अभियान लगातार चलाए जाएंगे।
उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाजार में बिकने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थ निर्धारित मानकों के अनुरूप हों और लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो।
उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि किसी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता को लेकर संदेह हो तो इसकी जानकारी विभाग को दें, ताकि समय रहते जांच कर उचित कार्रवाई की जा सके।

## मोबाइल चोर गिरफ्तार, चोरी का मोबाइल और अवैध चाकू बरामद

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**




नोएडा। थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन और एक अवैध चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शकील पुत्र फरीद अहमद निवासी शहीद नगर, थाना साहिबाबाद, जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 38 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने उसे सेक्टर-14 स्थित गंदे नाले के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई संगीन आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। तलाशी के दौरान उसके पास से एक चोरी का मोबाइल फोन और एक अवैध चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अवैध कूड़ा डंपिंग पर प्राधिकरण की कार्रवाई, चार ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ीं, एक लाख रुपये का जुमार्ना

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से कूड़ा डंप करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सेक्टर जीटा-1 में चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है। ये वाहन बिल्डर सोसाइटियों से निकलने वाले कूड़े को लाकर सेक्टर के खाली प्लॉट में अवैध रूप से फेंक रहे थे।
स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर चारों ट्रैक्टर-ट्रॉली और उनके चालकों को पकड़ लिया।
प्राधिकरण ने प्रत्येक वाहन पर 25-25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाते हुए कुल एक लाख रुपये का दंड वसूला है।
प्राधिकरण अधिकारियों ने संबंधित लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में दोबारा इस तरह की गतिविधि में पकड़े जाने पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जब्त कर लिया जाएगा।

## 17 जून को विकास भवन में आयोजित होगा किसान दिवस

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

ग्रेटर नोएडा। किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 जून (बुधवार) को प्रातः 11 बजे विकास भवन स्थित सभागार कक्ष में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने दी।
उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, दुग्ध विकास, सिंचाई, ऊर्जा विभाग सहित एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। किसान अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे, जिनके समाधान का प्रयास किया जाएगा।
किसान दिवस में किसानों को नवीन कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन, उन्नत बीज, कृषि नवाचार तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उप कृषि निदेशक ने जनपद के किसानों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम एवं जनकल्याण मेले में उमड़ी भीड़, 278 लाभार्थियों को मिली योजनाओं की जानकारी

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**



जेवर/नोएडा। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद गौतमबुद्धनगर में चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को विकास खंड जेवर परिसर में विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम एवं जनकल्याण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं लाभार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी रहीं। अपने संबोधन में विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और सशक्तीकरण के लिए समर्पित हैं। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और सेवा भाव से कार्य करने का आह्वान किया।
कार्यक्रम के दौरान विधायक ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं महिलाओं से संवाद कर उनके सुझाव और अनुभव सुने तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
मेले में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए 16 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान लगभग 278 नागरिकों और लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, सेवाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराई गई। पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित होने की प्रक्रिया भी समझाई गई।
मेले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी में बैग, मसाले, हेयर ऑयल, शैम्पू सहित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिन्हें लोगों ने काफी सराहा।
कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने आयोजन को सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) आलोक रंजन सिंह ने किया, जबकि अंत में खंड विकास अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## ई-रजिस्ट्रेशन को लेकर यूपी में घमासान, नोएडा समेत कई जिलों में निबंधक कार्यालयों पर तालाबंदी

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रॉपर्टी रजिस्ट्री प्रक्रिया को डिजिटल और पेपरलेस बनाने की तैयारी को लेकर प्रदेशभर में विवाद गहरा गया है। ई-रजिस्ट्रेशन व्यवस्था के विरोध में नोएडा सहित कई जिलों के अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। विरोध के चलते कई निबंधक कार्यालयों में तालाबंदी कर दी गई है, जिससे रजिस्ट्री कार्य प्रभावित हो रहा है।

सरकार की नई व्यवस्था के तहत संपत्ति की रजिस्ट्री प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन करने की योजना है। इसमें दस्तावेजों की तैयारी, स्टाम्प शुल्क का भुगतान और अन्य प्रक्रियाएं डिजिटल माध्यम से पूरी की जाएंगी। पक्षकारों को केवल फोटो और डिजिटल हस्ताक्षर के लिए कार्यालय जाना होगा तथा रजिस्ट्री की प्रति ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

### वकीलों ने जताई बेरोजगारी और निजीकरण की आशंका

नोएडा के सेक्टर-33 स्थित स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन कार्यालय पर धरना दे रहे अधिवक्ताओं का कहना है कि ई-रजिस्ट्रेशन व्यवस्था से लाखों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी।
अधिवक्ता सी.एस. नागर ने कहा कि यह आंदोलन केवल नोएडा तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश के 40 से 50 जिलों में चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस व्यवस्था के माध्यम से रजिस्ट्री प्रक्रिया का निजीकरण करना चाहती है।
अधिवक्ता श्यामवीर सिंह बैसोया ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर की सभी बार एसोसिएशन इस फैसले के विरोध में एकजुट हैं। उनका कहना है कि यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।



### सरकार ने जारी किया स्पष्टीकरण

विवाद बढ़ने के बीच महानिरीक्षक निबंधन कार्यालय, लखनऊ की ओर से एक स्पष्टीकरण जारी किया गया है। अपर महानिरीक्षक निबंधन निरंजन कुमार द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि आम जनता की सामान्य जमीन और मकान रजिस्ट्री पर फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है।

स्पष्टीकरण के अनुसार ई-रजिस्ट्रेशन व्यवस्था केवल नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण सहित विभिन्न विकास प्राधिकरणों और आवास विकास परिषदों द्वारा आवंटित संपत्तियों के आवंटन पत्र एवं प्रथम हस्तांतरण (फर्स्ट ट्रांसफर) तक ही सीमित रहेगी।

### हड़ताल जारी, समाधान की प्रतीक्षा

सरकार के स्पष्टीकरण के बावजूद अधिवक्ताओं ने अपनी हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि जब तक सरकार लिखित रूप से पुरानी व्यवस्था को बनाए रखने का आश्वासन नहीं देती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि शासन और अधिवक्ताओं के बीच गतिरोध कब समाप्त होता है।

## चार मूर्ति अंडरपास का विधायक तेजपाल नागर ने किया निरीक्षण, दिवाली तक शुरू होने की उम्मीद

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बहुप्रतीक्षित चार मूर्ति अंडरपास निर्माण कार्य का मंगलवार को दादरी विधायक तेजपाल नागर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से परियोजना पूरी करने के निर्देश दिए।
विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि लगभग 90 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह अंडरपास ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लाखों निवासियों के लिए बड़ी सौगात साबित होगा। इसके शुरू होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होगी और रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि परियोजना को आगामी दिवाली तक जनता को समर्पित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और परियोजना को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि चार मूर्ति अंडरपास केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विकास, जनसुविधा और बेहतर यातायात व्यवस्था का मजबूत आधार है। इसके पूरा होने से क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी नई गति मिलेगी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दीपक यादव, एडवोकेट नारायण गुप्ता, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीनियर मैनेजर प्रभात शंकर, मैनेजर नितीश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में गूंजा '12 साल विश्वास, विकास और जनकल्याण' का संदेश

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा। भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर द्वारा मंगलवार को सेक्टर-6 स्थित इंदिरा भवन में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में किया गया, जिसमें केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।
सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने '12 साल विश्वास के' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में जनता और सरकार के बीच विश्वास का मजबूत संबंध स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि यह विश्वास सुशासन, पारदर्शिता, सेवा और राष्ट्रहित में लिए गए निर्णयों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि 2014, 2019 और 2024 के जनादेश इस बात का प्रमाण हैं कि जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर लगातार भरोसा जताया है।
पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने '12 साल जनकल्याण के' विषय पर बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि और गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य अंत्योदय के माध्यम से प्रत्येक वर्ग का सशक्तिकरण करना है।
भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने '12 साल विकास के' विषय पर संबोधन देते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने आधारभूत संरचना, डिजिटल तकनीक और आर्थिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आधुनिक एक्सप्रेसवे, वंदे भारत ट्रेनें, अमृत भारत स्टेशन योजना, रैपिड रेल और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने देश के विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के पूर्व सचिव एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी योगेंद्र नारायण सिंह ने की। सम्मेलन को सांसद डॉ. महेश शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, पूर्व विधायक विमला बाथम तथा भाजपा जिला प्रभारी कांता कर्दम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता, उद्योगपति, शिक्षाविद, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# आगामी त्योहारों को लेकर डीएम व एसपी ने किया पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनपद सम्भल में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने कस्बा सम्भल में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया।

पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों ने बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों तथा प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आमजन से संवाद स्थापित करते हुए, आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील की।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए प्रभावी चेकिंग अभियान चलाएं तथा निरंतर भ्रमणशील रहकर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

जनपद पुलिस द्वारा आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नगर पंचायतों में साफ-सफाई, जल निकासी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें : जिलाधिकारी

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में नगर निकायों के अन्तर्गत जनपद की नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों के साथ नगर पंचायतों से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पंचायतों में कार्यरत स्टाफ की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम नगर पंचायत सिरसी की समीक्षा करते हुए सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की वर्तमान स्थिति तथा उनकी साफ-सफाई की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिरसी को निर्देशित किया कि सभी शौचालय सुचारु रूप से संचालित रहें तथा उनकी नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में शहरी आवास योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पीएम स्वनिधि के लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर में जलभराव की स्थिति, पम्प सेट की उपलब्धता, एबीसी सेंटर हेतु भूमि, आउटसोर्सिंग एवं संविदा कर्मियों के मानदेय आदि विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरा उठान से संबंधित वाहनों के रूट चार्ट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, ग्रे वाटर एवं ब्लैक वाटर प्रबंधन, एनआरएलएम, एनयूएलएम तथा एमआरएफ सेंटर की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने पेयजल आपूर्ति, ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण, 15वें वित्त आयोग से कराए जा रहे कार्यों, हैंडपम्प रिबोर, वंदन योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों, दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना तथा जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्रों के निर्गमन की स्थिति की भी समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने नगर पंचायत बबराला, गुन्नौर, गवां एवं नरौली की समीक्षा करते हुए जलभराव की स्थिति, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, लंबित डीपीआर, वंदन योजना के कार्य, नाले एवं नालियों की सफाई, कर वसूली, वाटर कूलर, एमआरएफ सेंटर तथा कान्हा गौशाला की व्यवस्थाओं पर चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, सम्पर्क मार्गों एवं प्रमुख चौराहों पर विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। नाले एवं नालियों की नियमित सफाई कराई जाए। अधिशासी अधिकारी स्वयं नियमित रूप से नगर क्षेत्रों का भ्रमण कर साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्यप्रिय सिंह, डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिरसी आशुतोष तिवारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्लांट की लापरवाही के कारण गरीब के चार मवेशियों की मौत

## गरीब पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस से की लिखित शिकायत

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना । रिहायशी क्षेत्र में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्लांट के कारण आवारा व हिंसक कुत्तों ने प्लांट से सटे घर में रहने वाले एक गरीब व्यक्ति के तीन बकरों व एक बकरी को मार डाला।इससे उसे करीब 75 हजार रूपए का नुकसान हो गया। बकरें बकरियां ही उसकी आजीविका का मुख्य साधन था।पीड़ित ने थाने में शिकायत कर अवैध व प्रदूषणकारी प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्लांट के संचालन व घोर लापरवाही से हुई मवेशियों की मौत से हुए आर्थिक नुकसान का मुआवजा दिलाने तथा फैक्ट्री(प्लांट) के मालिक शादाब के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।





थाना प्रभारी के नाम नगीना थाना कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में धर्मकांटा के निकट स्थित मोहल्ला काजी सराय तृतीय निवासी महबूब पुत्र अतिकुर्ररहमान ने कहा है कि उसके घर व घेर के पास शादाब का प्लास्टिक रीसाइक्लिंग/उत्पादन प्लांट(फैक्ट्री)फैक्ट्री के अंदर उसकी दीवार से सटा कर अत्यधिक मात्रा में ज्वलनशील व दूषित प्लास्टिक के कचरे का विशाल व ऊंचा ढेर लगाया गया है।जिस पर चढ़कर आवारा व हिंसक कुत्तों ने उसके घेर में उतर कर कल सुबह 11 बजे घेर में बंधे तीन बकरों व एक बकरी पर हिंसक हमला कर मार डाला।फैक्ट्री मालिक शादाब की घोर लापरवाही के कारण उसे करीब 70/80 हजार रूपए का नुकसान हो गया।ये मवेशी ही उसकी आजीविका का मुख्य साधन थे।

शिकायती पत्र में कहा है कि वह कई बार शादाब से अपनी दीवार के पास से खतरनाक कचरे को हटाने व सुरक्षा पुख्ता करने की गुहार लगा चुका है, लेकिन शादाब ने उसे मां बहन की गालियां देकर विरोध करने पर गंभीर परिणाम भुगतने व जान से मारने की धमकी देता रहा।

शिकायती पत्र में यह भी कहा गया है कि इस अवैध प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्लांट फैक्ट्री से चौबीसों घंटे अत्यधिक विषैला धुआं व हानिकारक रासायनिक गैसों के निकलने से प्रदूषण फैल रहा है और पर्यावरण दूषित हो रहा है।इस भयंकर प्रदूषण के कारण बुजुर्गों व बच्चों को सांस लेने में भी दिक्कत होती है और गंभीर बीमारियों का खतरा बना हुआ है।फैक्ट्री की मशीनों के असहनीय शोर से ध्वनि प्रदूषण भी होता है।जिसके कारण लोग रात में ठीक से सो भी नहीं पाते हैं।

पीड़ित महबूब ने मामले की संवेदनशीलता व पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान को संज्ञान में लेते हुए प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्लांट फैक्ट्री के स्वामी शादाब के खिलाफ बीएनएस की सुसंगत धाराओं व लापरवाही से हुए अपराधिक कृत्यों(चार मवेशियों की मौत)तथा प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करने और पीड़ित को उसके मवेशियों की मृत्यु से हुए आर्थिक नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।रिहायशी क्षेत्र में अवैध रूप से जानलेवा प्रदूषण फैला रहे इस प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्लांट फैक्ट्री को जनहित में बंद कराने की मांग भी की गई है।

**हमारी फैक्ट्री से इस हादसे का कोई लेना देना नहीं है: शादाब**

प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्लांट फैक्ट्री के मालिक शादाब का कहना है कि उन्होंने प्रदूषण विभाग से कोई एन ओ सी नहीं ले रखी है।क्योंकि उनकी फैक्ट्री में प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग नहीं की जाती है।प्लास्टिक की बोतलों की क्लिनिंग कर आगे भेज दिया जाता है।

महबूब के बकरों व बकरियों के मरने का दुख उन्हें भी है।लेकिन इस हादसे से उनका कोई लेना देना नहीं है। महबूब के घर/घेर की दीवार उनकी फैक्ट्री की दीवार से सटी हुई नहीं है,बल्कि दोनों दीवारों के बीच में सड़क है।

# यूपी के लिए बड़ी टेंशन ! बीच रास्ते में अटका मानसून, जानें कब होगी बारिश; IMD ने बताया नया अपडेट

**समाज जागरण**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मानसून का इंतजार कर रहे लोगों, खासकर किसानों के लिए मौसम विभाग की ओर से बड़ी अपडेट सामने आई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार पूर्वी भारत में धीमी पड़ गई है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश में मानसून की एंट्री में देरी होने की संभावना है।

आमतौर पर प्रदेश में मानसून 16 से 18 जून के बीच दस्तक दे देता है, जबकि राजधानी लखनऊ में यह 23 जून तक पहुंच जाता है। लेकिन इस बार मौसम के बदले मिजाज के चलते मानसून अपने तय समय से करीब 5 से 10 दिन की देरी से आने का अनुमान है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अब मानसून 22 जून के आसपास बंगाल की खाड़ी के रास्ते पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। इसके बाद यह धीरे-धीरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ेगा और पूरे प्रदेश में बारिश का सिलसिला शुरू होगा। हालांकि, भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों के लिए कुछ राहत की खबर भी है। मौसम विभाग ने 17 जून को नोएडा, लखनऊ, वाराणसी समेत प्रदेश के कई जिलों में धूलभरी आंधी चलने और हल्की प्री-मानसून बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

# जिलाधिकारी ने संभल एवं असमोली विकासखंड के विकास कार्यों की समीक्षा की, लापरवाही पर दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की अध्यक्षता में विकासखंड संभल एवं विकासखंड असमोली के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अन्नपूर्णा भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराए जाएं। साथ ही जिन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भूमि आवंटन लंबित है, उनका आवंटन अगले दिन तक प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए।

एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने डीएमएम, एनआरएलएम को प्रतिदिन समीक्षा बैठक आयोजित करने तथा योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने लखपति दीदी योजना की अपेक्षाकृत कम प्रगति पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा- निर्देशित किया।

मनरेगा कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से संबंधित आईडी का निर्माण तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध वृक्षारोपण सुनिश्चित किया जाए। कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

कोटेदारों की रिक्त दुकानों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन दुकानों के प्रस्ताव लंबित हैं, उनकी तिथि निर्धारित कर प्रस्तावों का निस्तारण कराया जाए, जिससे दुकानों का आवंटन शीघ्र किया जा सके।

बैठक में ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम विकास अधिकारियों एवं पंचायत सहायकों की उपस्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी ग्राम स्तरीय कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र में उपस्थित रहकर स्थानीय समस्याओं का गंभीरता से निस्तारण करें। पंचायत सहायकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए तथा उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंच सके।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के संपर्क मार्गों का निरीक्षण कर उनकी साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। कहीं भी जलभराव की स्थिति न रहे तथा असमतल मार्गों को समतल कराया जाए, जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों के आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा पेंशन सत्यापन कार्य को गंभीरता से संपन्न कराने के निर्देश दिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी कार्य में लापरवाही पाए जाने पर उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों तक जाने वाले संपर्क मार्गों पर अतिक्रमण एवं गंदगी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके लिए आगामी 15 दिनों का विशेष अभियान चलाकर ग्राम पंचायत स्तर पर साफ-सफाई, जलभराव की समस्या के निस्तारण तथा एंटी-लार्वा छिड़काव की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।


गौशालाओं की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मेरे निरीक्षण के दौरान कोई कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को धरातल पर उतारने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनपद के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला पंचायती राज अधिकारी सी.पी. सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) महेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वर्षीय मासूम समेत कई बच्चे कुत्तों के हमलों से घायल

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। नगर के मुगलूशाह क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को आवारा कुत्तों के झुंड ने एक 5 वर्षीय मासूम बच्चे पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।




जानकारी के अनुसार मुगलूशाह निवासी मोहम्मद शहजान पुत्र शहजाद 5 वर्ष गली से गुजर रहा था, तभी आवारा कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया और बुरी तरह काटकर घायल कर दिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे कुत्तों के चंगुल से बचाया। घायल बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

क्षेत्रवासियों के अनुसार इसी दिन मुगलूशाह निवासी आजम 7 वर्ष और हादी 9 वर्ष भी कुत्तों के हमले में घायल हुए हैं। वहीं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रहने वाले अर्जुन नामक बालक को भी आवारा कुत्तों ने काटकर जख्मी कर दिया। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से बच्चों और बुजुर्गों में भय का माहौल बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसके बाद नगर पालिका और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में लंबे समय से आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि गत 27 मई को भी एक आवारा कुत्ते ने नगर में 13 लोगों को काटकर घायल कर दिया था। इसके बावजूद कुत्तों के आतंक पर अंकुश नहीं लग पाया है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और नगर पालिका से आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाये।

# पत्नी की हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार किया गया, लाइसेंसी बंदूक बरामद की गई

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। सोमवार को पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसकी लाइसेंसी बंदूक को भी बरामद कर लिया गया।



मृतक युवती के पिता राम सिंह पुत्र सुखराम सिंह निवासी ग्राम खानपुर माधो उर्फ डेरी थाना मंडावर ने थाना मंडावली पर तहरीर दी जिसमें कहा गया कि पीड़ित की पुत्री मीनू को उसके पति पुष्पेन्द्र पुत्र प्रभु निवासी ग्राम मुस्सेपुर थाना मंडावली, जो मीनू के साथ मारपीट/प्रताड़ित करता रहता था और अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी। युवक ने पीड़ित के धेवते की पत्नी के साथ भी गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी दी थी।तहरीर के आधार पर थाना मंडावली पर बीएनएस व आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया था।थाना मंडावली पुलिस द्वारा युवक पुष्पेन्द्र पुत्र प्रभु निवासी ग्राम मुस्सेपुर को घटना में प्रयुक्त बंदूक सहित गिरफ्तार कर लिया गया।

# सुरेश राठौर की गिरफ्तारी को लेकर उनके समर्थकों में रोष

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना । देहरादून पुलिस ने बीजेपी के पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ को अंकित भंडारी केस से जुड़े मामले में किया गिरफ्तार कर लिया है। जिससे उनके समर्थकों में रोष व्याप्त है।




बताया जाता है कि भंडारी से जुड़े आडियो-वीडियो प्रसारित होने के मामले में डालनवाला कोतवाली में दर्ज एक मुकदमे में पुलिस ने नगीना निवासी तथा पिछले विधान सभा चुनाव में नगीना सीट से भाजपा से बने रहे टिकिट दावेदार व ज्वालापुर के पूर्व विधायक सुरेश राठौर को गिरफ्तार कर लिया है।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम ने आरोप लगाया था कि अंकिता भंडारी के मामले में इंटरनेट मीडिया पर सुरेश राठौर व उर्मिला सनावर के कुछ ऑडियो-वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं। इसमें जानबूझकर उनका और भाजपा के अन्य नेताओं का नाम लेकर उन्हें बदनाम करने व साजिश के तहत झूठे मामले में फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायत के अनुसार, यह पूरी कवायद राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। इसका उद्देश्य जनता को गुमराह कर प्रदेश के माहौल को अशांत करना है। शिकायत में यह भी कहा गया कि उक्त आडियो-वीडियो में आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषा का प्रयोग किया गया है, जिससे न केवल शिकायतकर्ता को मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी, बल्कि भाजपा और उसके पदाधिकारियों की सामाजिक व राजनीतिक प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची है। आरोप है कि इस कथित साजिश में कांग्रेस पार्टी, आम आदमी सहित कुछ अन्य भी शामिल है। सुरेश राठौर के विरुद्ध हुई कारवाही से नगीना क्षेत्र के उनके समर्थकों में भारी रोष है।

# नगीना में ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों ने उठाई आवाज

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना, । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री एवं वर्तमान पंजीकरण व्यवस्था में किए जा रहे बदलावों के विरोध में नगीना के अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी नगीना के माध्यम से सौंपा।



ज्ञापन में अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों ने कहा कि ई-रजिस्ट्री व्यवस्था लागू होने से ग्रामीण एवं किसान वर्ग को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उनका कहना है कि ऑनलाइन प्रक्रिया के कारण आम नागरिकों की पहुंच सीमित हो जाएगी तथा बिचौलियों और तकनीकी समस्याओं के बढ़ने की आशंका है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नई व्यवस्था से दस्तावेज लेखकों, स्टांप विक्रेताओं, फोटोकॉपी संचालकों तथा पंजीकरण प्रक्रिया से जुड़े अन्य लोगों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अधिवक्ताओं ने आशंका जताई कि इससे भूमि एवं संपत्ति संबंधी विवादों में वृद्धि हो सकती है तथा आम जनता को कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

ज्ञापन सौंपने वालों ने सरकार से मांग की कि जनहित, किसान हित एवं रोजगार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ई-रजिस्ट्री व्यवस्था को तत्काल वापस लिया जाए तथा वर्तमान सुरक्षित एवं पारदर्शी पंजीकरण व्यवस्था को यथावत रखा जाए।

इस अवसर पर अधिवक्ता संघ एवं दस्तावेज लेखक एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओ से जनता को समझाया।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। केन्द्र सरकार के 12 साल ह्यह्यविश्वास के, विकास के, जनकल्याण केह्यह्य, थीम पर एक भव्य गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड परिसर फिरोजाबाद में किया गया, कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया, इस अवसर पर विधायक सदर मनीष असीजा, महापौर कामिनी राठौर, जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव की उपस्थिति रहीं मंच पर इनके साथ खण्ड विकास अधिकारी नवीन कुमार और अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।




कार्यक्रम के दौरान केन्द्र और राज्य सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, विकास खण्ड परिसर में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा भव्य स्टॉल लगाए गए, जहां आम जनता को योजनाओं की बारिकियां समझाई गयी, इन स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों को पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत और उज्जवला योजना जैसी अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर सीधे लाभान्वित करने की प्रक्रिया को सुलभ बनाया गया, साथ ही साथ ह्यह्यआपका सुझाव लाएगा बदलावह्यह्य अभियान के तहत जनता और प्रबुद्ध नागरिकों से उनके सुझाव भी लिए गए।

इस अवसर पर सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि ह्यह्यकेन्द्र सरकार के यह 12 वर्ष सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक दृश्य से भारत का स्वर्णिम काल रहा है, इस दौरान जनता को उनकी मूलभूत आवश्यकताओं जैसे आवास, शौचालय, खाद्यान्न की उपलब्धता कराकर उनके जीवन को प्रकाशित किया गया, आज मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सम्पूर्ण विश्व में भारत की संस्कृति का जो जयघोष हुआ है, उसका प्रभाव अति भौतिकता वाद में डूबे पश्चिमी राष्ट्रों पर भी पड़ा है, आज भारतीय परम्परा की देन ह्यह्ययोगह्यह्य को सम्पूर्ण विश्व अपने जीवन का एक अविभिन्न अंग बनाकर अपने को कृतार्थ कर रहा है। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भी देश के जयघोष के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है।ह्यह्य जनपद फिरोजाबाद के वासी भी मा0 प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी के इस विजन में अपने सम्पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहें है। इस अवसर पर मेयर कामिनी राठौर और भाजपा जिलाध्यक्ष ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए।

# मेडिकल के नाम पर तीमारदार से फार्मासिस्ट ने लिए 5 हजार रुपए।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में सोमवार रात मेडिकल कराने आई महिला और उसकी पुत्रवधू से ड्यूटी पर तैनात फार्मासिस्ट ने पांच हजार रुपये ले लिए। पीड़िता के बेटे ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित आलाधिकारियों से शिकायत की तो फार्मासिस्ट ने रुपये वापस कर दिए। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। सीएमएस मामले की जांच कर रहे हैं।



लाइनपार थाना क्षेत्र के रामनगर छारबाग निवासी भूदेवी पत्नी लटूरी सिंह और उसकी पत्नी मालती देवी पत्नी दीपक का सोमवार रात पड़ोसियों से विवाद हो गया था। पड़ोसियों ने महिला, उसकी पुत्रवधू को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। पुलिस उन्हें ट्रामा सेंटर में मेडिकल कराने के लिए लाई थी। ड्यूटी पर तैनात फार्मासिस्ट अजय राठौर ने मेडिकल कराने के नाम पर दीपक से आठ हजार रुपये मांगे थे परंतु पांच हजार ले लिया। जबकि मेडिकल रिपोर्ट सामान्य बना दी। जब इस बात की भनक दीपक को लगी तो उसने रात में ही उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, डीएम और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य से शिकायत कर दी, तो कर्मचारियों में खलबली मच गई। इसके बाद फार्मासिस्ट ने रुपये वापस कर दिए। इस दौरान शिकायतकर्ता ने अपने फोन से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जो मंगलवार को चिकित्सकों और कर्मचारियों में चर्चा का विषय बना रहा। इस मामले में सीएमएस डॉ. नवीन जैन का कहना है, कि मेडिकल कराने के नाम पर किसी को रुपये देना गलत है। अगर फार्मासिस्ट द्वारा रुपयों की मांग की जा रही थी तो सबसे पहले अधिकारियों से शिकायत की जानी थी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# रटौल के फैज महमूद बने उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव

## संगठन को मजबूत करने को मिली जिम्मेदारी, नियुक्ति पर बधाइयों का तांता

**समाज जागरण**

चांदीनगर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए बड़ा फेरबदल किया है। इसके तहत रटौल निवासी फैज महमूद को उत्तर प्रदेश भारतीय युवा कांग्रेस का नया प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की खबर आते ही कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गई और समर्थकों ने बधाइयां दीं। यह नियुक्ति युवा कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा आगामी चुनावों और राज्य में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। फैज महमूद पर अब उत्तर प्रदेश के युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का मुख्य जिम्मा रहेगा। नियुक्ति पर



आभार जताते हुए फैज महमूद ने कहा, "कांग्रेस आलाकमान और युवा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मेरी प्राथमिकता यूपी के कोने-कोने में युवा कांग्रेस की आवाज मजबूत करना और युवाओं के हक की लड़ाई लड़ना है।" इससे पहले फैज महमूद को युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया विस्तार के लिए उत्तराखंड के कई जिलों का प्रभारी भी बनाया जा चुका है। वहां उनके काम की सराहना हुई थी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि फैज महमूद की संगठनात्मक क्षमता और युवाओं के बीच पकड़ से उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के युवा विंग को नई ऊर्जा मिलेगी। संगठन को ग्रासरूट तक मजबूत करने में उनकी नियुक्ति अहम मानी जा रही है। इस मौके पर बदर महमूद, जावेद जुगनू, डॉक्टर मुस्तफा, नवाब, अवेश खान, अय्यूब, महबूब सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। सभी ने फैज को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

# महिला ने बिजली कर्मी पर छेड़छाड़ का आरोप, सीएम पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत

## कनेक्शन काटने की धमकी देने का भी लगाया आरोप, चेयरमैन से लगाई न्याय की गुहार

**समाज जागरण**

चांदीनगर। रटौल में एक महिला ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि घर में अकेली होने का फायदा उठाकर बिजली कर्मचारियों ने उसके साथ छेड़छाड़ की और कनेक्शन काटने की धमकी भी दी। महिला ने रटौल पुलिस चौकी पर तहरीर देने के साथ-साथ नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी मुंतजिर को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। रटौल निवासी पीड़ित महिला के



अनुसार 6 जून को सुबह वह घर पर अकेली थी और स्नान कर रही थी। तभी रटौल बिजली घर पर तैनात जेई संदीप यादव और दो लाइनमैन उसके घर पहुंचे। पड़ोस की ओर से दो लाइनमैन घर में घुस आए। महिला को अकेला देख उन्होंने कनेक्शन काटने की धमकी दी। विरोध करने पर उसके साथ छेड़छाड़ की गई और गलत तरीके से छुआ गया। महिला ने घटना की जानकारी पति को दी। इसके बाद उसने जेई और दो लाइनमैन के खिलाफ रटौल पुलिस चौकी पर तहरीर दी। मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। मंगलवार को नगर पंचायत में लोगों की शिकायत सुन रहे अध्यक्ष हाजी मुंतजिर को महिला ने पत्र सौंपा। उसने बताया कि वह समय से बिजली का बिल जमा करती है और कोई बकाया भी नहीं है। इसके बावजूद उसके साथ छेड़छाड़ हुई है। पीड़िता ने न्याय दिलाने की मांग की। उधर जेई संदीप यादव ने आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि वह विजिलेंस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी मुंतजिर ने कहा कि महिला के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जेई और लाइनमैनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए आला अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

# खिदमत फाउंडेशन के शिविर में 115 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**समाज जागरण बागपत।**

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर बड़ौत में मानवता, भाईचारे और सामाजिक एकता की एक प्रेरणा दायक मिसाल देखने को मिली। खिदमत फाउंडेशन बड़ौत द्वारा आयोजित दूसरे विशाल रक्तदान शिविर में विभिन्न समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन बचाने का संकल्प लिया। शिविर में कुल 115 रक्तवीरों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद आजाद चौधरी ने की। शिविर में युवाओं, बुजुर्गों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। रक्तदाताओं के चेहरे पर यह संतोष साफ दिखाई दे रहा था कि उनके इस छोटे से प्रयास से किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। शिविर के दौरान हिंदू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे का ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया। सभी धर्मों और वर्गों के लोग एक मंच पर आए और इंसानियत की सेवा को सर्वोपरि बताते हुए रक्तदान किया। आयोजकों ने कहा कि रक्त का कोई धर्म, जाति या मजहब नहीं होता, यह केवल जीवन बचाने का माध्यम है और यही संदेश इस शिविर के माध्यम से समाज तक पहुंचाया गया। खिदमत फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय है और जरूरतमंदों की सहायता के लिए लगातार कार्य कर रही है।




रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों में रक्त की कमी को दूर करना तथा लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना रहा। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई लोगों के जीवन को बचाने में सहायक साबित हो सकता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर एडवोकेट आकिब चौधरी, हाजी जमीरुद्दीन, मैनुद्दीन अब्बासी, इस्लामुद्दीन अब्बासी, इमरान मेंबर, जावेद प्रधान, डॉ. शालीन चौधरी, राज कुमार, अनिल कुमार, अनीश कुरैशी, मोहसिन, सादाब खान, रिजवान खान, शहजाद, उम्मीद पहलवान, डॉ. गफ़्फ़ार, साहिल मलिक, सुहैल मलिक, समीर मलिक सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है। खिदमत फाउंडेशन बड़ौत का यह आयोजन न केवल रक्तदान के महत्व को उजागर करता है, बल्कि सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और मानव सेवा के प्रति लोगों की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

विश्व रक्तदान दिवस पर आयोजित यह विशाल शिविर बड़ौत क्षेत्र में मानवता की सेवा का एक यादगार अध्याय बन गया, जिसने यह साबित कर दिया कि जब समाज एकजुट होकर किसी नेक कार्य के लिए आगे बढ़ता है तो बदलाव की नई मिसाल कायम होती है।

# टीएमयू 12बी की मान्यता में यूपी की उत्कृष्ट छह यूनिवर्सिटीज में शामिल

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान साबित कर दिखाया है। टीएमयू यूपी की प्राइवेट यूनिवर्सिटीज में यूजीसी के सख्त मानकों पर खरा उतरा है। नैक की मानिंद यूजीसी से 12बी की मान्यता किसी भी यूनिवर्सिटी के लिए कठोरतम परीक्षा से कमतर नहीं होती है। यूजीसी ने हालिया स्वीकार किया है, यूपी की 53 प्राइवेट यूनिवर्सिटीज में से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी समेत केवल छह यूनिवर्सिटीज के पास ही 12बी की मान्यता है। किसी भी उच्च शैक्षणिक संस्थान को यह मान्यता मिलने से पूर्व यूजीसी अधिनियम की धारा 2(एफ) के तहत मान्यता प्राप्त होनी चाहिए। इसकी कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही 12बी की मान्यता के लिए मार्ग प्रशस्त होता है। दरअसल 12-बी किसी भी यूनिवर्सिटी के लिए एक तरह का स्टेटस होता है। 12-बी की मान्यता मिलने के बाद केंद्रीय वित्तीय अनुदान का रास्ता साफ हो जाता है। शोध परियोजना, केंद्रीय प्रोजेक्ट्स और केंद्रीय अनुदान का सीधा लाभ स्टुडेंट्स को उच्च शिक्षा के लिए मिलता है। इस मान्यता के बाद प्रत्यायन और रैंकिंग प्रक्रियाओं के प्रदर्शन में भी अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीएमयू को 2021 में 12बी की मान्यता मिली थी। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने कहा था, हमारी यूनिवर्सिटी को 12-बी का दर्जा मिलना बड़े सपनों के साकार होने जैसा है। टीएमयू के






एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और जीवीसी श्री मनीष जैन की दूरदृष्टि, डायनामिक लीडरशिप, उच्च स्तरीय शोध और स्टार्टअप्स के प्रति समर्पण आदि का प्रतिफल ही 12बी है। उत्तर प्रदेश की शेष यूनिवर्सिटीज ने तो इस दर्जे के लिए आवेदन तक नहीं किया है, अलबत्ता 12बी के लिए सात यूनिवर्सिटीज के आवेदन वर्तमान में यूजीसी के पास लंबित हैं। इस दर्जे के बिना कोई भी यूनिवर्सिटी अनुसंधान परियोजनाओं, प्रयोग शालाओं, पुस्तकालयों, छात्रावासों और अन्य विकास गतिविधियों के लिए केंद्रीय सहायता प्राप्त नहीं कर सकते हैं। उच्च शिक्षा के एक्सपर्ट्स मानते हैं, यह मान्यता छात्रों और शिक्षकों के लिए वरदान सरीखी है। किसी भी यूनिवर्सिटी को यूजीसी अधिनियम की धारा 2(एफ) के तहत मान्यता के बाद पर्याप्त शैक्षणिक अवसंरचना, योग्य संकाय, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और दीगर सुविधाएं प्रदर्शित करनी होंगी। अंतिम निर्णय लेने से पहले यूजीसी की ओर से नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति परिसर का निरीक्षण करती है। यदि यूजीसी के मानकों पर यूनिवर्सिटी खरी उतरती है तो उसे 12बी का दर्जा दे दिया जाता है। उल्लेखनीय है, यूपी की इन 53 प्राइवेट यूनिवर्सिटीज में करीब 2.9 लाख छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। 2008 में जैन अल्पसंख्यक श्रेणी में यूपी के मुरादाबाद में स्थापित टीएमयू में अमूमन देश के सभी सूबों से स्टुडेंट्स अध्ययनरत हैं। इसका इंफ्रास्ट्रक्चर वैश्विक उच्च संस्थानों के मानिंद है। टीएमयू की फैकल्टी और गेस्ट फैकल्टी उच्च शिक्षित और अनुभवी है।

# आरबीएसके की पहल से नन्ही आशी के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**समाज जागरण बागपत।**

सरकारी स्वास्थ्य योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के लिए किस तरह उम्मीद की किरण बन रही हैं, इसका प्रेरणादायक उदाहरण खेकड़ा क्षेत्र में देखने को मिला। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की सक्रिय पहल से जन्म से कटे होंठ और तालू की समस्या से जूझ रही नन्ही बच्ची आशी के चेहरे पर अब मुस्कान लौट आई है। सफल उपचार के बाद परिवार ने राहत की सांस ली है और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार जताया है। नगर पालिका खेकड़ा निवासी सीमा, जो सेना में लेह-लद्दाख कारगिल क्षेत्र में तैनात जवान शुभम तेवतिया की पत्नी हैं, ने 1 जनवरी 2026 को एक बेटी को जन्म दिया। जन्म के समय बच्ची के होंठ कटे होने के कारण परिवार काफी चिंतित हो गया। सूचना मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेकड़ा की आरबीएसके टीम तत्काल परिवार के घर पहुंची। टीम में शामिल डॉ दीप्ति चौधरी, फिजियोथेरेपिस्ट पंकज जोशी और स्टाफ नर्स संदीप



संधु ने नवजात की जांच की। जांच में पता चला कि बच्ची का होंठ ही नहीं बल्कि तालू भी कटा हुआ है। टीम ने परिजनों को बीमारी और उपचार की पूरी जानकारी देकर बच्ची को आनंद अस्पताल मेरठ रेफर किया। 9 जनवरी को मेरठ के आनंद अस्पताल में बच्ची का पंजीकरण आशी नाम से किया गया। विशेषज्ञों की जांच के बाद 9 जून को ऑपरेशन की तिथि निर्धारित हुई। खेकड़ा ब्लॉक के आरबीएसके नोडल अधिकारी डॉ दीपक धामा ने बताया कि तय तिथि पर बच्ची के कटे होंठ का सफल ऑपरेशन कर दिया गया है। अब बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है और उसके चेहरे की मुस्कान वापस लौट आई है। दो माह बाद उसके तालू का भी ऑपरेशन किया जाएगा। परिवार ने इस मदद के लिए प्रदेश सरकार, डीएम अस्मिता लाल, सीएमओ डा तीरथलाल, नोडल अधिकारी डा मुकेश कुमार, डीईआईसी मैनेजर डा अनुज गेरा, सीएचसी अधीक्षक डा ताहिर के अलावा खेकड़ा की आरबीएसके टीम के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उनकी बेटी को नई जिंदगी देने का काम किया है।

# रोटरी इंटरनेशनल की बड़ौत शाखा का धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

**समाज जागरण बागपत।**

रोटरी इंटरनेशनल की बड़ौत शाखा का 52वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन बड़ौत के शगुन फार्म हाउस में किया गया। आयोजन में रोटरी क्लब बड़ौत परिवार के बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन



करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में वर्ष 2025 - 2026 के अध्यक्ष रहे गौरव चौधरी ने 2026-27 के अध्यक्ष को कॉलर पहनाकर नए अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। समारोह में गौरव चौधरी, अखिल जैन, अमित आनंद, आकाशदीप, जितेंद्र जैन, वीरेंद्र जैन, नवीन जैन, संजीव जैन, पिंटू खोखर, सुभाष जैन, प्रभात कुमार जैन, मीता अरोड़ा, नव्या जैन, प्रियांशी जैन शामिल रहे।

# बगीची मंदिर में पूजा अर्चना के लिए उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

**समाज जागरण बागपत।**

प्राचीन शिव शक्ति सिद्ध पीठ लंगड़े बाबा की बगीची माता कॉलोनी बागपत में पुरुषोत्तम मास में चल रहे दशमहाविद्या एवं विष्णु महायज्ञ के 31वें दिन भी श्रद्धालुओ की जबरदस्त भीड़ उमड़ी और उन्होंने विधि- विधान के साथ पूजा अर्चना की। परम पूज्य गुरुदेव आचार्य मनोज जोशी जी के सानिध्य में समस्त वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा जनकल्याण के लिए दशमहाविद्या व भगवान विष्णु



एवं समस्त देवी देवताओं का पूजन अनुष्ठान किया गया।जिसमें आज के मुख्य यजमान संजय प्रजापति मनोज गोयल नरेश गुप्ता अनिल बंसल जगदीश प्रजापति नरेंद्र गुर्जर रहे। यज्ञ का संचालन पंडित आचार्य सोमदत्त शास्त्री व मठाधीश प्रशांत भारद्वाज द्वारा किया गया। शाम के समय में परम पूज्य गुरुदेव आचार्य मनोज जोशी जी के मुखारविंद से पुरुषोत्तम मास का महत्व व दशमहाविधाओं के बारे में विस्तार से भक्तों को बताया गया। इस मौके पर यश शर्मा बॉबी चौहान मोंटी चौहान सभासद संजय रोहिल्ला सभासद अरविंद गोयल अनिल यादव विक्की यादव बिन्नू लाल गजेंद्र पार्टी प्रदीप उपाध्याय मास्टर अनिल उपाध्याय पवन उपाध्याय राजीव गुप्ता रवि कश्यप सभासद व समस्त माता कॉलोनी तथा समस्त क्षेत्रवासी व भक्तजन उपस्थित रहे।

# बिना युद्ध के भी वर्षों से युद्ध जैसी स्थिति, पेट्रोल-डीजल के टैक्स में सरकार की कुनिति

* भाव कम बढ़े क्योंकि आपने पहले से ही बढ़ाकर रखे थे।
* ₹1 लाख करोड़ छोड़ दिए, तो पिछले दशक में कितने लाख करोड़ कमाए?
* बिना युद्ध के भी देश में युद्ध जैसी टैक्स व्यवस्था लागू रही।
* हर तरह से आय बढ़ाई, फिर भी सरकारी कर्ज लगातार क्यों बढ़ा?
* जिस पेट्रोल-डीजल को हम दूसरे देशों को बेचते हैं, वह वहां सस्ता और अपने लोगों को महंगा क्यों?
* पिछले दशक से पेट्रोल-डीजल के टैक्स में "खोदा पहाड़, निकला खजाना सरकार का" जैसी नीति।

**प्रतिक संघवी राजकोट गुजरात**

मित्रों, आज कदम-कदम पर पेट्रोल, डीजल और गैस के बढ़ते दामों का बोझ आम जनता उठा रही है। इसके पीछे अक्सर युद्ध, अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां और वैश्विक संकटों का हवाला दिया जाता है। वहीं सरकार और उसका समर्थन करने वाला बड़ा मीडिया वर्ग भी इस नीति को सही ठहराने में कोई कसर नहीं छोड़ता। लेकिन कुछ सवाल ऐसे हैं जिनके जवाब खुद सरकार के आंकड़े ही दे देते हैं। ले लेकिन पहले सरल भाषा में यह समझ लो के कोई भी चीज के दाम उसके मूल भाव + खर्च + मजूरी+ प्रॉफिट + टैक्स होकर पाया जाता हे। और पेट्रोल डीजल के भाव में सरकार ने टैक्स ही ऐसा लगा रखा हे कि युद्ध की स्थिति में भाव बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ी लेकिन अपना मुनाफा यानी कि टेक्स कम करते गए। आज यह हम विस्तार से जानेंगे।हाल ही में वित्त मंत्री Nirmala Sitharaman ने कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती करके लगभग ड्ड1 लाख करोड़ की आय का त्याग किया और जनता को राहत दी। सरकार इसे एक बड़ी आर्थिक सहायता के रूप में प्रस्तुत करती है। लेकिन वास्तविकता यह भी है कि जब कच्चे तेल (Crude Oil) के अंतरराष्ट्रीय भाव ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर थे, तब जनता को ₹55-60 प्रति लीटर के आसपास पेट्रोल-डीजल मिलना चाहिए था। ऐसा नहीं हुआ। इसके बजाय भारी कर वसूले गए और हजारों-लाखों करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय सरकार के खजाने में गई। ऐसे में स्वाभाविक रूप से सवाल उठता है कि आखिर यह पैसा कहां गया और किसके हित में उपयोग हुआ? यदि पिछले दशक के आंकड़ों को निष्पक्ष रूप से देखा जाए तो एक बड़ा प्रश्न सामने आता है – क्या सरकार द्वारा बताई जाने वाली यह "राहत" वास्तव में उतनी बड़ी है जितनी दिखाई जाती है, या फिर यह उसी जनता के पैसे का एक छोटा हिस्सा है जिससे वर्षों तक असाधारण कर वसूला गया? भारत में पेट्रोल और डीजल केवल ईंधन नहीं हैं। वे देश की पूरी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ट्रक, बसें, कृषि पंप, टैक्सी, ऑटो, उद्योग, डिलीवरी नेटवर्क और खाद्य पदार्थों का परिवहन – सब कुछ इन पर निर्भर है। इसलिए ईंधन महंगा होता है तो लगभग हर वस्तु महंगी हो जाती है। भारत और पड़ोसी देशों में कर का तुलनात्मक बोझ ए आई की मदद से हमे यह जानना हो कि किस देश की सरकार ने पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कितना कर जोड़ा, तो पंप मूल्य में करों की हिस्सेदारी देखनी होगी ।2015 से 2025 तक के अनुमानित आंकड़ों के अनुसार पेट्रोल-डीजल के खुदरा मूल्य में करों की हिस्सेदारी निम्न प्रकार रही:

जहां हमारे पड़ोसी देश जो हमसे ईंधन खरीदते हे। वह वहां के लोगों को टैक्स कम लेकर हमारे देश से भी कम दामों में पेट्रोल डीजल अपने नागरिकों को दे रहे हे जो इस तालिका से स्पष्ट दिखाई देता है और वर्ष 2015 से 2025 तक भारत में पेट्रोल-डीजल पर करों का भार पड़ोसी देशों की तुलना में लगातार अधिक रहा है।कुछ देश ऐसे भी हैं जो भारत से पेट्रोलियम उत्पाद खरीदते हैं, फिर भी वहां करों की हिस्सेदारी भारत से कम दिखाई देती है।यह भी साफ दिखता है कि आज यदि कई देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हैं, तो उसका एक कारण यह है कि उन्होंने हाल के वर्षों में कर बढ़ाए हैं। जबकि भारत में जिस स्तर का कर आज अन्य देश लगाने लगे हैं, उस स्तर का कर भारत की जनता वर्षों से चुकाती आ रही है। पाकिस्तान, श्रीलंका और भूटान जैसे देशों में भी पिछले दशक के दौरान करों की हिस्सेदारी भारत से कम रही है।सबसे महत्वपूर्ण वर्ष 2020 था। कोरोना महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम ऐतिहासिक रूप से गिर गए थे। कुछ समय के लिए तो वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतें लगभग शून्य के आसपास पहुंच गई थीं।ऐसी स्थिति में सामान्य रूप से जनता को सस्ता पेट्रोल-डीजल मिलना चाहिए था। लेकिन भारत में इसका उल्टा हुआ। अंतरराष्ट्रीय कीमतें गिरने के बावजूद एक्साइज ड्यूटी और सेस बढ़ाए गए। परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं को उस गिरावट का पूरा लाभ नहीं मिला। 2020 में पेट्रोल-डीजल के कुल मूल्य में करों की हिस्सेदारी लगभग 65-69% तक पहुंच गई थी। अर्थात यदि कोई ग्राहक ₹100 का ईंधन खरीद रहा था, तो उसमें लगभग ₹65 से ₹69 सीधे कर के रूप में सरकार के पास जा रहे थे। यही कारण है कि आज युद्ध जैसी परिस्थितियों के बावजूद भारत में कीमतों में अपेक्षाकृत कम वृद्धि दिखाई देती है। क्योंकि सरकार पहले से ही कई वर्षों से युद्धकाल जैसी कर व्यवस्था लागू किए हुए थी। क्या पिछले 6-7 वर्षों में जनता से लगभग दोगुना कर वसूला गया!? कई अर्थशास्त्रियों का मानना है कि 2014 से पहले पेट्रोल-डीजल पर करों की हिस्सेदारी सामान्यतः 25-35% के बीच रहती थी। लेकिन बाद के वर्षों में यह लगातार 50% से अधिक रही और कुछ समय तो 70% के आसपास पहुंच गई।सरल भाषा में कहें तो जनता से पहले की तुलना में कहीं अधिक कर वसूला गया और आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाला गया। इसलिए सवाल केवल इतना नहीं है कि सरकार ने ₹1 लाख करोड़ छोड़े। बड़ा सवाल यह है कि पिछले दशक में पेट्रोल-डीजल से सरकार को कुल कितनी अतिरिक्त आय प्राप्त हुई?

ऊंचे ईंधन कर का असर किस पर पड़ता है? आज भी कुछ लोग यह मानते हैं कि पेट्रोल या डीजल ₹8-10 महंगा हो जाए तो उससे कोई बड़ा फर्क नहीं पड़ता। लेकिन वास्तविकता यह है कि इसका सबसे अधिक प्रभाव गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है। क्योंकि: * ट्रक भाड़ा बढ़ता है। * कृषि लागत बढ़ती है। * दूध, सब्जियां और अनाज महंगे होते हैं। * ऑनलाइन डिलीवरी महंगी होती है। * छोटे व्यापारियों का लाभ घटता है।

* बस और सार्वजनिक परिवहन महंगा होता है। * उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ती है। इस प्रकार ईंधन पर लगाया गया कर पूरी अर्थव्यवस्था में महंगाई का प्रमुख कारण बन जाता है। बिना युद्ध के भी युद्ध जैसा कर? सामान्यतः दुनिया के अधिकांश देशों में इतना भारी कर

केवल युद्ध, आर्थिक आपदा या गंभीर वित्तीय संकट की स्थिति में लगाया जाता है, जब सरकार को अतिरिक्त राजस्व की आवश्यकता होती है।लेकिन भारत में कई आलोचकों का आरोप है कि पिछले कई वर्षों से बिना किसी युद्ध जैसी स्थिति के भी जनता पर भारी ईंधन कर लगाया गया।विशेष रूप से तब, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम थीं, तब भी उसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाया गया। सबसे बड़ा सवाल अभी भी बाकी है आज सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि सरकार ने ₹1 लाख करोड़ छोड़े या नहीं।सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि पिछले 10 वर्षों में जनता ने पेट्रोल-डीजल पर कुल कितने लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त कर के रूप में चुकाए? और यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम थीं, तो उसका पूरा लाभ जनता को क्यों नहीं मिला? आखिर वह अतिरिक्त कर राशि कहां गई? पिछले दशक में कर बढ़े, जुमार्ने बढ़े, राजस्व बढ़ा, सरकारी संपत्तियों का हस्तांतरण हुआ, बहुमूल्य सरकारी जमीनें दी गईं, कर संग्रह बढ़ा, शेयर बाजार से प्राप्त आय भी बढ़ी – फिर भी देश का कुल सरकारी कर्ज कई गुना बढ़ गया। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि यदि आय के लगभग सभी स्रोत बढ़े, तो फिर कर्ज भी इतनी तेजी से क्यों बढ़ा? इसी बीच सरकार, उसके मंत्री, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग लगातार यह साबित करने में लगा है कि यह सब आवश्यक था और इसके बिना देश नहीं चल सकता था। लेकिन अंततः राजनीति नहीं, आंकड़े बोलते हैं।और आंकड़े अक्सर वे राज खोल देते हैं जिन्हें भाषण छिपाने की कोशिश करते हैं। आखिर में,तो आंकड़े बोलते हे। और वहीं सही राज खोलते हे।

# बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2026: अलीगढ़-मथुरा के टॉपर्स को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने दी बधाई

**समाज जागरण लखनऊ/अलीगढ़/मथुरा, 16 जून 2026**

उत्तर प्रदेश संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को और विशेष रूप से अलीगढ़ और मथुरा जिले के मेधावी छात्रों को प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), अलीगढ़ की अतरौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मथुरा के प्रभारी मंत्री संदीप सिंह ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि अलीगढ़ की वन्दना सिंह ने 359.329 अंक प्राप्त कर विज्ञान वर्ग से प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं अलीगढ़ के ही नितिन पचौरी 352.661 अंकों के साथ प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहे। इसके साथ ही मथुरा जिले के अबुबकर ने कला वर्ग से 338.659 अंक प्राप्त कर प्रदेश में छठा स्थान अर्जित किया है। मंत्री संदीप सिंह ने तीनों टॉपर्स की उपलब्धि को अलीगढ़ और मथुरा जनपद के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि वन्दना सिंह की सफलता ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की जीवंत मिसाल है। उन्होंने कहा कि नितिन पचौरी और अबुबकर की उपलब्धि भी हजारों युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी। उन्होंने मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके माता-पिता एवं गुरुजनों को भी बधाई दी।

# एलम नगर पंचायत के ईओ पर पद के दुरुपयोग करने का आरोप, डीएम को शिकायत

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) कस्बा एलम के कुछ ग्रामीणों एवं खादी ग्राम उद्योग सेवा समिति के पदाधिकारियों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर नगर पंचायत एलम के ईओ पर पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। मंगलवार को डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि कुछ भूमि खादी ग्राम उद्योग सेवा समिति एलम के नाम क्रय की गई है तथा यह भूमि नगर पंचायत एलम की सीमा क्षेत्र से बाहर स्थित है। आरोप है कि नगर पंचायत प्रशासन उक्त भूमि पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य कराना चाहता है। इस संबंध में पूर्व में एसडीएम, थाना कांधला, एडीएम समेत अन्य अधिकारियों को भी शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष एवं ईओ की मिलीभगत से उक्त भूमि पर कब्जा स्थापित करने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर थाना कांधला में मुकदमा अंतर्गत दर्ज करा दिया गया। शिकायतकताओं का कहना है कि मुकदमे में मारपीट और चोट पहुंचाने के आरोप लगाए गए हैं, जबकि ऐसी कोई घटना नहीं हुई और न ही किसी को चोट आई है। ग्रामीणों ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है।

# खरीदी गई भूमि का किसी ओर के नाम दोबारा बैनामा करने का आरोप

**समाज जागरण**



शामली। (फुरकान जंग) थाना थानाभवन क्षेत्र के गांव हींड निवासी एक व्यक्ति ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर उसकी पत्नी द्वारा खरीदी गई भूमि पर कब्जा न मिलने तथा विक्रेता द्वारा कथित रूप से दोबारा बिक्री कर धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बार बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्यवाही न करने पर आत्मदाह की चेतावनी दी है। क्षेत्र के गांव हींड निवासी इरफान पुत्र युसूफ ने डीएम आलोक यादव को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पत्नी रिहाना खातून ने गांव निवासी हमीमरूल्ला पुत्र ताहिर से 139.39 वर्गमीटर भूमि का बैनामा 3 फरवरी 2024 तथा 8.36 वर्गमीटर भूमि का बैनामा 17 अगस्त 2024 को पूर्ण भुगतान के साथ कराया था। बैनामे के समय विक्रेता ने भूमि पर चेरी की फसल खड़ी होने का हवाला देते हुए फसल कटने के बाद कब्जा दिलाने का आश्वासन दिया था। आरोप है कि कुछ माह बाद उसी भूमि को हमीमरूल्ला ने कथित रूप से रियाजुद्दीन पुत्र इस्लाम के नाम बेच दिया और उसका कब्जा भी करा दिया। इरफान का आरोप है कि जब उसने और उसकी पत्नी ने भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग की तो आरोपियों ने इंकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपी पक्ष गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाता है तथा जान से मारने की धमकी भी देता है। पीड़ित ने बताया कि मामले की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है और प्रकरण की जांच एसपी कार्यालय स्तर पर भी चल रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कार्यवाही न करने पर आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

# योग शिविर में कराया योग एवं प्राणायाम का अभ्यास

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग)अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अवसर पर मंगलवार प्रातः वीवी इंटर कॉलेज में पतंजलि परिवार, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि सेवा समिति के तत्वावधान में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग साधकों, महिलाओं, बच्चों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक चले योग सत्र में विभिन्न योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में करण सिंह ने प्राणायाम का अभ्यास कराया, जबकि कुमुद शर्मा ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया। अनुज खंडे लवाल ने विभिन्न यौगिक क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया। दिव्य योग संस्थान के प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं तथा हास्य आसन का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी भरत शर्मा, जयप्रकाश छाबड़ा, गौरव मित्तल, नूर मोहम्मद, अमित कुमार, मुकेश वर्मा, मूर्ति देवी, रुद्र, नित्या सहित अनेक योग साधक एवं साधिकाएं उपस्थित रहीं।

# जनकल्याण शिविर में पहुंचे भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह, गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



कस्बे के विकासखंड परिसर में मंगलवार को केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। कार्यक्रम में कई विभाग के कर्मचारी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते 12 वर्षों में देश के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्यघर योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं और व्यापारी वर्ग भी बिना किसी भय के अपने व्यापार को आगे बढ़ा रहा है। सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को गति दे रही है।इस दौरान आयोजित जनकल्याण शिविर में नगर एवं क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं। कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि अन्य समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। इस दौरान उपयुक्त रितिका गुप्ता, परियोजना अधिकारी आरपी वर्मा, आपूर्ति निरीक्षक सौदान सिंह, बीडीओ वेद प्रकाश द्विवेदी सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव कुमार प्रधान राजपाल सिंह, संदीप पवार, रणवीर सिंह,सहित भाजपा कार्यकर्ता, व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक भाजपा नेता नरेश सैनी को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता और हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल माने जाने वाले नरेश चंद्र सैनी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नगर एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम दर्शन और विदाई देने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी नरेश चंद्र सैनी लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा से जुड़े हुए थे। वह बिना किसी जाति और धर्म के भेदभाव के लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते थे। यही कारण रहा कि उनके निधन पर हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।कस्बावासियों के अनुसार नरेश सैनी वर्ष 2001 से लगातार नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ते रहे। कई बार बेहद कम मतों के अंतर से हार का सामना करने के बावजूद उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी और लगातार जनसेवा में सक्रिय रहे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में कभी धर्म और जाति की राजनीति नहीं की, बल्कि समाज को जोड़ने का कार्य किया।मंगलवार को उनके अंतिम संस्कार में क्षेत्र की कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों और सैकड़ों लोगों ने शिरकत कर नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। उनके निधन से नगर ने एक ऐसे समाजसेवी और जनप्रिय नेता को खो दिया, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।

# अमिताभ ठाकुर की सुरक्षा को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) आजाद अधिकार सेना के पदाधिकारियों ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर को संभावित सुरक्षा जोखिमों के मद्देनजर उच्च श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर भारत सरकार के गृह मंत्रालय के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। मंगलवार को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि अमिताभ ठाकुर लंबे समय से भ्रष्टाचार, माफिया तंत्र, प्रशासनिक अनियमितताओं तथा जनविरोधी गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। साथ ही वह आम नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत हैं। संगठन का कहना है कि जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाने के कारण अनेक प्रभावशाली एवं असामाजिक तत्वों के हित प्रभावित होते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं बनी हुई हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि अमिताभ ठाकुर का तत्काल उच्च स्तरीय खतरा मूल्यांकन कराया जाए तथा परिस्थितियों की गंभीरता को देखते हुए उन्हें उपयुक्त श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही सुरक्षा स्वीकृत होने तक अंतरिम व्यवस्था के रूप में सशस्त्र सुरक्षा कर्मी और एस्कॉर्ट सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा संगठन ने उनके आवास, कार्यालय और सार्वजनिक कार्यक्रम स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, विभिन्न राज्यों में भ्रमण के दौरान आवश्यक सुरक्षा प्रबंध उपलब्ध कराने, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से मिलने वाली संभावित धमकियों की जांच कराने तथा उनके कार्यक्रमों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की भी मांग उठाई। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव विनोद कुमार गौत्रा, जिलाध्यक्ष ओमबीर कश्यप, जिला महासचिव यूनिस, अंकित कुमार, मंत्री मुकेश कुमार मौजूद रहे।

# किसान ने लगाया दबंगों पर खेत में लगे पौधों को तोड़ने का आरोप

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव काबड़ौत में एक किसान ने दबंगों पर उसके खेत में लगे पॉपलर के पौधे तोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है। गांव काबड़ौत निवासी किसान जोगेंद्र ने बताया कि पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उसने लगभग एक वर्ष पूर्व अपने खेत में पॉपलर के पौधे लगाए थे। आरोप है कि करीब



पांच दिन पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति ने उसके खेत में पहुंचकर कई पॉपलर के पौधों को तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही किसान ने डायल-112 पर सूचना दी और संबंधित पुलिस चौकी में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर भी दी। पीड़ित का आरोप है कि तहरीर दिए जाने के बावजूद अब तक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। किसान का कहना है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और इससे पहले भी पिछले वर्ष उसके खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ तोड़ चुके हैं। पीडित ने कोतवाली प्रभारी से मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में वकीलों ने किया न्यायिक कार्यों का बहिष्कार

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में मंगलवार को जनपद के वकीलों, डीड राइटर्स और स्टाम्प वेंडरों ने संयुक्त रूप से न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करते हुए उपनिबंधक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी प्रकार के रजिस्ट्री संबंधी कार्य पूरी तरह ठप रहे। वकीलों ने आरोप लगाया कि ई-रजिस्ट्री व्यवस्था लागू होने से वकीलों, दस्तावेज लेखकों तथा स्टाम्प विक्रेताओं के कार्य प्रभावित होंगे। विरोध स्वरूप सभी वकील न्यायिक कार्यों से विरत रहे तथा उपनिबंधक कार्यालय में होने वाले विभिन्न कार्यों का बहिष्कार किया गया। साथ ही बैनामा लेखन का कार्य भी पूर्ण रूप से बंद रखा गया। उन्होने प्रदेश सरकार से मांग की कि पेपरलेस ई-रजिस्ट्री व्यवस्था को लागू न किया जाए तथा इस संबंध में संबंधित पक्षों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद ही कोई निर्णय लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार एडवोकेट, महासचिव सत्येंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार शर्मा, प्रदीप पंवार एवं रामकुमार वर्मा सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे। वहीं डीड राइटर्स संघ के अध्यक्ष ब्रह्मपाल सैनी, राजीव सहरावत, दस्तावेज लेखक संजीव कुमार तथा रामगोपाल सहरावत भी आंदोलन में शामिल हुए। स्टाम्प वेंडरों की ओर से हरपाल सिंह, राजकुमार और राकेश गोयल समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# आढ़त की दुकान के कारण लोग परेशान, मंडी सचिव को शिकायत

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के गांधीगंज मंडी धीमानपुरा क्षेत्र निवासी लोगों ने मंगलवार को मंडी सचिव का घेराव किया।उन्होने कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव को शिकायत पत्र देकर मोहल्ले में संचालित एक आढ़त की दुकान के कारण आम लोगों को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया है। शहर के गांधीगंज मंडी धीमानपुरा निवासी सोनू पुत्र रविंद्र ने अन्य लोगों के साथ कृषि उत्पादन मंडी समिति शामली के सचिव को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि क्षेत्र में एक आढ़त की दुकान संचालित की जा रही है, जहां प्रतिदिन माल की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए बड़े वाहनों का आवागमन रहता है। आरोप है कि वाहनों के सड़क पर खड़े होने से रास्ता अवरुद्ध हो जाता है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शिकायत कर्ता का कहना है कि मंडी संबंधी गतिविधियां निर्धारित मंडी परिसर में संचालित होनी चाहिए, लेकिन संबंधित आढ़ती द्वारा मंडी क्षेत्र के बाहर से माल की खरीद-फरोख्त और सप्लाई की जा रही है। इससे न केवल मंडी समिति के नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि राजस्व हानि होने की भी आशंका है। बताया कि वाहनों की आवाजाही और सड़क पर खड़े रहने के कारण क्षेत्र में आए दिन विवाद और झगड़े की स्थिति उत्पन्न होती रहती है, जिससे स्थानीय निवासी परेशान हैं। उन्होने समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# मिठाई की दुकान के ताले तोड़कर हजारों की नगदी सहित कीमती सामान चोरी

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के विजय चौक स्थित एक मिठाई की दुकान के ताले तोडकर चोरों ने हजारों की नकदी व कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी की घटना का पता सवेरे दुकान खोलने पर चला। पीडित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। शहर के मोहल्ला कृष्णानगर निवासी प्रदीप संगल पुत्र प्रेंमचंद की शहर के विजय चौक पर संगल स्वीटस के नाम से मिठाई की दुकान है। बताया जाता है कि गत सोमवार देर रात दुकानदार दुकान बंद कर गया था। मंगलवार सवेरे जब दुकान खोलने पहुंचा तो आरोप है कि दुकान के ताले टूटे मिले, जिससे दुकानदार के होश उड गए। चोरों ने दुकान के ताले तोडकर एक हजार की नकदी, इंवर्टर बैटरा, इलेक्ट्रोनिक कांटा, गैंस सिलेंडर, भिगौना आदि सामान चोरी कर लिया। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पडताल की। पीडित दुकानदार ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में जांच कर चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग की है।

# खेत में कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर रहे युवक की हालत बिगड़ी

**समाज जागरण**

शामली। देर रात खेत में फसलों पर कीटनाशक दवा की छिडकाव कर रहे एक युवक की अचानक तबियत बिगड गई। सवेरे बेहोशी की हालत में युवक को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गांव मुंडेट निवासी अनिल कुमार पुत्र श्यामपाल अपने खेतों में कीटनाशक दवाओं का छिडकाव कर रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान अनिल की तबियत खराब हो गई और वह घर आकर सो गया। बताया जाता है कि सवेरे जब अनिल को परिजनों ने जगाने का प्रयास किया तो वह बेहोशी की हालत में मिला। जिसको परिजनों ने आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी तबियत में धीरे धीर सुधार आ रहा है।

# युवक को कमरे में बंधक बनाकर की बेरहमी से पिटाई, हालत गंभीर

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) बिजली का तार हिलाने के शक में पडौसियों द्वारा एक युवक को कमरे में बंधक बनाकर बेरहमी से पिटाई करने के मामला प्रकाश में आया है। गंभीर रूप से घायल युवक को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया गया, जहां युवक का मेडिकल कराकर परिजनों ने झिंझाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। झिंझाना क्षेत्र के गांव अलीनगर निवासी 18 वर्षीय युवक निशांत पुत्र रणवीर गत सोमवार देर रात अपने घर की बिजली ठीक कर रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान बंदरों ने झुड ने तारों से झूलना शुरू कर दिया, जिससे पडौसी जितेन्द्र की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। जिससे गुस्साऐं जितेन्द्र ने निशांत के भाभी सोनिया के साथ मारपीट भी की। आरोप है कि मंगलवार को निशांत अपने घेर में सो रहा था और इसी दौरान जितेन्द्र, सिमरू, रविन्द्र, सुमित वहां पहुंचे और युवक को पकडकर अपने साथ ले गए। जहां उन्होने युवक को जितेन्द्र के मकान में बंधकर बनाकर बेरहमी से पिटाई की और धमकी देकर छोड दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजनों द्वारा शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां परिजनों ने युवक का मेडिकल कराकर झिंझाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# जल निकासी नहीं होने से सड़क बनी तालाब, लोगों ने डीएम से लगाई गुहार

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग स्थित हमजा कॉलोनी में जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस्ती का गंदा पानी सड़क पर जमा रहने से सड़क की हालत खराब हो चुकी है और राहगीरों को पानी के बीच से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है।मोहल्लावासियों का कहना है कि बरसात का मौसम नजदीक है।



यदि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई तो स्थिति और गंभीर हो जाएगी। सड़क पर जमा गंदे पानी में मच्छर व अन्य जहरीले जीव-जंतु पनप रहे हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों फैलने का खतरा बना हुआ है।मंगलवार को हमजा कॉलोनी में आई एक बारात की गाड़ी भी जलभराव के कारण रास्ते में फंस गई, जिसके चलते बारातियों को पानी में उतरकर निकलना पड़ा। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखने को मिली।मोहल्लावासियों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बरसात से पहले नाला निर्माण एवं जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है।

# 18 साल बाद जेल से लौटे युवक ने पड़ोसियों पर लगाया धमकी का आरोप

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक युवक ने अपने पड़ोस के कई लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करने, मारपीट पर उतारू होने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और अपनी सुरक्षा की मांग की है। मंगलवार को कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी सलीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब 18 वर्ष पूर्व हत्या के एक मामले में उसे जेल भेजा गया था, जिसके बाद वह करीब 18 वर्षों तक कारागार में बंद रहा। सजा पूरी होने के बाद जब वह अपने घर वापस लौटा तो पड़ोस के कुछ लोग पुरानी रंजिश को लेकर उससे दुश्मनी रखने लगे। आरोप है कि उक्त लोग आए दिन उसके साथ गाली-गलौज करते हैं और कई बार मारपीट करने पर भी उतारू हो जाते हैं।पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है, जिस कारण वह भय के साये में जीने को मजबूर है। पीड़ित युवक ने थाने पहुंच कर पड़ोस के कई लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा अपनी सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सड़क के गड्ढे में पलटी ई-रिक्शा, चालक घायल , हादसा टला

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के गंगेरू मार्ग पर सड़क में बने गड्ढे के कारण एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि ई-रिक्शा में कोई सवारी नहीं थी और उसमें केवल सामान भरा हुआ था, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। आसपास मौजूद लोगों ने चालक को बाहर निकालकर ई-रिक्शा को सीधा कराया।मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी रामा अपनी ई-रिक्शा में सामान लेकर गांव जा रहा था। जैसे ही वह गंगेरू मार्ग स्थित सहारा हॉस्पिटल के निकट पहुंचा तो सड़क पर बने गहरे गड्ढे में ई-रिक्शा का पहिया गिर जाने से चालक का संतुलन बिगड़ गया और ई-रिक्शा सड़क पर पलट गई।हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा चालक को बाहर निकाला। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जिसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।आसपास दुकानदारों का कहना है कि गंगेरू मार्ग पर सड़क की हालत काफी खराब है और गड्ढों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

# नगर पंचायत कर्मी से मारपीट प्रकरण में नया मोड़, डीएम से की जांच की मांग

**समाज जागरण कांधला।**



थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में नगर पंचायत कर्मचारी से मारपीट के मामले में अब नया मोड़ ले लिया है। मामले को लेकर कस्बा निवासी दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। क्षेत्र की नगर पंचायत कर्मचारी प्रयास के साथ मारपीट के आरोप में पुलिस ने एलम निवासी अंकित, बालकिशन और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, मामले को लेकर कस्बे के लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर नगर पंचायत द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था, वह भूमि नगर पंचायत सीमा क्षेत्र से बाहर है।मंगलवार को एलम निवासी सुदेश देवी, सोनू पंवार, मोहकम सिंह, यशवीर, रामपाल, धर्मेंद्र समेत दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी आलोक यादव को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी।

# ब्यास रेलवे स्टेशन का ₹62 करोड़ की लागत से पुनर्विकास स्वीकृत : रवनीत सिंह

## रवनीत सिंह ने अमृतसर- श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को नए मार्ग पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**(रघुनंदन पराशर जैतो/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**




फिरोजपुर ,16 जून :अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत ब्यास जंक्शन रेलवे स्टेशन का लगभग ₹62 करोड़ की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है, ताकि भविष्य में बढ़ने वाली यात्री संख्या की आवश्य कताओं को पूरा किया जा सके तथा यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। यह जानकारी आज रेल राज्य मंत्री एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि ब्यास रेलवे स्टेशन वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 106 ट्रेनों का संचालन संभालता है, जिनमें 98 ठहरने वाली तथा 8 प्रारंभ अथवा समाप्त होने वाली ट्रेनें शामिल हैं। वर्तमान में स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 6,166 यात्रियों की आवाजाही होती है, जो भविष्य में बढ़कर लगभग 19,500 यात्रियों प्रतिदिन होने का अनुमान है। पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत जी.टी. रोड की ओर एक नए स्टेशन भवन का निर्माण किया जाएगा, जबकि मौजूदा स्टेशन भवन की विरासत शैली एवं स्थापत्य विशेषताओं को सुरक्षित रखा जाएगा। श्री रवनीत सिंह ने आज घोषित दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी तथा माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का पंजाब और पंजाबियों के प्रति विशेष स्नेह और लगाव है तथा केंद्र सरकार राज्य के विकास और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।स्टेशन के पुनर्विकास के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि एक नया प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा, जिससे प्लेटफॉर्मों की संख्या दो से बढ़कर तीन हो जाएगी और परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यात्रियों की आवाजाही को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए अमृतसर छोर पर 6 मीटर चौड़ा नया फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बनाया जाएगा, जबकि मौजूदा एफओबी को दूसरे प्रवेश द्वार की ओर विस्तारित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, डेरा रोड तथा जी.टी. रोड दोनों ओर सकुर्लेटिंग एरिया, पहुंच मार्गों, पार्किंग सुविधाओं तथा यात्रियों के लिए पिक-अप एवं ड्रॉप-ऑफ क्षेत्रों का व्यापक पुनर्विकास किया जाएगा। कारों, बसों और दोपहिया वाहनों के लिए समर्पित पार्किंग सुविधाएं विकसित की जाएंगी तथा मेलों के दौरान बढ़ने वाले यातायात को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रबंध भी किए जाएंगे। इस अवसर पर श्री रवनीत सिंह ने कहा कि रेल संपर्क, धार्मिक पर्यटन और यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को गुरदासपुर और बटाला के रास्ते नए मार्ग पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। यह अवसर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत ब्यास रेलवे स्टेशन के महत्वाकांक्षी पुनर्विकास को भी रेखांकित करता है, जो पंजाब और जम्मू-कश्मीर में रेलवे अव संरचना के आधुनिकीकरण के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।उन्होंने कहा कि संशोधित मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन भारतीय रेल के निरंतर आधुनिकीकरण अभियान में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पवित्र नगरी अमृतसर और श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा को जोड़ने वाली यह सेवा श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय यात्रियों को तेज, सुरक्षित और अधिक आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराएगी।नए मार्ग के कारण यात्रा दूरी में लगभग 84 किलोमीटर की कमी आएगी तथा यात्रा समय में लगभग 40 मिनट की बचत होगी। लगभग 283 किलोमीटर की दूरी को करीब पांच घंटे में तय करने वाली यह ट्रेन अत्याधुनिक एसी चेयर कार तथा एग्जीक्यूटिव चेयर कार कोचों से सुसज्जित है, जो यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और उत्कृष्ट यात्रा अनुभव प्रदान करेगी।यह सेवा श्री हरमंदिर साहिब, दुर्गियाना मंदिर, श्री राम तीर्थ जी तथा श्री माता वैष्णो देवी धाम को जोड़ने वाले धार्मिक पर्यटन सर्किट को

और मजबूत करेगी। साथ ही यह पंजाब और जम्मू-कश्मीर में पर्यटन, व्यापार, वाणिज्यिक गतिविधियों तथा आर्थिक विकास को भी नई गति प्रदान करेगी।

# नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा के मद्देनजर सरकार ने लगाई 22 जून तक टेलीग्राम ऐप पर रोक

**(रघुनंदन पराशर जैतो/ दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



नई दिल्ली,16 जून :21 जून को निर्धारित राष्ट्रीय प्रवेश और पात्रता परीक्षा-नीट यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा को देखते हुए सरकार ने 22 जून तक टेलीग्राम ऐप पर ऑनलाइन संदेश भेजने पर रोक लगा दी है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी - एनटीए ने सीमित और निश्चित अवधि के लिए टेलीग्राम एक्सेस पर रोक लगाने के इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्णय का स्वागत किया है। एनटीए ने कहा कि यह प्रतिबंध नीट यूजी-2026 की पुनर्परीक्षा के दिन और उसके तुरंत बाद तक लागू रहेगा। एजेंसी ने कहा कि टेलीग्राम को 30 तारीख तक पहले से पोस्ट किए गए संदेशों को संपादित करने की सुविधा को भी बंद करने का निर्देश दिया गया है। एजेंसी के अनुसार, यह कदम उस सुविधा पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है जिसका कथित तौर पर राष्ट्रीय परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक होने के झूठे दावे गढ़ने के लिए दुरुपयोग किया गया है। एनटीए ने समय पर की गई कार्रवाई के लिए मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि ये उपाय छात्रों के हित में परीक्षा का सुरक्षित और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने में मदद करेंगे।

# अमृतसर में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आरोपी की संपत्ति जब्त, एन.आई.ए. की कार्रवाई

**(रघुनंदन पराशर/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**




चंडीगढ़,16 जून : राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण-एन.आई.ए ने पंजाब के अमृतसर में एक घर को जब्त किया है। यह घर कथित तौर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक सदस्य से जुड़ा है, जो कई देशों में फैले एक अंतरराष्ट्रीय नार्को-टेरर नेटवर्क मामले में शामिल था। एन.आई.ए ने बताया कि यह प्रॉपर्टी आरोपी अंकुश कपूर के पिता के नाम पर रजिस्टर्ड थी। अंकुश कपूर भारत में उस नार्को-टेरर नेटवर्क का एक अहम सदस्य था, जो इटली, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान समेत कई देशों में फैला हुआ था। एन.आई.ए ने बताया कि जांच में, अंकुश के दुबई में रहने वाले एक आरोपी से कथित संबंध का पता चला है, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। एजेंसी ने बताया कि पिछले वर्ष गिरफ्तार किया गया अंकुश नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल था। इसके अलावा वह अलग-अलग देशों में मौजूद आरोपियों तक आतंकवाद से हुई कमाई पहुंचाने में भी शामिल था। जांच में यह भी पता चला कि नशीले पदार्थों की तस्करी से हुई कमाई का इस्तेमाल विभिन्न नेटवर्क के माध्यम से भारत में आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने के लिए किया जा रहा था।

# शिरोमणि कमेटी की आंतरिक कमेटी की सर्वोच्च बैठक 20 को बुलाई

**(रघुनंदन पराशर जैतो/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

पंजाब/अमृतसर, 16 जून : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की आंतरिक कमेटी की सर्वोच्च बैठक 20 जून को होगी। कार्यालय से जारी प्रेस बयान में सचिव गुरिंदर सिंह मथरेवाल ने कहा कि शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष




एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में शिरोमणि कमेटी की आंतरिक कमेटी की सर्वोच्च बैठक होगी। इसे 20 जून 2026 को दोपहर 12 बजे प्रधान कार्यालय अमृतसर में बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि समागम को लेकर शिरोमणि कमेटी के पदाधिकारी और आंतरिक कमेटी के सदस्यों को पत्र भेज दिया गया है।

# ईडी ने यस बैंक के ऋणों के कथित धोखाधड़ीपूर्ण आवंटन मामले में मुंबई, खंडाला और दिल्ली में 17 स्थानों पर की छापेमारी

**(रघुनंदन पराशर/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**




नई दिल्ली,16 जून : प्रवर्तन निदेशालय, वित्त वर्ष 2016-17 और 2017-18 के दौरान यस बैंक के ऋणों के कथित धोखाधड़ीपूर्ण आवंटन के संबंध में मुंबई, खंडाला और नई दिल्ली में 17 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। तलाशी अभियान में सुरक्षा एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड-एसएआरसीएल, सुरक्षा रियल्टी लिमिटेड, ख्याति रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, उनके प्रवर्तकों, निदेशकों और कर्मचारियों के साथ-साथ यस बैंक के एक पूर्व कर्मचारी से जुड़े परिसर शामिल हैं।निदेशालय ने कहा है कि यह तलाशी अभियान कुछ एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों और यस बैंक के बीच कथित मिलीभगत से जुड़े धनशोधन मामले में सबूत जुटाने के लिए चलाया जा रहा है। जांच संकटग्रस्त संपत्तियों के अधिग्रहण के लिए सर्कुलर लेनदेन, नीलाम की गई संपत्तियों का कम मूल्यांकन, बढ़ा-चढ़ाकर या धोखाधड़ी से किए गए दावे और कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया में लेनदारों के मतदान अधिकारों और पारदर्शिता से संबंधित मुद्दों के संबंध में है।

# पंज सिंह साहिबों ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह को गुरु दोखी और खालसा पंथ के विरोधी घोषित किया! सभी सिख नेताओं और पंजाब कैबिनेट को 29 जून को तलब किया

**समाज जागरण पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर**



अमृतसर, 16 जून: बेअदबी मामले में पंज सिंह साहिबों की मीटिंग में चर्चा के बाद, जत्थेदार ज्ञानी कुल दीप सिंह गडगज ने श्री अकाल तख्त की प्राचीर से इस बारे में फैसला सुनाते हुए, सभी सिख विधायक ,चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, और पंजाब सरकार की पूरी कैबिनेट को 29 जून को अकाल तख्त साहिब में तलब किया है। सिख विधायक और पूरी कैबिनेट को 29 जून को श्री अकाल तख्त साहिब में तलब किया गया, मुख्यमंत्री मान को पंथ का गद्दार और खालसा पंथ का विरोधी घोषित किया गया मुख्यमंत्री के आपत्तिजनक वीडियो के मामले में, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को गुरु का गद्दार और खालसा पंथ का विरोधी घोषित किया गया है। जत्थेदार गरगज ने कहा कि इस मामले में भारत की दो जानी-मानी बड़ी लैब्स से जांच कराई गई है, जहां ये वीडियो सही पाए गए हैं, इनके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है और न ही इन्हें अकसे बनाया गया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह ने श्री अकाल तख्त साहिब में आकर वीडियो के बारे में झूठ बोला है, उनसे मुख्यमंत्री के तौर पर गुरु और सिखों के हित में फैसले लेने की उम्मीद नहीं की जा सकती। सिख संगत की भावनाओं को जाहिर करते हुए आज पंज सिंह साहिबों का जमावड़ा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह को गुरु का गद्दार और खालसा पंथ का विरोधी बताता है। गुरु खालसा पंथ को यह बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की मशहूर तस्वीरों और संत जरनैल सिंह खालसा भिंडरावाले की तस्वीर के साथ आपत्तिजनक हरकतें बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। मुख्य मंत्री के गुरुद्वारों से गोलक हटाने के बयान पर सख्त नोटिस लेते हुए जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज ने मुख्यमंत्री को किसी भी गुरुद्वारे से गोलक हटाने की चुनौती दी है।

# सभी संगीन घटनाओं के सटीक खुलासे के बाद शिवली पुलिस का अब जुआंरियों पर शिकंजा, चार गिरफ्तार

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**




कानपुर। कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में हर तरह के अपराधियों के खिलाफ शिवली पुलिस का अभियान लगातार जारी है ,जिसके क्रम में अधिक से अधिक कमाई के लालच में हार जीत की बाजी लगाकर जुआं खेलने वाले गिरोह भंडाफोड़ करने में सफलता प्राप्त की गई है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चार जुआंडियोंके पास से 35700 की नगदी भी बरामद की है। यह सफलता अपने अब तक के कार्यकाल में छोटी बड़ी सभी संगीन घटनाओं आदि का भी सटीक खुलासा करने में सफल निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के तेजतर्रार और व्यवहार कुशल जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई में मिली। उन्होंने मोबाइल की रोशनी में जुआं खेल रहे 04 जुआरियों अनुज शुक्ला पुत्र कृपाशंकर शुक्ला निवासी ग्राम बारा सिरोही थाना कल्यानपुर, ,सुनील कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम बन्सटी थाना चौबेपुर, अनिल कुमार पुत्र सुन्दरलाल निवासी ग्राम बहरमपुर थाना चौबेपुर, जीतू कुमार वर्मा निवासी ग्राम बारा सिरोही थाना कल्यानपुर जनपद कानपुर नगर को ग्राम गौरी से आगे खेत में चौकी क्षेत्र बाघपुर से जुआ खेलते हुए हिरासत लिया गया। उनके पास से 35700 रुपये, 52 ताश के पत्ते और एक सफेद गमछे का फड़ भी मिला। अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले इंस्पेक्टर अमरेन्द्र बहादुर सिंह की अगुवाई वाली इस टीम में सब इंस्पेक्टर योगेन्द्र कुमार शर्मा ,कांस्टेबल बोबी सिंह,

सोनवीर सिंह, प्रशिक्षु कांस्टेबल सुमित कुमार, प्रवेन्द्र, राघवेन्द्र तिवारी और अतुल प्रताप सिंह आदि शामिल रहे।

# समाजसेवी रवि कुशवाहा ने बड़े मंगलवार पर कराया विशाल भंडारे का आयोजन

मोहनलालगंज यूपीएल फैक्ट्री के बगल स्थित मंदिर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर मोहनलालगंज क्षेत्र के यूपीएल फैक्ट्री के बगल स्थित मंदिर पर धार्मिक आस्था एवं श्रद्धा के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।सुबह 12 बजे से शुरू हुए इस भंडारे में क्षेत्र व आसपास से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरा



आयोजन स्थल जय बजरंगबली, जय श्री राम के जयकारों से गूंजता रहा।भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने पहुँचे चेयरमैन सत्यम पांडेय, एडवोकेट ऋषि द्विवेदी, मोहनलालगंज पत्रकार धीरज तिवारी, पत्रकार विवेक कुमार सिंह, पत्रकार राम जी राजपूत, सोनू यादव सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे और प्रसाद ग्रहण किया।आयोजक समाजसेवी रवि कुशवाहा ने बताया कि इस आयोजन में स्थानीय लोगों का विशेष सहयोग रहा। प्रभु कृपा से पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा।

# दिगंबर जैन महासमिति का राष्ट्रीय महिला अधिवेशन हस्तिनापुर (मेरठ) में 21 जून को*

- समारोह 20 जून को प्रारंभ, अनेकों कार्यक्रम होंगें ।
- अंचल व संभाग फिरोजाबाद के प्रतिनिधि भाग लेंगे।
- बैठक में केंद्र, अंचल व संभाग के प्रतिनिधि पधारे।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद।जैन समाज की सर्वोच्च संस्था दिगंबर जैन महासमिति जिसे जैन समाज की संसद कहा जाता है, राष्ट्र की प्रगति निर्माण में काफी योगदान है, ऐसी संस्था का राष्ट्रीय महिला अधिवेशन 21 जून को हस्तिनापुर (मेरठ) उत्तर प्रदेश में होगा। दो दिवसीय समारोह का प्रारंभ 20 जून से होगा। अंचल व संभाग फिरोजाबाद के पुरुष, महिला व युवा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि अधिवेशन में भाग लेंगे। अधिवेशन को सफल बनाने के लिए संभाग फिरोजाबाद की एक बैठक अंचल प्रभारी श्री राजेंद्र प्रसाद जैन (राजू) के निवास ऑफिस पर संपन्न हुई जिसमें अंचल, संभाग व राष्ट्रीय पदा धिकारियों ने भाग लिया तथा अधिवेशन के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए समारोह में अधिक से अधिक प्रतिनिधियों को आने की बात की गयी। यह जानकारी दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय मंत्री संजय कुमार जैन (पी.आर.ओ.) ने दी है। बताते चलें कि दिगंबर जैन महासमिति संभाग फिरोजाबाद बैठक की अध्यक्षता जे.के. जैन (एस.बी.आई) ने की। महावीर स्वामी के चित्र का अनावरण ललित जैन रपरिया, अशोक जैन (तुलसी बिहार) , प्रमोद जैन (सोनल) ने किया। आचार्य विमल सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण महावीर जैन मामा, सुशील जैन, राजेंद्र प्रसाद जैन किया। दीप प्रज्वलन संभव प्रकाश जैन, रजनीकांत जैन, डॉ. संजीव जैन ने किया। बैठक का शुभारंभ मंगला चरण करके पंडित चक्रेश जैन (एस.बी.आई) ने किया। समारोह की विस्तृत जानकारी देते हुए संभाग के अध्यक्ष जे.के. जैन ने बताया कि महासमिति के पूरे भारत में लाखों सदस्य हैं, जिनको पुरुष, महिला, युवा इकाइयों के माध्यम से जोड़कर धार्मिक, सामाजिक, रचनात्मक व राष्ट्र की प्रगति के योगदान के कार्यक्रम किए जाते हैं। दो दिवसीय अधिवेशन 20 जून से प्रारंभ होगा। आवास, भोजन की सभी के लिए उचित व्यवस्था की गई है। 21 जून रविवार को तीर्थ क्षेत्र जम्बूदीप हस्तिनापुर में प्रातः 7:30 बजे रजिस्ट्रेशन, प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण व मंच उद्घाटन आदि कार्यक्रम होंगे। अपराह्न 2 बजे अधिवेशन में धर्म एवं संस्कारों में महिलाओं की भूमिका विषय पर विदुषी महिलाओं के ओजस्वी भाषण होंगे। संभाग के प्रतिनिधि कुलदीप मित्तल जैन (एड०) ने बताया कि महिला अधिवेशन में श्रीमती वीणा जैन देहरादून, डॉ. संगीता जैन विनायक इंदौर, डॉ. ज्योति जैन खतौली, नेहा जैन रिवाड़ी पधारेंगी। संभाग फिरोजाबाद की बैठक में केंद्रीय प्रतिनिधि अशोक जैन (तुलसी बिहार), संजय कुमार जैन (पी.आर.ओ.), अंचल प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद जैन (राजू), पूर्व पार्षद सुशील जैन व रजनीकांत जैन (शिकोहाबाद), डॉ. संजीव जैन (टूंडला), फिरोजाबाद प्रतिनिधि मयंक जैन (माईक्रोटेक), राहुल जैन (एम.आर.), ललित मोहन जैन रपरिया, देवेंद्र जैन रसूलपुर, संभव जैन, कुलदीप जैन मित्तल, राकेश जैन, प्रमोद जैन सोनल, विजय जैन (एड०), महावीर जैन मामा, आकाश जैन, बबलेश जैन, प्रीता जैन आदि उपस्थित हुए। आज की बैठक में संभव जैन को चंद्रप्रभ जैन मंदिर का अध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मान किया गया। बैठक में पधारे सभी महानुभावों का तिलक, दुपट्टा से अभिनंदन नगर इकाई के देवेंद्र जैन, मयंक जैन विजय जैन आदि ने किया। आभार राजेंद्र प्रसाद जैन राजू तथा सफल संचालन संजय जैन एड० (पी.आर.ओ.) ने किया और बताया कि महिला अधिवेशन का 21 जून को ध्वजारोहण श्रीमती सुन्दरी जैन धर्मपत्नी स्व. श्री सत्येंद्र जैन व श्रीमती आभा जैन धर्मपत्नी केतन जैन करेंगी, इनका धन्यवाद भी दिया गया।

# नगराम थाने पर विशाल भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़. . .

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



ज्येष्ठ माह के सातवें मंगलवार के अवसर पर नगराम थाना परिसर में धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसके बाद कन्या भोज कराया गया। कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इसके उपरांत विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे में पूड़ी, सब्जी, बूंदी और चावल का प्रसाद वितरित किया गया। पूरे थाना परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं का देर शाम तक आना-जाना लगा रहा। क्षेत्र के लोगों ने आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और व्यवस्था की सराहना की।इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधियों,समाजसेवियों और पत्रकारों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। जीके न्यूज के संपादक नागेश्वर द्विवेदी के साथ निगोहां प्रेस क्लब के दर्जनों पत्रकार कार्यक्रम में पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। वरिष्ठ पत्रकार बृजराज सिंह, जय सिंह यादव, प्रमोद सोनी, अशोक सिंह, सतेंद्र मिश्रा, मुकेश द्विवेदी, शिवा मिश्रा, हिमांशु रावत, रामजी जायसवाल, श्यामजी जाय सवाल, अरुण सिंह, विवेक कुमार, धीरज तिवारी, रामजी, फूल कुमार,सोनू यादव, तथा समाजसेवी राजीव त्रिवेदी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, मोहन लालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी, एसीपी राजेश सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया आयोजक थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि ज्येष्ठ माह के मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व है। इसी के मद्देनजर सुंदरकांड पाठ, कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। भक्तिमय वातावरण और सामाजिक सौहार्द के बीच संपन्न हुए इस आयोजन को क्षेत्रवासियों ने सराहनीय बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई।

# एडवोकेट प्रज्ञा मिश्रा ने बड़े मंगलवार पर विशाल भंडारे का किया आयोजन

पीजीआई क्षेत्र के कल्ली कस्बे में श्रद्धा और आस्था के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर पीजीआई क्षेत्र के कल्ली कस्बे स्थित राजा ज्वेलर्स की दुकान पर धार्मिक आस्था के साथ एडवोकेट प्रज्ञा मिश्रा के संयोजन में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया सुबह 12 बजे से शुरू हुए भंडारे में क्षेत्र व आसपास से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरा आयोजन स्थल जय बजरंगबली के जयकारों सेगूंजता रहा। भंडारे में मोहनलालगंज पत्रकार धीरज तिवारी, पत्रकार विवेक कुमार सिंह पत्रकार राम जी राजपूत सोनू यादव सहित क्षेत्र



के गणमान्य लोग उपस्थित रहे और प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों, युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत कमालपुर विचिलका में पूर्व प्रधान बृजपाल सिंह यादव द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। पूर्व प्रधान जी ने बताया कि प्रभु कृपा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और सभी ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों का विशेष सहयोग रहा।पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा।

# संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज की तरफ से भंडारे का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार पर संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज केराकतपुर वाराणसी की ओर से वृहद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूड़ी सब्जी और बुनिया का प्रसाद चखने के साथ ही ठंडई का आनन्द लिया। कालेज परिसर में सुबह श्री सुंदर कांड



की पूजा से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक अनवरत रूप से चलता रहा। इस दौरान आयोजन चेयरमैन शशिकांत सिंह ने कहा कि इस महाप्रसाद वितरण का आयोजन कालेज के तरफ से पहली बार किया है जो आगे हर वर्ष किया जाता रहेगा,भंडारे में हजारों की संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण किया। बड़ा मंगलवार को भंडारे का आयोजन कराने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को भगवान का प्रसाद ग्रहण कराने के साथ साथ उनके ऊपर भगवान का सदैव कृपा दृष्टि बने रहे जिससे सभी लोग अपना और क्षेत्र का विकास कर सके। आयोजन में मुख्य रूप से प्रबंधक अभिषेक सिंह, डायरेक्टर आई पी पांडेय, प्राचार्य डॉ विष्णु प्रकाश, सहित अन्य कालेज के सदस्य शामिल रहे।

# हरहुआ में खुले दो क्रय केन्द्रों पर 6325क्विंटल गेहूं की खरीद

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विकास खण्ड हरहुआ में मूल्य समर्थन योजना के तहत खुले दो क्रय केन्द्रों पर लक्ष्य 9000 क्विंटल के सापेक्ष तय समय सीमा 15 जून तक 6325 क्विंटल गेहूं की खरीद 190 किसानों से की गयी। बीपैक्स भैठौली गेहूं क्रय केन्द्र प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि लक्ष्य 5000 क्विंटल के सापेक्ष 2325 क्विंटल गेहूं की खरीद 78 किसानों से की गयी है।



विपणन शाखा के गेंहू क्रय केन्द्र गोसाईपुर मोहाव केन्द्र प्रभारी प्रियंका पांडेय ने बताया कि कुल लक्ष्य 400 क्विंटल के सापेक्ष 4000 क्विंटल गेंहू की खरीद 112किसानों से की गयी है। भुगतान भी कर दिया गया है। खरीद अब बंद हो गयी है। किसानों का भुगतान हो गया और डिलीवरी हो गई है। भैठौली केंद्र पर 325 क्विंटल की डिलीवरी अवशेष है।

# पवन पुत्र हनुमान जी वार्षिक श्रृंगार संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। ज्येष्ठ मास के बड़ा मंगलवार को रोहनिया विधान सभा के भदवर गांव स्थित श्री मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर में हनुमान जी का वार्षिक श्रृंगार किया गया। मंदिर को फुल और झालरों से मन मोहक सजाव



किया गया।आयोजक द्वारा भगवान का भव्य श्रृंगार के साथ साथ सुंदर कांड पाठ किया गया।हवन के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।भगवान के श्रृंगार में उपस्थित रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने ने भगवान की पूजन अर्चन का क्षेत्र वाशियो की सुख मय जीवन की कामना किया।देर शाम तक संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन चलता रहा।जिसमे क्षेत्रीय कलाकारों ने अपनी भक्तिमय प्रस्तुति की।

पूजन में मुख्य रूप से मानस सिंह,राजकुमार कश्यप,रजनीश सिंह,विनोद पटेल,शुभम मौर्य,गोविंद पटेल सहित अन्य क्षेत्रीय भक्त उपस्थित रहे।

# अलग अलग गांवो सड़क दुर्घटना में छह घायल

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के तीन अलग अलग गांवो में सोमवार की रात्रि में सड़क दुर्घटना में छह लोग गंभीर से घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा घायलों को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है जानकारी के अनुसार हलिया थाना क्षेत्र के कवलझर गांव निवासी 25 वर्षीय विजय अपने पत्नी 20 वर्षीय संध्या के साथ बाइक से हलिया बाजार बेटे का दवा इलाज कराने के लिए आये थे की रात्रि होने पर बहन निर्मला के घर हथेड़ा गांव जा रहे थे की हथेड़ा गुलाब चौराहा पर ट्रैक्टर से टक्कर होने से पति पत्नी दोनों घायल हो गए इसी प्रकार दुसरी घटना हलिया लालगंज मवई कला गांव में हुई जंहा पर लालगंज थाना क्षेत्र के ईमरती गांव निवासी 20 वर्षीय जयशंकर अपने भाभी 30 वर्षीय रीना के साथ बाइक से रिश्तेदार के यंहा भटवारी गांव से वापस लौटते समय अज्ञात बाइक से टक्कर होने से बाइक सवार देवर व भाभी घायल हो गए तीसरी घटना मझियार गांव में हुई जंहा पर लालगंज थाना क्षेत्र के सेमरिहा गांव निवासी 23 वर्षीय रौनक व प्रीति जा रहे थे की अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दोनों घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक आलोक यादव ने घायलों को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है

# एसीपी प्रशाली गंगवार ने किया थाना जारचा का त्रैमासिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निदेर्शानुसार डीसीपी एवं एडीसीपी ग्रेटर नोएडा के पर्यवेक्षण में एसीपी-2 ग्रेटर नोएडा प्रशाली गंगवार ने थाना जारचा का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसीपी ने थाना कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, डाक कार्यालय, हवालात, थाना मेस, बैरक एवं महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालयों में रखे जाने वाले सभी रजिस्टरों का सही एवं व्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी और हेड मोहर्रिर को मालखाने में लंबित पड़े माल के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी विवेचकों को लंबित विवेचनाओं का जल्द से जल्द निष्पादन करने और आईजीआरएस से संबंधित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया।

# अवकाश के बाद खुले स्कूल तो बच्चों का तिलक लगा कर हुआ स्वागत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार को जिले के परिषदीय विद्यालयों में फिर से रौनक लौट आई। 20 मई से करीब एक माह बाद स्कूल पहुंचे विद्यार्थियों का शिक्षकों ने रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया।




प्राथमिक विद्यालय रामेश्वर प्रथम, कंपोजिट विद्यालय बरेमा, कॉम्पिज्ट विद्यालय देहली विनायक ,प्राथमिक विद्यालय बेसहुपुर सहित सेवापुरी विकास खंड के अन्य विद्यालयों में सुबह 7:30 बजे से विद्यार्थियों का स्वागत शुरू हुआ।एक माह बाद विद्यालयों के आंगन में बच्चों की चहल-पहल हालांकि बहुत दिन बाद विद्यालय खुलने के कारण विद्यार्थियों की संख्या कम नजर आई। वही विद्यालयों में विद्यार्थी धीरे-धीरे आने शुरू हुए।पहले दिन शिक्षकों के लिए भी विद्यार्थियों को बुलाना चुनौती पूर्ण रहा। इसके चलते प्रार्थना के समय में भी परिवर्तन देखने को मिली। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित उपस्थिति और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।सेवापुरी खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव ने प्राथमिक विद्यालय रामेश्वर के बच्चो का तिलक लगा कर स्वागत किया।इस मौके पर प्रधानाध्यापक सतेंद्र नारायण तिवारी और बृजेश मौर्य सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। उधर कंपोजिट विद्यालय बरेमा में बच्चो का स्वागत प्रधानाध्यापक चंद्र भूषण सिंह ने बच्चो को तिलक और पुष्प वर्षा कर बच्चो का स्वागत किया।शैलेन्द्र विक्रम कमलेश पांडेय,रानी कुमारी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रहे।

# दीदियां स्वयं बनाए सीएलएफ की व्यापार विकास योजना: डॉ. अनिल कुमार।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। समूह से जुड़ी दीदियों को स्थानीय स्तर पर व्यवसायिक गतिविधियों से जोड़ने का कार्य करने के सीएलएफ स्वयं बनाये अपनी व्यापार विकास योजना (बीडीपी) जिससे समूह से जुड़ी सभी दीदियां आर्थिक और सामाजिक रूप में सशक्त होगी। उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत चल रहे "व्यापार विकास योजना" विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर प्रतिभागियों संबोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. कुमार सिंह ने कही।



प्रशिक्षण सत्र के दौरान सत्र प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए सही कार्ययोजना बनाने पर सबसे अधिक ध्यान देना होता है, आप सभी दीदियां प्रशिक्षण में दी गयी जानकारी को अच्छी तरह से सीखकर इसे अपने संकुल में जाकर लागू करें और अधिक से अधिक समूह सदस्यों को व्यवसायिक गतिविधियों से जोड़ने का काम करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन दिवसों में स्टेट रिसोर्स पर्सन अब्दुल वाली खान द्वारा बीडीपी की प्रक्रिया, ढाँचा व तैयारी के चरण पर विस्तार से जानकारी दी गयी और प्रशिक्षुओं से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सीएलएफ की व्यापार विकास योजना बनवाई गई। इस अवसर पर नीरज कुमार, संजू यादव, कुसुम, सीमा, हेमलता, पूनम, मंजू प्रसाद, पार्वती देवी, सरिता, साधना, रेशमा, सुनीता, वर्षा, नीता आदि सहित विकास खंड चोलापुर के नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल समिति से 45 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। अंत में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व ग्रुप फोटोग्राफ वितरित कर प्रशिक्षण सत्र का समापन किया गया।

# शौच के लिए घर से बाहर गई किशोरी को सचिवालय में बंधक बनाकर युवक ने किया दुष्कर्म

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से शौच के लिए शनिवार की रात बाहर गई 15 वर्षीया किशोरी को गांव निवासी युवक अपने दो साथियों के साथ किशोरी के मुंह में कपड़ा बांधकर गांव के सचिवालय में उठा ले गया। आरोप है कि युवक ने दो दिनों तक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के लापता होने पर स्वजन किशोरी की खोजबीन में जुटे हुए थे कि किशोरी तीसरे दिन सोमवार सुबह गांव के सचिवालय के शौचालय में बेसुध पड़ी मिली। किशोरी के माता-पिता किशोरी को लेकर देर शाम थाने पहुंचे। किशोरी के पिता ने युवक तथा उसके दो अज्ञात साथियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।दी गई तहरीर में किशोरी के पिता ने आरोप लगाया कि 15 वर्षीया पुत्री बीते शनिवार की रात नौ बजे के करीब घर के पीछे शौच के लिए गई थी।उसी दौरान गांव निवासी युवक और उसके दो अज्ञात साथी बेटी के मुंह में कपड़ा बांधकर जबरदस्ती गांव के सचिवालय में उठा ले गए। जहां युवक बेटी को सचिवालय में कैद कर दुष्कर्म किया। सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे के करीब गांव का एक लड़का मेरे घर पर आया और पत्नी को बताया कि आपकी बेटी सचिवालय के शौचालय में बेसुध पड़ी है। घटना की जानकारी मिलने पत्नी और ग्राम प्रधान ग्रामीणों संग सचिवालय पर पहुंचे तो बेटी ने सारी आपबीती बताई। बेटी ने आरोप लगाया कि गांव निवासी युवक अपने दो साथियों के साथ मेरे मुंह में कपड़ा बांधकर सचिवालय में ले गए और बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। किशोरी के पिता ने आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद युवक ने पत्नी और बेटी को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता किशोरी के पिता ने युवक और उसके दो साथियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि घटना की जांच कर आरोपितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नीलगाय के हमले से बछड़ा घायल, सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों में दहशत

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमंडगंज वन रेंज क्षेत्र के गलरा गांव में दो वर्षों से डेरा जमाए नीलगाय ने सोमवार को गांव निवासी बलराम तिवारी के घर के सामने बंधे बछड़े पर हमला कर दिया। नील गाय के हिंसक रूप को देखकर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।गलरा गांव में दो वर्षों से डेरा जमाए तीन नीलगाय धीरे धीरे अब हिंसक रूप धारण करने लगे हैं। नीलगाय गांव की बस्ती में पहुंचकर घर पर बंधे मवेशियों और ग्रामीणों पर हमला करने लगे हैं। हमलावर हो चुके नीलगायों के आतंक से ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त है।गलरा गांव निवासी योगेन्द्र तिवारी ने बताया कि गांव में दो वर्षों से नदी किनारे रह रहे एक नर नील गाय व दो मादा



नील गाय किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही अब ग्रामीणों और मवेशियों पर हमला करने लगे हैं। सोमवार को बस्ती में पहुंचे एक नीलगाय ने पशुपालक बलराम तिवारी के बछड़े पर हमलाकर लहूलुहान कर दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह लाठी डंडे की मदद से हमलावर नीलगाय को बस्ती से बाहर भगाया।हिंसक रूप धारण कर रहे नीलगायों को जंगल में छोड़ने के लिए ग्रामीणों ने कई बार वनविभाग से गुहार लगाई गई लेकिन समस्या पर ध्यान नही दिया जा रहा है। नीलगाय के हमले को देखते हुए बस्ती के लोग घर के बाहर बंधे मवेशियों और छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। ग्रामीण मिथिलेश तिवारी,कलातीत मिश्र, अनूप मिश्र आदि ने ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर नीलगायों को सुरक्षित जंगल में छोड़े जाने की जिला प्रशासन से मांग की है।इस संबंध में वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी ने बताया कि गलरा गांव में ठिकाना बनाकर रहने वाले नीलगायों को जल्द ही सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ा जाएगा।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर बिकसित भारत की प्रदर्शनी का आयोजन

**समाज जागरण**

मीरजापुर /केंद्रीय मंत्रीएवं सांसद अनुप्रिया पटेल ने बीएलजे ग्राउंड में जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उ.प्र. लखनऊ द्वारा लगाई गई।विकसित भारत प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारंभ। केन्द्रीय राज्यमंत्री जी द्वारा "विकसित भारत प्रदर्शनी"व जनपद के विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का किया अवलोकन।



प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की 12 वर्ष की योजनाओं की उपलब्धियों एवं प्रदेश सरकार की 09 बर्ष की उपलब्धियों तथा स्थानीय उपलब्धियों और मिजार्पुर के विकास कार्यों को दिखाया गया है। प्रदर्शनी में लगाइ गई सेल्फी पॉइंट पर केंद्रीय मंत्री द्वारा लिया गया सेल्फी। मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार व जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय ने केन्द्रीय मंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया स्वागत व अभिनन्दन। कार्यक्रम में जनपद के अंतरराष्ट्रीय लोकगायिका अपने गीतों माध्यम से विकास योजनाओं का किया गया प्रचार प्रसार। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी लाल बहादुर सरोज,अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिन्द, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्याम सुंदर केसरी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी उपस्थित रहे।

# परिषदीय विद्यालय खुले, तिलक और पुष्प वर्षा से नौनिहालों का हुआ स्वागत

## 27 दिन की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद परिषदीय स्कूलों में लौटी रौनक।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी 27 दिनों की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद मंगलवार को परिषदीय विद्यालय खुलते ही स्कूल परिसरों में फिर से बच्चों की चहल-पहल लौट आई। क्षेत्र के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। कम्पोजिट विद्यालय हरहुआ में पहले दिन बच्चों के स्वागत के लिए विशेष तैयारी की गई थी।



विद्यालय के मुख्य द्वार को रंग-बिरंगे गुब्बारों और स्वागत संदेशों से सजाया गया था। विद्यालय पहुंचने वाले बच्चों का हेडमास्टर कुमुद सिंह व शिक्षिकाओं ने तिलक लगाकर माल्यार्पण, पुष्प वर्षा व तिलक लगाकर स्वागत किया।

खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ पंकज कुमार ने बताया कि विद्यालय खुलने से पूर्व सभी प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए थे। विद्यालयों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था पहले ही सुनिश्चित कर ली गई थी, जिससे बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां समय से शुरू करा दी गई हैं।

हालांकि पहले दिन विद्यालयों में छात्र उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। शिक्षकों के अनुसार भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण कई अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल नहीं भेजा। वहीं कुछ बच्चे अभी भी अपने परिवार के साथ अवकाश पर हैं। अनुपस्थित छात्रों के अभिभावकों से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया जा रहा है तथा गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर विद्यालय खुलने की जानकारी दी जा रही है।

शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि आगामी दिनों में सभी बच्चे विद्यालय पहुंचने लगेंगे और छात्र संख्या सामान्य हो जाएगी। विद्यालय खुलने के पहले दिन बच्चों के उत्साह, शिक्षकों की तैयारियों और स्वागत कार्यक्रमों ने नए शैक्षणिक सत्र की सकारात्मक शुरूआत का संदेश दिया।

# गाँव की समस्या गाँव मे ही समाधान कर ग्रामीणों को मिले राहत

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी ।हरहुआ ब्लाक के बेलवरिया ग्राम पंचायत स्थित हनुमान मंदिर पर पीएम के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आज मंगलवार को ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई।




ब्लाक के नोडल अधिकारी पीड़ी गोविंद बल्लभ पाठक ने कहा कि गांव की समस्याएं गाँव मे ही सुनकर उसका समाधान करना आज की जरूरत है।

ब्लाक प्रमुख हरहुआ विनोद कुमार उपाध्याय ने कहा कि सेवा ,सुशासन ,विकास एवम जन कल्याण के 12 वर्ष का कार्यकाल में समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है ।ग्रामीण विकास योजनाओं ,सुविधाओ और सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचा है।

बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा व प्रधान अशोक पटेल ने जिले से आये अधिकारियों का सम्मान करते हुए कहा कि गांव में ही समस्या का समाधान तेजी से किया जा रहा है। पीड़ी वाराणसी ,ब्लाक प्रमुख हरहुआ व अन्य अतिथियों ने मन्दिर प्रांगण में पौधरोपण किया।

ग्राम चौपाल में खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य विभाग, कृषि ,एनआरएलएम ,समाज कल्याण, बिजली विभाग, पंचायती राज विभाग ,स्वयं सहायता समूह सहित कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे जहाँ ग्रामीणों ने जानकारी ली।

ग्राम चौपाल में प्रमुख रूप से जनपद स्तरीय अधिकारियों सहित ब्लाक के एडीओ पंचायत कमलेश सिंह ,एडीओ एस टी शैलेन्द्र सिंह ,सचिव रवि सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम विकास अधिकारी पर गंभीर आरोप, स्थानांतरण की मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री को पत्र

**समाज जागरण**

मीरजापुर /विकास खंड हलिया के कलस्टर गांव नदौली पटहेरा, पटहेरा कला और महोगढ़ी में तैनात ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मी शंकर यादव के स्थानांतरण की मांग को लेकर ग्राम प्रशासकों ने उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है ।ग्राम पंचायत महोगढ़ी के ग्राम प्रशासक सुरेश कुमार केशरी, नदौली पटहेरा की ग्राम प्रशासक केवल पत्नी और पटहेरा की ग्राम प्रशासक मनोज कोरी ने संयुक्त रूप से दिए पत्र में आरोप लगाया कि अधिकारी पिछले 6 महीने से गांव में नियमित रूप से नहीं आ रहे हैं ।पत्र में कहा गया है कि अधिकारी के न आने से ग्रामीणों के वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और आवास का सत्यापन नहीं हो पा रहा है। आरोप है कि हर काम के लिए ग्रामीणों से पैसा मांगा जाता है और ग्राम प्रशासक से 30 प्रतिशत कमीशन की मांग की जाती है ।ग्राम प्रशासकों ने बताया कि आवास के नाम पर 30 हजार रुपये की मांग की गई, लेकिन मजदूरी का भुगतान आज तक नहीं किया गया। शिकायत ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई ।पत्र में लिखा गया है कि अधिकारी का कहना है कि उनके रिश्तेदार डीपीआरओ हैं, इसलिए उनका स्थानांतरण नहीं हो सकता। ग्राम प्रशासकों ने उप मुख्यमंत्री से मांग की है कि गांव के विकास को देखते हुए अधिकारी का तत्काल स्थानांतरण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# जिलाधिकारी ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं 'योग सप्ताह' की तैयारियों के सम्बंध बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**समाज जागरण**

मीरजापुर / जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह की तैयारियों के सम्बंध बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य और व्यापक स्तर पर मनाने तथा 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन शैली का आधार है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस वर्ष योग दिवस और योग सप्ताह को जन-आंदोलन का रूप में मनाए जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक योग का संदेश पहुँच सके। उन्होंने कहा कि आज से प्रारम्भ हुए योग सप्ताह के दौरान जिले के सभी विकास खंडों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, विद्यालयों, कॉलेजों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर दैनिक योग शिविरों का आयोजन किया



जाए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि योग सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस को जनपदव्यापी जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करते हुए व्यापक जन सहभागिता, सामुदायिक स्वामित्व, दैनिक दृश्यता एवं मापन योग्य परिणाम सुनिश्चित करना, जिसमें सभी विभागों, स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों, स्वयंसेवी संगठनों एवं नागरिकों की सक्रिय सहभागिता हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रतिदिन न्यूनतम सौ प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक नगरीय निकाय में प्रतिदिन न्यूनतम पाँच सौ प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी कार्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों, एवं स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। पार्कों, खुले मैदानों, सामुदायिक केंद्रों, मंदिरों, घाटों, अमृत सरोवरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर, प्रतिदिन योग सत्र आयोजित किए जाए। 21 जून को जनपद स्तरीय मुख्य योग कार्यक्रम का आयोजन पूर्व की भांति राजकीय इंटर कॉलेज महुवरिया के मैदान में किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी श्रीकान्त रजक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# सेंट्रल नोएडा में पुलिस अधिकारियों की गोष्ठी, बीट पुलिसिंग और लंबित मामलों के निस्तारण पर जोर

**समाज जागरण**

नोएडा। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस मुख्यालय सूरजपुर में सेंट्रल नोएडा जोन के सभी एसीपी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं बीट आरक्षियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में एडीसीपी सेंट्रल नोएडा स्वतंत्र कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गोष्ठी के दौरान बीट पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने, नियमित बीट भ्रमण करने तथा आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए जनता से लगातार संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। एडीसीपी ने सभी विवेचकों को लंबित विवेचनाओं का 60 से 90 दिनों के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की समीक्षा कर विशेष टीम गठित करने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से गुमशुदा व्यक्तियों की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# क्या अनूपपुर की धरती कॉरपोरेट के हवाले की जा रही है ?

## लामाटोला कोल ब्लॉक पर भड़का जनाक्रोश, ग्रामीणों ने पूछा - विकास के नाम पर उजाड़ने की तैयारी क्यों ?

**समाज जागरण**

अनूपपुर। लामाटोला कोल ब्लॉक परियोजना को लेकर अनूपपुर जिले में विरोध के स्वर तेज होते जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विकास और रोजगार के नाम पर हजारों लोगों की जमीन, जंगल और भविष्य को दांव पर लगाया जा रहा है। क्षेत्र में यह सवाल तेजी से उठ रहा है कि आखिर जनता की सहमति के बिना इतनी बड़ी परियोजना को आगे बढ़ाने की जल्दबाजी क्यों दिखाई जा रही है? ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित परियोजना केवल खनन का मामला नहीं है, बल्कि यह उनकी पीढ़ियों से जुड़ी जमीन, आजीविका और सामाजिक अस्तित्व का प्रश्न है। सैकड़ों हेक्टेयर वन भूमि और उपजाऊ कृषि भूमि के अधिग्रहण की आशंका ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

**जनप्रतिनिधि मौन क्यों?**

सबसे बड़ा सवाल स्थानीय जन प्रतिनिधियों की चुप्पी को लेकर उठ रहा है। चुनाव के समय जनता के बीच रहने वाले नेता आज इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर खुलकर बोलने से बचते नजर आ रहे हैं। ग्रामीण पूछ रहे हैं कि जब किसानों और आदिवासियों की जमीन पर संकट मंडरा रहा है, तब जनता के चुने हुए प्रतिनिधि आखिर किसके हितों की रक्षा कर रहे हैं? क्षेत्र में चर्चा है कि जनता की आवाज बनने के बजाय कई नेता विवाद से दूरी बनाकर बैठे हैं, जिससे लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है।

**जनसुनवाई या औपचारिक खानापूर्ति?**

ग्रामीणों का आरोप है कि परियोजना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां आम लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुंचाई गईं। पर्यावरणीय प्रभाव, पुनर्वास, रोजगार और सामाजिक असर जैसे मुद्दों पर स्पष्ट जानकारी के अभाव ने लोगों के मन में अविश्वास पैदा कर दिया है। लोगों का कहना है कि यदि परियोजना वास्तव में जनहित में है तो सभी दस्तावेज, रिपोर्ट और योजनाएं सार्वजनिक रूप से गांव-गांव पहुंचाई जानी चाहिए। जानकारी के अभाव में होने वाली जनसुनवाई को ग्रामीण केवल औपचारिकता मान रहे हैं।

**जमीन जाएगी तो जीवन कैसे बचेगा?**

ग्रामीणों का सबसे बड़ा सवाल पुनर्वास और आजीविका को लेकर है। उनका कहना है कि खेत केवल जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि परिवारों की रोजी-रोटी का आधार हैं। यदि कृषि भूमि अधिग्रहित होती है तो प्रभावित परिवारों के भविष्य की जिम्मेदारी कौन लेगा? ग्रामीणों का आरोप है कि रोजगार और विकास के वादे तो किए जा रहे हैं, लेकिन विस्थापन और जीवन यापन के संकट पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा।

**जंगल बचेंगे या सिर्फ वादे?**

परियोजना से प्रभावित होने वाली वन भूमि को लेकर भी चिंता बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगल केवल पेड़ नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जल, पर्यावरण और जैव विविधता की जीवनरेखा हैं। उनका आरोप है कि पर्यावरण संरक्षण के दावे जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते।

**आंदोलन की राह पर ग्रामीण**

"जानकारी नहीं तो जनसुनवाई नहीं" का नारा अब गांव-गांव में सुनाई देने लगा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी चिंताओं को नजरअंदाज किया गया और पारदर्शी संवाद नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज होगा। लोगों का कहना है कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन ऐसा विकास स्वीकार नहीं करेंगे जिसकी कीमत उनकी जमीन, जंगल और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य हो।

**सबसे बड़ा सवाल**

क्या विकास का मतलब स्थानीय लोगों की कीमत पर उद्योगों को लाभ पहुंचाना है? क्या जनता की सहमति के बिना लिए गए फैसले लोकतंत्र की भावना के अनुरूप हैं? और क्या प्रशासन तथा जनप्रतिनिधि इन सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं? लामाटोला कोल ब्लॉक का मुद्दा अब केवल एक परियोजना का नहीं, बल्कि जनता के अधिकार, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक जवाब देही की परीक्षा बनता जा रहा है।

# 46 वर्ष की उम्र में 46वीं बार रक्तदान कर बने प्रेरणा स्रोत

## रक्तदान दिवस पर अमरजीत सिंह ने दिया मानवता का संदेश, युवाओं से की आगे आने की अपील

**समाज जागरण**

अमलाई। रक्तदान को महादान कहा जाता है और इस कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं इंटक के एरिया महामंत्री अमरजीत सिंह। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर उन्होंने सेंट्रल हॉस्पिटल धनपुरी में अपना 46वां रक्तदान कर समाज के सामने सेवा और मानवता का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। विशेष बात यह रही कि अमरजीत सिंह वर्तमान में 46 वर्ष के हैं और उन्होंने अपनी उम्र के बराबर 46वीं बार रक्तदान कर एक प्रेरणादायक संदेश दिया है। उनके इस सराहनीय कार्य की अस्पताल स्टाफ, सामाजिक कार्यकताओं तथा आम नागरिकों ने प्रशंसा की। रक्तदान के बाद अमरजीत सिंह ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा पुनीत कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना, गंभीर बीमारी, ऑपरेशन और अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में स्वैच्छिक रक्तदाता ही मरीजों के लिए जीवनदाता साबित होते हैं। उन्होंने




युवाओं से अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों को जीवन मिलता है, बल्कि इससे दान करने वाले व्यक्ति के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। समाज में रक्तदान को लेकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि किसी भी मरीज को रक्त के अभाव में परेशानी का सामना न करना पड़े। सेंट्रल हॉस्पिटल धनपुरी में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम के दौरान मौजूद चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने भी अमरजीत सिंह के योगदान की सराहना की। उनका कहना था कि लगातार 46 बार रक्तदान करना सामान्य बात नहीं है, बल्कि यह समाज और मानवता के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता को दर्शाता है। ऐसे लोग समाज के लिए प्रेरणा का कार्य करते हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी अमरजीत सिंह के इस कदम को सराहनीय बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में जब लोग अपने निजी कार्यों में व्यस्त रहते हैं, तब किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाने के लिए नियमित रक्तदान करना वास्तव में सेवा का सर्वोच्च उदाहरण है। उनके इस कार्य से निश्चित रूप से अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरणा मिलेगी। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर किए गए इस रक्तदान ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि मानवता की सेवा के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि बड़े दिल की आवश्यकता होती है। अमरजीत सिंह का यह योगदान समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है कि रक्तदान केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसी के जीवन में नई उम्मीद और नया जीवन देने का माध्यम है। उनकी 46वीं बार की गई यह रक्तदान सेवा न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि समाज में जनजागरूकता और मानवता के प्रति समर्पण का भी उत्कृष्ट उदाहरण है।

# जन कल्याण शिविर का मिल रहा हितग्राहियों को लाभ

### नगर पालिका पाली में जन कल्याण शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- शासन की जन कल्याण कारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मध्यप्रदेश शासन व्दारा चलायी जा रही योजना के क्रियांवयन के परिपालन में नगर पालिका परिषद पाली में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर हितग्राहियों को लाभ पहुचाने का काम किया गया। पाली नगर पालिका में इस तारतम्य में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जो की 15 जून से प्रारम्भ होकर 17 जून तक चलेंगा। बीते दिवस शिविर का शुभारम्भ नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुश्री शंकुतला प्रधान जी के व्दारा किया गया। प्रथम दिवस में जन कल्याण शिविर में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के 65 , राजस्व विभाग से 35, महिला एवं बाल विकास से 47 , स्वास्थ्य विभाग 60 , सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन विभाग 41,एवं सामान्य प्रशासन विभाग के 16 आवेदन पत्र दर्ज किये गए।बताया जाता है की इनमें से अधिकांश आवेदनों का स्थानीय स्तर से जिनका समाधान किया जाना था, उनका मौके पर निदान किया गया।

# सर्प प्रहरी नवीन महाडिक क्षेत्र के लिए वरदान है।

**समाज जागरण**

चचाई ----ऊर्जा नगरी चचाई के एक साहसी युवा नवीन महाडिक चचाई थाना क्षेत्र में हर मौसम में जहरीले सांप एवं अन्य जीव जंतुओं जिनका विचरण अक्सर लोगों के घर व आंगन में देखने को मिलता है जो लोगों के जीवन को संकट में डाल देते हैं ऐसे समय में लोग इस युवा नवीन महाडिक को याद करते हैं यह कार्य चचाई ,केल्हौरी, विवेक नगर ,खुटवा ,देवरी, परसवार, बकेली ,मेडियारास, सकोला आदि आसपास के गांव के लोग फोन करके बुलाते हैं जहां तत्काल वे अपने वाहन से पहुंचकर जहरीले जीवो को जान जोखिम में डालकर पकडते हैं और लोगों की मदद करते हैं अक्सर



बरसात के दिनों में जहरीले जीव लोगों के घरों में घुसते हैं ऐसे समय में उनकी मदद के साथ-साथ यह युवा उन्हें इनसे बचने की समझाइस भी देते हैं जहरीले जीवों को पकड़ने के बाद उन्हें सुरक्षित जंगलों में ले जाकर छोड़ने का काम भी अपने स्वयं के खर्चे से करते हैं ऐसे सर्पप्रहरी को जिला प्रशासन द्वारा किसी तरह की मदद नहीं दी जाती जो आम जनता की समझ से परे हैं जानकारी के अनुसार एक वर्ष पूर्व नवीन महाडिक के बड़े भाई मनोज महाडिक उर्फ बंटी द्वारा पूरे क्षेत्र में यही समाज सेवा का काम करते थे किंतु उनके देहांत हो जाने के बाद यह कार्य उनके छोटे भाई नवीन ने अपना लिया यह ऐसा युवा है जो कभी रुकता नहीं थकता नहीं इन्होंने थाना क्षेत्र के ग्राम वासियों को मदद हेतु अपने मोबाइल नंबर 7000437 824 के माध्यम से किसी भी समय मदद करने की बात कही है।

# ओरिएंट पेपर मिल अमलाई में प्रशासक अजय न्यूडिंग को भावभीनी विदाई

**समाज जागरण**

बरगवां।सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों ने आयोजित किया सम्मान समारोह, कार्यकाल को किया याद,ओरिएंट पेपर मिल, अमलाई के प्रशासक श्री अजय न्यूडिंग ( आरएम/आरएमडी ) के सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर उनके साथ बिताए गए कार्यकाल की यादें साझा कीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कर्मचारियों ने कहा कि श्री अजय न्यूडिंग उनके लिए पिता तुल्य रहे। उन्होंने हमेशा कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखा और अपने सरल, सौम्य एवं प्रेरणादायी नेतृत्व से सभी का विश्वास जीता। कर्मचारियों ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में कार्य करने का अनुभव सदैव प्रेरणादायक रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि श्री न्यूडिंग के



नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के क्षेत्र में ओरिएंट पेपर मिल ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कीं। उनकी कार्यकुशलता और दूरदर्शी सोच का ही परिणाम रहा कि मानसून सत्र के दौरान एक करोड़ पौधों के रोपण जैसे महत्वाकांक्षी लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जिससे ओपीएम ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी स्थान बनाए रखा। समारोह के अंत में कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति-चिह्न एवं शुभकामनाएँ भेंट करते हुए कहा कि वे जहाँ भी रहें, उनका मार्गदर्शन और स्नेह हमेशा मिलता रहे। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल भविष्य की कामना की श्री अविनाश झा सीनियर मैनेजर आरएमडी एवं आर एम डॉ बी. एम.ओझा सीनियर पर्यावरण अधिकारी.

मैनेजर प्लांटेशन प्रेम सिंह श्री गणेश शिप्पी मैनेजर. यार्ड इंचार्ज एसपी सिंह. सानिध्य कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन मृगेन्द्र सिंह द्वारा किया गया.

# मजदूरों का शोषण या उद्योग संचालन? नियम-कानून को ठेंगा दिखाकर चल रही इकाई पर उठे गंभीर सवाल

## न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान, सुरक्षा उपकरणों का अभाव; आदिवासी भूमि और श्रमिक सुरक्षा को लेकर भी जांच की मांग

**समाज जागरण**

गांधीनगर। नगर परिषद बरगवा-अमलाई के वार्ड क्रमांक 3 में संचालित एक निजी औद्योगिक इकाई को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लगभग 60 कर्मचारियों वाले इस प्रतिष्ठान में मशीनरी सामग्रियों की रिपेयरिंग का कार्य किया जाता है, लेकिन आरोप हैं कि यहां श्रमिकों को शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप मजदूरी नहीं दी जा रही है। इसके साथ ही कर्मचारियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न कराए जाने से उनकी जान जोखिम में पड़ रही है। सूत्रों के अनुसार उद्योग में कार्यरत मजदूरों को न तो पर्याप्त सुरक्षा संसाधन दिए जाते हैं और न ही स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। ऐसे में यदि किसी कर्मचारी के साथ कार्यस्थल पर दुर्घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा, यह बड़ा सवाल बन गया है। मामले को लेकर यह भी चर्चा है कि जिस भूमि पर यह इकाई स्थापित की गई है, वह पूर्व में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों की थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि भूमि हस्तांतरण और सीमांकन की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। आरोप यह भी है कि प्रभावशाली पहुंच के कारण जमीन संबंधी मामलों की सही ढंग से जांच और नपाई नहीं हो पा रही है।

**प्रशासन की चुप्पी पर सवाल**

जब श्रमिक अधिकारों, सुरक्षा मानकों और भूमि संबंधी नियमों को लेकर इतने गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं, तब संबंधित विभागों की निष्क्रियता भी सवालों के घेरे में है। आखिर मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और उद्योगों की निगरानी की जिम्मेदारी निभाने वाले विभाग कब कार्रवाई करेंगे?

**मुख्य सवाल**

क्या श्रमिकों को शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी मिल रही है? कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण क्यों उपलब्ध नहीं कराए जा रहे? स्वास्थ्य और आपातकालीन सुविधाओं का अभाव क्यों है? उद्योग जिस भूमि पर संचालित है, उसके दस्तावेजों की जांच कब होगी? किसी दुर्घटना की स्थिति में जिम्मेदारी किसकी तय होगी?

# एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी अहमद के नेतृत्व में हुआ प्रदर्शन, जताया विरोध, किया पुतला दहन

### कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने के विरोध में कोतमा में एनएसयूआई ने विरोध प्रदर्शन कर, निर्वाचन आयोग मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार का किया पुतला दहन

**समाज जागरण**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी के निदेर्शा नुसार, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ( एनएसयूआई ) प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के आह्वान एवं जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष गुड्डू चौहान के निदेर्शानुसार दिनांक 17 जून 2026 को गांधी चौक, कोतमा में एनएसयूआई कार्यकताओं द्वारा कांग्रेस राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया एवं विरोध स्वरूप भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया तथा महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन तहसीदार कोतमा को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग करते हुए लेख किया गया कि विपक्षी दलों के प्रत्याशियों को सत्ता के दबाव में चुनाव प्रक्रिया से बाहर करने की तानाशाही प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगाई जाए। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली एवं निष्पक्षता की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए। दुर्भावनापूर्ण मंशा से नामांकन पत्र निरस्त करने वाले संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर ( RO ) को तत्काल निलंबित कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी अहमद के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्य कर्ता, पदाधिकारी और समर्थक उपस्थित रहे। कार्यकताओं ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि जनहित और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर दमोह पुलिस की सख्ती, 101 वाहनों पर कार्रवाई, ₹51,500 का समन शुल्क वसूला

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से दमोह पुलिस द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ( आईपीएस ) के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 15 जून 2026 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जांच अभियान चलाकर यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 101 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 51 हजार 500 रुपये का समन शुल्क वसूला गया।

पुलिस द्वारा की गई जांच में कई वाहन चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते पाए गए, जबकि बड़ी संख्या में दोपहिया चालक बिना हेलमेट सड़क पर दौड़ते नजर आए। इसके अलावा तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने, बिना नंबर प्लेट के वाहन संचालन, मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने तथा शराब के नशे में वाहन चलाने जैसे मामलों में भी चालान बनाए गए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करते हुए उन्हें नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई। यह कार्रवाई यातायात थाना, कोतवाली थाना, दमोह देहात थाना



सहित जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में एक साथ की गई। पुलिस अधिकारियों ने प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों और व्यस्त मार्गों पर विशेष जांच अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों पर निगरानी रखी। दमोह पुलिस का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय सभी यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन पर हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें और निर्धारित गति सीमा का पालन करें। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी नियमित रूप से अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य केवल चालान बनाना नहीं, बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर सुरक्षित यातायात संस्कृति विकसित करना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

# बाहरी प्रत्याशियों पर लगे रोक, स्थानीय को मिले चुनाव लड़ने का अधिकार : पं. बृजेश गर्ग

## लोकसभा- विधानसभा चुनाव में स्थानीय उम्मीदवारों की अनिवार्यता की उठाई मांग, राजनीतिक गलियारों में बढ़ी चर्चा

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/हटा। आगामी विधानसभा और लोक सभा चुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां धीरे-धीरे तेज होने लगी हैं। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ एवं कद्दावर नेता पं. बृजेश गर्ग के एक बयान ने क्षेत्र की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने मांग की है कि जिस प्रकार पंचायत चुनावों में प्रत्याशी का स्थानीय निवासी होना आवश्यक होता है, उसी प्रकार लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी केवल स्थानीय व्यक्तियों को ही चुनाव लड़ने की अनुमति दी जानी चाहिए।

पं. गर्ग ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की समस्याओं, आवश्यकताओं और जनभावनाओं को सबसे बेहतर तरीके से वही व्यक्ति समझ सकता है, जो उस क्षेत्र का निवासी हो और लंबे समय से वहां के लोगों के बीच रहकर कार्य कर रहा हो। बाहरी



प्रत्याशी अक्सर चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र से दूरी बना लेते हैं, जिससे जनता और जनप्रतिनिधि के बीच अपेक्षित संवाद एवं जवाबदेही प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए चुनाव आयोग को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए तथा ऐसे नियम बनाए जाने चाहिए, जिनसे लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को ही उम्मीदवार बनने का अवसर मिले। उनका मानना है कि इससे क्षेत्रीय विकास, जनसरोकारों की समझ और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही में वृद्धि होगी।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2028 में विधानसभा तथा वर्ष 2029 में लोकसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। ऐसे समय में पं. बृजेश गर्ग का यह बयान राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। उनके इस सुझाव को लेकर समर्थकों और राजनीतिक विश्लेषकों के बीच अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। पं. गर्ग ने कहा कि जिस व्यक्ति ने क्षेत्र की मिट्टी में जीवन बिताया हो, वही उस क्षेत्र की पीड़ा, समस्याओं और विकास की जरूरतों को सही मायनों में समझ सकता है। इसलिए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

# बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में 24 जून तक रहेगा ग्रीष्मकालीन अवकाश, 25 जून से खुलेगे विद्यालय

### हीट वेव को देखते हुए शासन ने बढ़ाई छुट्टियां, शिक्षकों को 22 जून से आना होगा स्कूल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा सामूहिक योगाभ्यास

**समाज जागरण**

लखनऊः दिनांक 16 जून, 2026 उत्तर प्रदेश शासन के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में परिवर्तन किया गया है। अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार अब प्रत्येक वर्ष 20 मई से 24 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। 25 जून से विद्यालयों में नियमित पठन-पाठन प्रारंभ होगा। यह व्यवस्था वर्ष 2026 से प्रभावी होगी। पूर्व में यह अवकाश 20 मई से 15 जून तक होता था। पिछले कुछ वर्षों में हीट वेव के कारण जिलाधिकारी स्तर से अवकाश आगे बढ़ाना पड़ता था, जिसके दृष्टिगत शासन ने प्रदेश स्तर पर एकरूपता के लिए यह निर्णय लिया है। ग्रीष्मावकाश के बाद पढ़ाई सुचारू रूप से शुरू हो सके, इसके लिए 22, 23 एवं 24 जून को सभी शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को विद्यालय में उपस्थित रहना होगा। इन तीन दिनों में लेसन प्लान बनाना, मिड डे मील की तैयारी, पाठ्य पुस्तक वितरण की तैयारी, विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक, बाल वाटिका की तैयारी, परिसर, रसोई एवं शौचालय की साफ-सफाई, खेल सामग्री की उपलब्धता, स्मार्ट क्लास/आईसीटी लैब को क्रियाशील रखना, बिजली एवं पेयजल की व्यवस्था आदि कार्य पूर्ण करने होंगे। प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालयों में शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक योगाभ्यास सुनिश्चित किया जाएगा। आरटीई एक्ट के अंतर्गत परिभाषित शैक्षिक सत्र के अनुसार वर्ष में कम से कम 220 दिन पठन-पाठन अवश्य कराया जाए। जिलाधिकारियों को स्थानीय स्तर पर अवकाश घोषित करने से पहले इस विधिक प्रावधान को ध्यान में रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में टीईटी उत्तीर्ण करने की समय-सीमा बढ़ी, बेसिक शिक्षा विभाग ने मांगी जनपदवार सूचना

**समाज जागरण**

लखनऊ, 16 जून 2026 । उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में उत्तर प्रदेश शासन के बेसिक शिक्षा विभाग ने कार्यरत शिक्षकों के टीईटी/सीटीईटी संबंधी विवरण एकत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग अवदेश कुमार तिवारी ने इस संबंध में शिक्षा निदेशक (बेसिक) को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने पुनर्विचार याचिका संख्या 53434/2025, उत्तर प्रदेश राज्य बनाम अंजुमन इशात-ए-तालीम ट्रस्ट में 29 मई 2026 को पारित आदेश के तहत इन-सर्विस शिक्षकों के लिए टीईटी योग्यता प्राप्त करने की समय-सीमा 31 अगस्त 2027 से बढ़ाकर 31 अगस्त 2028 कर दी है। न्यायालय ने यह भी अपेक्षा व्यक्त की है कि राज्यों द्वारा टीईटी परीक्षा नियमित रूप से तथा अधिमानतः वर्ष में दो बार आयोजित कराई जाए, ताकि पात्र शिक्षकों को आवश्यक योग्यता प्राप्त करने का पर्याप्त अवसर मिल सके। विशेष सचिव बेसिक शिक्षा अवधेश कुमार तिवारी द्वारा जारी शासनादेश में उल्लेख किया गया है कि उच्चतम न्यायालय ने अपने पूर्व आदेश में संशोधन करते हुए समय-सीमा में एक वर्ष का विस्तार प्रदान किया है तथा इस संबंध में दायर सभी पुनर्विचार याचिकाओं का निस्तारण कर दिया है। इसके साथ ही शासन स्तर पर कार्यरत शिक्षकों के लिए विशेष टीईटी परीक्षा आयोजित किए जाने की संभावना पर भी विचार किया जा रहा है। इस उद्देश्य से शिक्षा निदेशक (बेसिक) को निर्देशित किया गया है कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों में कार्यरत ऐसे शिक्षकों का जनपदवार विवरण एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराया जाए, जिन्होंने अभी तक टीईटी/सीटीईटी उत्तीर्ण नहीं किया है।

# इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक के खिलाफ ग्राहकों का प्रदर्शन, अभद्र व्यवहार व अनियमितताओं की जांच की मांग

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। इंडियन बैंक की सलखन-चोपन शाखा में कथित अभद्र व्यवहार एवं बैंकिंग कार्यों में अनियमितताओं को लेकर ग्राहकों में आक्रोश देखने को मिला। सोमवार को बैंक परिसर के बाहर दर्जनों लोगों ने प्रदर्शन कर शाखा प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की तथा उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शाखा प्रबंधक द्वारा ग्राहकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता तथा बैंक में आने वाले लोगों से अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है। इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक, जोनल प्रबंधक, बैंक के नोडल अधिकारी तथा भारतीय रिजर्व बैंक के ग्राहक सेवा विभाग को लिखित शिकायत भी भेजी गई है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि बैंक में केवाईसी (KYC) संबंधी कार्यों के नाम पर एक वृद्ध ग्राहक से धनराशि लिए जाने की घटना सामने आई है। शिकायत में इसकी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही शाखा के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने, संबंधित कर्मचारियों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज करने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई गई है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कहा कि बैंकिंग सेवाओं में पारदर्शिता एवं ग्राहकों के सम्मान से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस संबंध में बैंक प्रबंधन की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है। क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है तथा लोग जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

# पिछड़े जनपद से विकसित सोनभद्र की ओर बढ़ते कदम, विकास प्रदर्शनी में दिखेगी नई तस्वीर

जिलाधिकारी ने तैयारियों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ, विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद सोनभद्र के पंचायत रिसोर्स सेंटर में दिनांक 17 जून से 20 जून 2026 तक चार दिवसीय भव्य विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं तथा सुशासन की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़े जाने का कार्य भी किया जाएग, जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनी में विशेष रूप से जनपद सोनभद्र में तकनीकी, डिजिटल सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना तथा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। कभी पिछड़े जनपदों की श्रेणी में गिने जाने वाले सोनभद्र की विकास यात्रा एवं बदलती तस्वीर को आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल माध्यमों से आमजन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे लोग जनपद की प्रगति एवं उपलब्धियों से परिचित हो सकें। इस दौरान जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने पंचायत रिसोर्स सेंटर पहुंचकर प्रदर्शनी स्थल पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रदर्शनी को आकर्षक, व्यवस्थित एवं जनोपयोगी बनाने के निर्देश दिए तथा विभिन्न विभागों को अपनी उपलब्धियों एवं योजनाओं का प्रभावी प्रदर्शन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सेल्फी विथ पीएम, लाभार्थी अनुभव साझा कार्यक्रम, योजनाओं हेतु पंजीकरण एवं जन-जागरूकता गतिविधियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने जनप दवासियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी में पहुंचकर विकास कार्यों का अवलोकन करने एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश, जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा

लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करें, लापरवाही पर होगी जवाबदेही- जिलाधिकारी

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ, विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा लक्ष्य प्राप्ति में पिछड़ने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर बकायेदारों के विरुद्ध प्रभावी वसूली कार्रवाई, आरसी का नियमित मिलान, सरकारी भूमि की सुरक्षा तथा जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा भूमि संबंधी विवादों का समाधान मौके पर जाकर सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम जन को त्वरित न्याय मिल सके। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं राजस्व कार्मिकों को अपने दायित्वों का गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न होने पाए। बैठक के दौरान परिवहन विभाग को ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ओवर लोडिंग में पकड़े जाने वाले वाहनों के साथ-साथ संबंधित खदान एवं परमिट धारकों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बाजार में बिकने वाली खाद्य सामग्री की नियमित जांच कराई जाए तथा मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्धारित मानकों एवं शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक ढंग से किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि. /रा.) वागीश कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधि कारी ध्रुव गुप्ता, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य मंत्री के जनता दरबार में गूंजी कुलडोमरी के लेखपाल के खिलाफ शिकायत, जांच के निर्देश

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। अनपरा दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड के जनता दरबार में कुलडोमरी क्षेत्र के लेखपाल के खिलाफ शिकायतों की गूंज सुनाई दी। क्षेत्र के ग्रामीणों और भाजपा कार्यकताओं ने लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। जनता दरबार में डिबुलगंज से पहुंचे व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल सहित दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के लेखपाल राकेश बैसवार द्वारा निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र एवं अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए लोगों से धन की मांग की जाती है। ग्रामीणों का कहना था कि जो व्यक्ति पैसे नहीं देता, उसके आवेदन को किसी न किसी कारण से लंबित या निरस्त कर दिया जाता है, जबकि पैसे देने वालों के कार्य आसानी से कर दिए जाते हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार लोगों से जानबूझकर दोबारा आवेदन पत्र भरवाए जाते हैं, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक एवं उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मंत्री ने आश्वासन दिया

कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार और जनता के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# संत सम्मान से मना जन्मोत्सव : भिखारी प्रजापति

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। रक्तदान, संत सम्मान, हिंदू स्वाभिमान सम्मेलन, दीन दुखियों की मदद, बुलडोजर यात्रा, दुग्धाभिषेक, महा आरती, अग्नि क्रीड़ा, वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों से उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं लोक सन्यासी गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ महाराज जी के अवतरण दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त बातें विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने साप्ताहिक जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात एक प्रेस वार्ता में कही। भिखारी प्रजापति ने कहा कि, यूं तो जन्मोत्सव पर सभी जनपदों में अच्छे-अच्छे कार्यक्रम हुए, पर बस्ती जनपद के 294 लोगों द्वारा रक्तदान, मेरठ का दुग्धाभिषेक, बिजनौर का उमड़ा जनसैलाब, गौतम बुद्ध नगर की भव्यता व गाजियाबाद का मंचीय कार्यक्रम जन चर्चा का विषय बना रहा। कार्यक्रमों के संयोजक प्रदेश महामंत्री दिग्विजय सिंह राना, क्षेत्रीय अध्यक्ष गण शरद परमार, दीपक त्रिपाठी, श्याम बाबू शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री गण राजेंद्र शर्मा, राजू सिंह प्रधान, श्रीवंत तिवारी व संभाग प्रभारी संजय शुक्ला, उमेश प्रजापति, पंकज वालिया का अधिकाधिक सहयोग रहा। प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष गण डॉ हरिओम पाठक, गंगा शर्मा कौशिक, रुद्र कुमार पाठक, प्रवीण सिंह चंदेल, राकेश यादव, अखिलेश मिश्रा, गंगा धाकड़, हरिनारायण महाराज, मनोज प्रजापति, संगीता मिश्रा, आशा प्रजापति, सुनीता मेहता, आशा शर्मा, किन्नर प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रेखा नंदगिरी, प्रदेश मंत्री नरेंद्र चौधरी व वी के प्रजापति ने भी कई कार्यक्रमों में लोक संन्यासी महाराज जी के जन्मोत्सव पर आयोजित सम्मेलनों में हिंदुत्व व विकास पर अपनी बातें रखीं।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रात में डॉक्टर गायब, रात में एनम व फार्मासिस्ट के भरोसे इमरजेंसी

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

करमा/ सोनभद्र। स्थानीय विकास खण्ड स्थित कर्मा नया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केकराही का हाल बेहाल,रात में डाक्टर साहब नदारत स्वास्थ केन्द्र पर एनम फार्मासिस्ट के भरोसे रात में एमरजेंसी ब्यस्था को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी । स्थानीय लोगों की बात करें तो रात के समय अस्पताल में डॉक्टरों की मौजूदगी नहीं रहती और



इमरजेंसी जैसी महत्वपूर्ण सेवा फार्मासिस्ट व एएनएम के सहारे संचालित होती है। समय से उचित इलाज नहीं मिलने के कारण कई मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए मजबूरन बाहर जाना पड़ता है। सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा कभी भी रात में कर्मा व ककराही स्वास्थ व्यवस्थाएं प्रभावित होने से क्षेत्रों में खुले अवैध अस्पतालों की चांदी कट रही है। मरीजों के परिजन परेशान है धर्मेश, इस्लाम, रमाशंकार, अभिषेक मनोज आदि लोगों ने कहा कि यदि सीएमओ ने जल्द संज्ञान लेकर कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलेगा और अस्पताल की पूरी व्यवस्था से अवगत कराएगा। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले में क्या कदम उठाता है।

# क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय द्वारा थाना ओबरा का आकस्मिक निरीक्षण कर, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




ओबरा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में आज दिनांक 16.06.2026 को क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय द्वारा थाना ओबरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, अभिलेखों के रख-रखाव, अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय एवं थाना परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों को अद्यतन रखने, लंबित विवेचनाओं एवं प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी ओबरा द्वारा थाना परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जनसुनवाई को प्रभावी बनाने, फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने तथा अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में साफ-सफाई,

अभिलेखों के रख-रखाव एवं पुलिस कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश प्रदान किए गए।

# मोहर्रम को लेकर रॉबर्ट्सगंज थाने में पीस कमेटी की बैठक, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर, आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से 16 जून, 2026 को रॉबर्ट्सगंज थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा ने की। बैठक में ताजियादारों, धर्मगुरुओं, गणमान्य नागरिकों और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। क्षेत्राधिकारी मिश्रा ने सभी से मोहर्रम पर्व के दौरान आपसी भाईचारा, सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने जुलूसों के निर्धारित मार्ग, समय और शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। क्षेत्राधिकारी नगर ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न की जाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक, भड़काऊ या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने से बचने की सलाह दी। किसी भी अफवाह या आपत्तिजनक पोस्ट की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने को कहा गया। बैठक में विद्युत आपूर्ति, पेयजल, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था जैसी आवश्यक सुविधाओं पर भी चर्चा हुई। उपस्थित व्यक्तियों से इन व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव लिए गए। संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया गया। क्षेत्राधिकारी मिश्रा ने सभी से आपसी समन्वय और सहयोग के साथ मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और उपस्थित सभी लोगों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

सोनभद्र पुलिस जनपदवासियों से अपील करती है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी आपात स्थिति या सूचना के लिए तत्काल स्थानीय पुलिस या डायल-112 को सूचित करें।

# दर्दनाक सड़क हादसा, नाले में गिरने से 30 वर्षीय युवक की मौत

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के खैराही स्थित कोयलिया नाला के पास मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक की बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई, जिससे वह पानी में डूब गया और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान डगधहरा खैराही निवासी रामबरन पुत्र धवल प्रसाद गोंड के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रामबरन मंगलवार सुबह घर से ओबरा



नगर जाने की बात कहकर निकला था। रास्ते में खैराही कोयलिया नाला के पास उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और नाले में जा गिरी। हादसा इतना गंभीर था कि युवक को संभलने का मौका नहीं मिला और वह पानी में डूब गया। घटना की जानकारी उस समय हुई जब क्षेत्र में लकड़ी बीनने वाले चरवाहों की नजर नाले में गिरी बाइक और युवक पर पड़ी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही ओबरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा

भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसे के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है। युवक की अचानक मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में भी शोक का माहौल व्याप्त है।

# किसानों के मुद्दों पर गरजा किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा, बड़े आंदोलन की चेतावनी

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ, विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के संयोजक संदीप मिश्रा ने फार्मर रजिस्ट्री में खामियों, खाद की उपलब्धता में देरी, डीजल-पेट्रोल वितरण व्यवस्था और छोटे कारोबारियों के कथित उत्पीड़न को लेकर नाराजगी जताते हुए जल्द समाधान न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। संदीप मिश्रा ने कहा कि हाल ही में डीजल वितरण को लेकर लागू किए गए नियम किसानों के हित में नहीं हैं। उनका आरोप है कि किसानों को उनके गैलन और जरकिन में डीजल देने में अनावश्यक बाधाएं पैदा की जा रही हैं, जबकि खेती-किसानी के लिए डीजल सबसे जरूरी संसाधनों में से एक है। उन्होंने मांग की कि किसानों को बिना किसी परेशानी के खेती संबंधी कार्यों के लिए डीजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री में तकनीकी खामियों का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि जिन किसानों की जमीन एक से अधिक गांवों में दर्ज है, उनकी पूरी भूमि का विवरण पोर्टल पर दर्ज नहीं हो पा रहा है। इससे भविष्य में किसानों को खाद, बीज और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल पोर्टल की खामियां दूर कर सत्यापन अभियान चलाने की मांग की। मोर्चा ने खाद संकट को लेकर भी चिंता जताई। संगठन का कहना है कि सोनभद्र के लिए आने वाली खाद की रैक वाराणसी और मिजार्पुर में उतारी जाती है, जिससे परिवहन लागत बढ़ने के साथ किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पाती। उन्होंने खाद की रैक सीधे सोनभद्र रेलवे स्टेशन पर उतारने की मांग की। इसके अलावा धधरौल डैम क्षेत्र में रेहड़ी-पटरी लगाकर जीविकोपार्जन कर रहे छोटे दुकानदारों और किसानों के कथित उत्पीड़न का मुद्दा भी उठाया गया। संदीप मिश्रा ने कहा कि यदि किसानों और छोटे व्यवसायियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा सड़क से लेकर सदन तक व्यापक आंदोलन करेगा।

इस दौरान आकाश चौहान, शत्रुघ्न बिंद, मनोज अग्रहरी, राजेश मौर्य, नंदू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# जामुन के पेड़ ने उजाड़ दी खुशियां, तीन मासूम बच्चों को छोड़ गई मां

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक महिला की पेड़ से गिरने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ी थी, तभी डाल टूट गई और वह नीचे गिर गई। स्थानीय लोगों द्वारा पीआरबी पुलिस घटना की सूचना दी गई लेकिन पीआरबी पुलिस मौके पर काफी देर तक नहीं पहुंची जिसके बाद लोगों ने बिना एंबुलेंस का इंतजार किये निजी वाहन से अस्पताल ले गये। जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी के टोला खैरटिया निवासी विनोद कुमार अगरिया की लगभग 27 वर्षीय पत्नी श्रीमती जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ी थीं। इसी दौरान पेड़ की डाल अचानक टूट गई, जिससे वह सीधे जमीन पर गिर गईं, उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और बेसुध हो गईं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने निजी वाहन से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव को अपने आवास ले आये, जानकारी होते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं, अब मां की गैर मौजूदगी में छोटे बच्चों के भविष्य और लालन पालन की चिंता सताई जा रही है। इस घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है और गांव में शोक का माहौल है।

# थाना बभनी की साइबर टीम द्वारा साइबर फ्रॉड के शिकार व्यक्ति को वापस कराए गए 5,000/- रुपये

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के दिशा-निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बभनी की साइबर टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। आवेदक राजकुमार पुत्र स्व. रामजस निवासी ग्राम धनवार, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र के बैंक खाते से साइबर ठगी के माध्यम से 5,000/- रुपये की धनराशि कट गई थी। घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (ठउफ्छ) पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत प्राप्त होने पर थाना बभनी पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए तथा संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर होल्ड कराई गई धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। पुलिस की तत्परता एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप पीड़ित को उसकी पूरी 5,000/- रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक वापस प्राप्त हो गई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित द्वारा सोनभद्र पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना की गई।

# सोनभद्र की पहचान को नई मजबूती सदर तहसील से हटेगा रॉबर्ट्सगंज नाम

.सोनभद्र की ऐतिहासिक पहचान को बढ़ावा तहसील एवं ग्राम नाम परिवर्तन का प्रस्ताव प्रेषित

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ, विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। सदर विधायक भूपेश चौबे की पहल एवं शासन स्तर पर किए गए प्रयासों के अनुरूप जनपद सोनभद्र की ऐतिहासिक एवं भौगोलिक पहचान को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ द्वारा सदर तहसील का नाम रॉबर्ट्सगंज से परिवर्तित कर सोनभद्र किए जाने तथा ग्राम टाड़के डौर उर्फ रॉबर्ट्सगंज का नाम परिवर्तित कर केवल ग्राम टाड़ के डौर किए जाने का प्रस्ताव मंडलायुक्त महोदय को प्रेषित किया गया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि जनपद की पहचान को एकरूपता प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व में नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज का नाम परिवर्तित कर नगर पालिका परिषद सोनभद्र किया जा चुका है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन एवं रोडवेज स्टेशन का नाम भी रॉबर्ट्सगंज के स्थान पर सोनभद्र किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि सदर तहसील एवं ग्राम टाड़के डौर उर्फ रॉबर्ट्सगंज के नाम परिवर्तन का प्रकरण वर्ष 2022 से विभिन्न स्तरों पर विचाराधीन था। शासन की मंशा तथा जनभावनाओं के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करते हुए इसका प्रस्ताव मंडलायुक्त महोदय को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेज दिया गया है। जनपद के नाम के अनुरूप तहसील एवं अन्य प्रमुख

संस्थानों के नाम एक समान होने से प्रशासनिक पहचान और जन सुविधाओं में स्पष्टता आएगी तथा सोनभद्र की विशिष्ट पहचान को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# पुलिस पर दो बार फायरिंग, सरकारी पिस्तौल छीनकर भी चलाई गोली चेन स्नैचिंग का आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**




जमशेदपुर टेल्को थाना क्षेत्र में महिला से सोने की चेन छीनने की घटना के बाद पुलिस और अपराधियों के बीच हुए नाटकीय घटनाक्रम का खुलासा करते हुए मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पियूष पांडेय ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी हरपाल सिंह उर्फ डब्ल्यू ने पुलिस कार्रवाई के दौरान दो अलग-अलग मौकों पर पुलिस टीम पर फायरिंग की। इतना ही नहीं, उसने एक बार पुलिस अधिकारी की सरकारी पिस्तौल छीनकर भी गोली चलाई। हालांकि पुलिसकर्मियों की तत्परता, साहस और सूझबूझ के कारण दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

एसएसपी ने बताया कि सोमवार शाम टेल्को थाना क्षेत्र में एक महिला से बाइक सवार दो अपराधियों द्वारा सोने की चेन छीनकर फरार होने की सूचना पुलिस को मिली थी। घटना की जानकारी मिलते ही जिले के सभी थाना क्षेत्रों को वायरलेस के माध्यम से अलर्ट कर दिया गया और संदिग्ध अपराधियों की तलाश शुरू कर दी गई।

इसी दौरान सिदगोड़ा थाना की गश्ती टीम को एक बाइक पर सवार दो युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। दोनों का हुलिया चेन स्नैचिंग की घटना में शामिल अपराधियों से मेल खा रहा था। पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने उनका पीछा शुरू कर दिया।

पीछा करते हुए पुलिस टीम सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर और जैप-6 परिसर के समीप पहुंची। पुलिस जब दोनों आरोपियों को पकड़ने की कोशिश कर रही थी, तभी मुख्य आरोपी हरपाल सिंह उर्फ ह्यडब्ल्यूह्न ने अचानक पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इससे मौके पर कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि पुलिसकर्मियों ने संयम और सतर्कता का परिचय देते हुए जवाबी एवं रक्षात्मक कार्रवाई की तथा दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही थी। देर रात पुलिस टीम उन्हें उनकी निशानदेही पर छीनी गई सोने की चेन और अन्य सामान की बरामदगी के लिए लेकर गई। इसी दौरान आरोपी हरपाल सिंह ने एक बार फिर पुलिस को चकमा देने का प्रयास किया। उसने अचानक एक पुलिस अधिकारी को धक्का दिया और उसकी सरकारी पिस्तौल छीन ली।

पिस्तौल हाथ में आते ही आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आरोपी की इस दुस्साहसिक हरकत से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि पुलिसकर्मियों ने बिना घबराए स्थिति को नियंत्रित किया और जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को दोबारा काबू में कर लिया। इस दौरान हुई कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को तत्काल उपचार के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

एसएसपी पियूष पांडेय ने कहा कि पुलिस टीम ने बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में साहस और पेशेवर दक्षता का परिचय दिया। यदि पुलिसकर्मी समय रहते सक्रियता नहीं दिखाते तो बड़ी घटना हो सकती थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि दोनों आरोपी किसी संगठित गिरोह से जुड़े हैं या नहीं तथा पूर्व में हुई अन्य चेन स्नैचिंग, लूट और आपराधिक घटनाओं में उनकी क्या भूमिका रही है। मामले में आगे की जांच जारी है और पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है।

# जनसमस्याओं के समाधान को लेकर जदयू ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, ट्रैफिक, पेयजल और सफाई व्यवस्था पर जताई चिंता

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर जनता दल (यूनाइटेड) पूर्वी सिंहभूम इकाई ने जिले में नागरिक सुविधाओं की बदहाल स्थिति, बढ़ती जनसमस्याओं और लंबित विकास योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन की मांग को लेकर उपायुक्त को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया तथा उनके समाधान के लिए समयबद्ध कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि जमशेदपुर महानगर सहित जिले के कई शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत नागरिक सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। सड़क, पेयजल, सफाई, स्ट्रीट लाइट और यातायात जैसी आवश्यक सेवाओं में लगातार आ रही समस्याओं के कारण आम जनता को दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी ने प्रशासन से इन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर उसे निर्धारित समय सीमा में लागू करने का आग्रह किया।

जदयू ने शहर में बढ़ती ट्रैफिक अव्यवस्था और जाम की समस्या को प्रमुख मुद्दा बताते हुए कहा कि मुख्य चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्रों में प्रतिदिन लंबा जाम लगने से आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। पार्टी ने कहा कि दिशा की बैठक में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी वाले स्थानों पर वाहन जांच और चालान की कार्रवाई का निर्णय लिया गया था, लेकिन इसका अपेक्षित प्रभाव दिखाई नहीं दे रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि यातायात पुलिस का मुख्य उद्देश्य यातायात को सुचारु और व्यवस्थित बनाए रखना होना चाहिए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ऑनलाइन चालान की प्रभावी व्यवस्था लागू की जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने चालान भुगतान प्रक्रिया को भी सरल और पारदर्शी बनाने की मांग की। जदयू का कहना था कि ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन भुगतान की सुविधाएं भी सुलभ रूप से उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो और ट्रैफिक पुलिस यातायात प्रबंधन पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सके।

मानगो नगर निगम क्षेत्र की समस्याओं का उल्लेख करते हुए पार्टी ने कहा कि स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना का टेंडर कई महीने पहले हो चुका है, लेकिन कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। कई स्थानों पर खराब



स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बदली नहीं गई हैं, जिससे रात के समय लोगों को असुविधा और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही नियमित कचरा उठाव नहीं होने के कारण क्षेत्र में गंदगी बढ़ रही है। जदयू ने सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और कचरा निष्पादन की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

ज्ञापन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गहराते पेयजल संकट का भी उल्लेख किया गया। पार्टी ने कहा कि कई इलाकों में जलापूर्ति देर रात या तड़के सुबह की जा रही है, जिससे लोगों को रात में जागकर पानी भरना पड़ता है। इससे विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जदयू ने जलापूर्ति व्यवस्था को नियमित और सुविधाजनक समय पर सुनिश्चित करने की मांग की।

खेल सुविधाओं के विस्तार पर जोर देते हुए पार्टी ने मानगो क्षेत्र में इनडोर एवं आउटडोर स्टेडियम निर्माण की आवश्यकता बताई। ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, लेकिन पर्याप्त खेल सुविधाओं के अभाव में उन्हें आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में स्टेडियम निर्माण से युवाओं को बेहतर मंच उपलब्ध होगा।

इसके अलावा जुस्को द्वारा नए पेयजल कनेक्शन और अन्य उपभोक्ता सेवाओं से संबंधित मामलों में हो रही देरी पर भी चिंता व्यक्त की गई। पार्टी ने आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जदयू ने उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निपटारे की मांग की।

जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने उपायुक्त से अनुरोध किया कि पेयजल, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित लंबित मामलों के समाधान के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और संबंधित विभागों को स्पष्ट कार्ययोजना के साथ जवाबदेह बनाया जाए।

उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष अजय कुमार, जिला महासचिव कुलविंदर सिंह पन्नू, प्रकाश कोया, प्रेम सक्सेना, संजीव सिंह, राजेश प्रसाद, प्रवीण सिंह, लालू गौड़, अर्जुन यादव, विजय सिंह, अशोक सिंह, मुश्ताक अहमद, विनोद सिंह, तारक मुखर्जी, दीपक गौड़, दिनेश सिंह, संजय सिंह, दीपक कुमार, सुष्मिता मंडल, गणेश चन्द्र सहित जनता दल (यूनाइटेड) के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पटना के फुलवारी शरीफ में तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक सवार को रौंदा

## इलाज के दौरान मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ और बेउर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके दशरथा मोड़ के समीप मंगलवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने पटना-परसा बायपास मार्ग को घंटों जाम कर जमकर हंगामा किया। मृतक की पहचान फुलवारी शरीफ प्रखंड के नदियावां गांव निवासी 45 वर्षीय सुरेंद्र कुमार उर्फ बल्ली के रूप में की गई है। वे स्वर्गीय रामदेव सिंह के पुत्र थे और निजी स्तर पर मार्केटिंग का कार्य करते थे। मंगलवार को वे अपने किसी व्यक्तिगत काम से बाइक द्वारा बेउर की तरफ जा रहे थे, तभी यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब सुरेंद्र कुमार लालू पेट्रोल पंप के समीप दशरथा मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ऑटो ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुरेंद्र कुमार उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें आनन-फानन में बायपास स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने पटना-परसा बायपास मार्ग को जाम कर दिया। सड़क पर उतरकर लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलते ही बेउर थाना प्रभारी अफसर हुसैन भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर बमुश्किल शांत कराया और जाम हटवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ऑटो को पुलिस ने जब्त कर लिया है। चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# पटना के बाढ़ में दो हजार रुपये के मामूली विवाद में चली गोली

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ अनुमंडल के पुरानी बाजार स्थित वैष्णो धाम मंदिर के समीप सोमवार की रात पैसे के लेन-देन को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। महज दो हजार रुपये के विवाद में कुछ युवकों ने खुलेआम गोलीबारी कर पूरे इलाके में दहशत फैला दी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, स्थानीय निवासी प्रमोद कुमार ने करीब दो महीने पहले वृंदावन जाने के लिए ट्रेन टिकट के वास्ते रमन कुमार नामक युवक को दो हजार रुपये दिए थे। आरोप है कि टिकट दलाल रमन ने न तो टिकट दिया और न ही पैसे लौटा रहा था। सोमवार रात करीब दस बजे जब प्रमोद ने अपने पैसे मांगे, तो दोनों के बीच तीखी बहस हो गई।प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक, बहस के बाद रमन कुमार वहां से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद वह चार-पांच साथियों के साथ वापस लौटा। सभी आरोपी काफी आक्रामक थे और उनके हाथों में पिस्तौलें थीं। आरोपियों ने प्रमोद कुमार को धमकाते हुए वहां जमकर गाली-गलौज की और अचानक एक राउंड फायरिंग कर दी। उस वक्त बिजली गुल होने के कारण बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घरों के बाहर मौजूद थे, जिससे अफरा-तफरी मच गई। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बाढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया। पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश और डर का माहौल है। नागरिकों ने प्रशासन से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में कोचिंग जगत की अदावत में नया मोड़

## जेल से रिहा हुए रोशन आनंद ने खान सर पर लगाए गंभीर आरोप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी के कोचिंग जगत में चल रही वर्चस्व की जंग अब एक नया मोड़ ले चुकी है। ज्ञान बिंदु ऋ एकेडमी के डायरेक्टर रोशन आनंद को जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा होते ही किए गए दावों ने हड़कंप मचा दिया है। रोशन आनंद ने जेल से बाहर आते ही अपनी जान को खतरा बताते हुए बेउर जेल के अंदर हत्या की साजिश रचे जाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। स्टेटस कोचिंग इंस्टीट्यूट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोशन आनंद ने खान ग्लोबल स्टडीज के डायरेक्टर फैजल खान उर्फ 'खान सर' पर सीधा निशाना साधा। आनंद ने दावा किया कि उन्हें एक सोची-समझी साजिश के तहत झूठे मुकदमों में फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि 2 जून



को मुसल्लहपुर हाट स्थित खान ग्लोबल स्टडीज पर हुई फायरिंग और तोड़फोड़ की घटना से उनका दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके भाई प्रिंस यादव की नेपाल में हुई संदिग्ध मौत के पीछे भी खान सर की भूमिका की जांच होनी चाहिए और सच्चाई सामने लाने के लिए उनका 'नार्को-एनालिसिस टेस्ट' कराया जाना चाहिए। दोनों कोचिंग संस्थानों के बीच की यह प्रतिद्वंद्विता एक दशक पुरानी है, जो समय के साथ और गहरी होती गई। इस साल की शुरूआत में बिहार फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर टॉपर अभिषेक पटेल की सफलता को लेकर छिड़ा विवाद इस दुश्मनी का मुख्य केंद्र बन गया। दोनों संस्थानों ने टॉपर पर अपना दावा ठोका था। खान सर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के जवाब में रोशन आनंद ने चैट सार्वजनिक कर खान सर पर टॉपर को 10 लाख रुपये में 'खरीदने' का गंभीर आरोप लगाया था, जिसने इस विवाद को और हवा दे दी। दूसरी ओर, प्रिंस यादव की नेपाल के विराटनगर स्थित एक होटल में हुई मौत की जांच नेपाल पुलिस ने तेज कर दी है। वहां की पुलिस एक नेपाली नागरिक समेत पांच लोगों से पूछताछ कर रही है और होटल के CCTV फुटेज तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों को खंगाल रही है। इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए खान सर ने एक वीडियो संदेश जारी कर प्रिंस यादव की मौत पर संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने आनंद द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनका इस मामले से कोई संबंध नहीं है। बहरहाल, पटना के कोचिंग जगत की यह तल्ख लड़ाई अब पुलिस और अदालत के गलियारों तक पहुँच चुकी है, जिस पर सबकी नजरें टिकी हैं।

# पटना के गौरीचक में विश्व की सबसे बड़ी अर्धनारीश्वर प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य आगाज

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र स्थित चंडासी गांव में मंगलवार को श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। यहाँ विश्व की सबसे बड़ी 108 फीट ऊंची अर्धनारीश्वर प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ एक भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने के लिए संपतचक, पुनपुन और फतुहा समेत आसपास के इलाकों से 20 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर करीब छह किलोमीटर का सफर तय कर पुनपुन नदी तट तक गई। इसमें 11 हजार महिलाओं और युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। मार्ग में हाथी-घोड़े, बैंड-बाजे और धार्मिक झांकियों के साथ हुए इस आयोजन ने पूरे इलाके को भक्ति के रंग में रंग दिया। "हर-हर महादेव" और "जय अर्धनारीश्वर" के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। आयोजन समिति और स्थानीय लोगों ने मार्ग में पेयजल, शरबत और पानी के छिड़काव की विशेष व्यवस्था की थी। लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से बना यह भव्य मंदिर परिसर कई राज्यों के शिल्पकारों की मेहनत का परिणाम है। आधार सहित 143 फीट ऊंची यह प्रतिमा न केवल देश, बल्कि विश्व की सबसे बड़ी अर्धनारीश्वर प्रतिमा मानी जा रही है। मंदिर परिसर में शिव-पार्वती के साथ भगवान गणेश और कार्तिकेय की भी विशाल प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। आयोजन समिति के प्रमुख शत्रुंजय कुमार सिंह (सातों सिंह) ने बताया कि 17 से 25 जून तक 1008 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें देशभर के करीब एक हजार विद्वान ब्राह्मण शामिल हो रहे हैं। 26 जून को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी प्रतिमाओं की भव्य प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच गौरीचक थाना पुलिस पूरे मार्ग पर तैनात रही। आयोजन को सफल बनाने में 'हर-हर महादेव' टीम के स्वयंसेवक दिन-रात व्यवस्थाओं में जुटे हैं। यह मंदिर आने वाले समय में राज्य के प्रमुख पर्यटन और धार्मिक केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

# पटना के पालीगंज में 'सहयोग शिविर' में उमड़ी फरियादियों की भीड़

## जन समस्याओं के समाधान के लिए दिए गए सैकड़ों आवेदन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**







पटना/ 'विकसित भारत-समृद्ध बिहार' के संकल्प को साकार करने और 'सबका सम्मान, जीवन-आसान' के लक्ष्य के तहत मंगलवार को पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र में 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। महीने के तीसरे मंगलवार को आयोजित इस शिविर में स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी विभिन्न जन शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को लिखित आवेदन सौंपे। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यह शिविर पालीगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या 4, 8 और 9 के लिए डीहपाली स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इसके साथ ही, प्रखंड क्षेत्र के तीन अन्य पंचायतों–रानीपुर-कुरकुरी, सडसी-पिपरदाहा और दहिया–के मध्य विद्यालयों में भी शिविर लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी गईं। शिविरों में भूमि सुधार एवं राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पीएचडी (पेयजल) और आपूर्ति विभाग समेत सभी महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। पालीगंज डीएसपी-1 राजीव चंद्र सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी भावना कुमारी, बीडीओ सुशील कुमार, सीओ महेश कुमार और थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों पर पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान रानीपुर-कुरकुरी के मुखिया पप्पू कुमार, सरपंच विजेंद्र पासवान, उप सरपंच रजनीश कुमार, सुलेखा देवी सहित सडसी-पिपरदाहा और दहिया पंचायतों के जनप्रतिनिधियों व पंचायत सचिवों ने भी शिविर में सहयोग किया। शिविरों में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन के इस प्रयास से उन्हें अपनी समस्याओं को उचित मंच पर रखने का मौका मिला है। जहाँ एक ओर बिजली और आपूर्ति विभाग से संबंधित शिकायतों की भरमार रही, वहीं भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के मामलों को लेकर भी ग्रामीणों ने भारी संख्या में आवेदन दिए। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों की गहन समीक्षा की जाएगी और तय समय सीमा के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस पहल से ग्रामीणों को दफ्तरों के चक्कर काटने से राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

# झारखंड राज्यसभा चुनाव से पहले एनडीए की बड़ी घेराबंदी, सभी 24 विधायक होटल में होंगे शिफ्ट

**समाज जागरण**



रांची। झारखंड में 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने विधायकों को एकजुट रखने की कवायद में जुट गए हैं। इसी बीच सूत्रों के हवाले से खबर है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) अपने सभी 24 विधायकों को रांची स्थित रेडिसन ब्लू होटल में शिफ्ट करने की तैयारी कर रहा है।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह 11:30 बजे तक एनडीए के सभी विधायक होटल पहुंच जाएंगे। इसके लिए रेडिसन ब्लू होटल में कुल 32 कमरे बुक किए गए हैं। राजनीतिक हलकों में इसे संभावित क्रॉस वोटिंग की आशंकाओं के बीच विधायकों की घेराबंदी के रूप में देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि इस बार झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों पर चुनाव होना है। एक सीट झामुमो संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन के बाद रिक्त हुई है, जबकि दूसरी सीट भाजपा नेता दीपक प्रकाश का कार्यकाल समाप्त होने के कारण खाली हुई है।

इन दोनों सीटों के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में हैं, जिससे मुकाबला बेहद रोचक हो गया है। सत्तारूढ़ महागठबंधन की ओर से झामुमो के वरिष्ठ नेता बैद्यनाथ राम और कांग्रेस के प्रणव झा उम्मीदवार हैं। वहीं, एनडीए ने निर्दलीय प्रत्याशी एवं उद्योगपति परिमल नाथवानी को अपना समर्थन दिया है।

**क्या है नंबर गेम?**

राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान और मतगणना 18 जून को ही होगी। ऐसे में सभी दल अपने-अपने वोटों को सुरक्षित रखने की रणनीति बनाने में जुटे हैं। राजनीतिक गलियारों में क्रॉस वोटिंग की चर्चाएं भी तेज हैं। यही कारण है कि विधायक दलों की घेराबंदी शुरू हो गई है।

सूत्रों के अनुसार, एनडीए को अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए कुछ अतिरिक्त वोटों की आवश्यकता पड़ सकती है। वर्तमान में एनडीए के पास 24 विधायक हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दूसरी सीट जीतने के लिए उसे 3 से 4 अतिरिक्त वोटों की जरूरत पड़ सकती है। इसी वजह से एनडीए की नजर विपक्षी खेमे के नाराज विधायकों पर भी बनी हुई है।

राज्यसभा चुनाव से पहले शुरू हुई इस होटल राजनीति ने झारखंड की सियासत का तापमान बढ़ा दिया है। अब सबकी निगाहें 18 जून को होने वाले मतदान और उसके नतीजों पर टिकी हैं।

# पटना के पालीगंज में सड़क निर्माण में लापरवाही पड़ी भारी

## तत्कालीन कार्यपालक अभियंता पर विभागीय कार्रवाई का निर्णय

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में ग्रामीण सड़कों के निर्माण में हो रही देरी और गुणवत्ता को लेकर सरकार अब सख्त हो गई है। इसी कड़ी में ग्रामीण कार्य विभाग, पालीगंज प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता रविशंकर कुमार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उन पर मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य को समय पर पूरा न कराने का गंभीर आरोप है। मामला 'कमलेश शर्मा हाउस से सत्येंद्र पासवान हाउस होते हुए टी-06 भाया ठकुरी' तक पथ निर्माण से जुड़ा है। इस योजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करना अनिवार्य था, लेकिन कार्य समय पर पूर्ण नहीं हो सका।



विभाग द्वारा गठित आरोप पत्र के बाद 27 जनवरी 2026 को रविशंकर कुमार से लिखित जवाब मांगा गया था। बचाव में अभियंता ने अपना पक्ष रखा, जिसे विभागीय समीक्षा के बाद अस्वीकृत कर दिया गया।विभागीय जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि इस पथ निर्माण कार्य को पूरा करने की अंतिम तिथि 09 अप्रैल 2022 निर्धारित थी। हालांकि, एकरारनामा विखंडन की तिथि 30 अक्टूबर 2023 रही। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि संवेदक के साथ की गई पत्राचार की प्रक्रिया 13 जून 2023 के बाद शुरू की गई। विभाग ने इसे स्पष्ट लापरवाही मानते हुए कहा कि कार्य पूर्ण कराने के लिए तत्कालीन कार्यपालक अभियंता द्वारा समय रहते कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। इस गंभीर मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए विभाग ने संचालन पदाधिकारी के रूप में मनोज कुमार (विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग) और प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी के तौर पर श्रुति सिन्हा (सहायक अभियंता) को नियुक्त किया है। वर्तमान में सीतामढ़ी में पदस्थापित अभियंता रविशंकर कुमार को अपना पक्ष पुनः रखने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण में हो रही इस तरह की देरी से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विभाग के इस सख्त कदम से स्पष्ट है कि अब निर्माण कार्यों में कोताही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

# डॉ. मोहम्मद जावेद उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की सलाहकार समिति में नामित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

16 जून।किशनगंज के लोकसभा सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद को केंद्र सरकार ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) की सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया है। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, इस नियुक्ति के साथ ही वे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की सलाहकार समिति के सदस्य नहीं रहेंगे।

अधिसूचना में यह भी बताया गया है कि डॉ. जावेद को बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय की सलाहकार समिति में स्थायी विशेष आमंत्रित सदस्य (पीएसआई) के रूप में मनोनीत किया गया है।



मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार, समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए उन्हें किसी प्रकार का यात्रा भत्ता (टीए) अथवा दैनिक भत्ता (डीए) देय नहीं होगा।

डॉ. जावेद को मिली इन महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। कांग्रेस युवा नेता मोहम्मद आजाद साहिल तथा एहसन हसन सहित उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति उनके संसदीय अनुभव, जनसेवा के प्रति समर्पण तथा जनहित के मुद्दों पर उनकी सक्रिय भूमिका का सम्मान है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. मोहम्मद जावेद अपनी नई जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए किशनगंज, बिहार और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। साथ ही, इन समितियों में उनकी सक्रिय भागीदारी से क्षेत्रीय समस्याओं एवं विकास संबंधी मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने में सहायता मिलेगी।

# भाजपा जिला कार्यसमिति की मासिक बैठक संपन्न, योग दिवस समेत आगामी कार्यक्रमों की बनी रणनीति

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

16 जून। भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई की मासिक बैठक मंगलवार को स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक जिला प्रभारी राज कुमार राय की उपस्थिति तथा जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी राज कुमार राय ने कहा कि पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए सभी मंडलों में शक्ति केंद्रों पर बैठकें आयोजित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि बूथ अध्यक्षों को पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। साथ ही आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के सभी मंडलों में योग शिविर एवं योग दिवस कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह ने जिले के सभी 17 मंडलों में संगठनात्मक कार्यों में जुटे कार्यकताओं की मेहनत, निष्ठा एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकताओं के परिश्रम के बल पर संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले पार्टी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा करते हुए सभी कार्यकताओं से उनकी सफलता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता अभियान तथा जनसंपर्क कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की योजनाओं एवं केंद्र तथा राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष हरीराम अग्रवाल, शिशिर कुमार दास, बिजली सिंह, खुशबू देवी एवं ज्योति कुमार सोनू, जिला महामंत्री पंकज कुमार साहा, मनीष सिन्हा एवं कौशल झा, जिला मंत्री लखवीर कोर, मनोज मुजमदार, सुबोध माहेश्वरी एवं अमित सिन्हा, जिला प्रवक्ता राजेश गुप्ता एवं संजय उपाध्याय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनी देवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष राकेश गुप्ता, गौतम चंद्रवंशी, नरेश कुमार गणेश, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शकील अख्तर राही सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक का समापन आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त करने के संकल्प के साथ हुआ।

# विश्व रक्तदाता दिवस : रक्तदान महान, जीवन को दे नई उड़ान

## मानवता के नाम एक नेक पहल : डॉ. कलाम एग्रीकल्चरल कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित

**समाज जागरण संवाददाता**

किशनगंज । विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. कलाम एग्रीकल्चरल कॉलेज (DKAC), किशनगंज में मंगलवार को एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन एसोसिएट डीन-सह-प्रिंसिपल डॉ. के. सत्यनारायण के मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सत्यनारायण ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया।

शिविर का आयोजन सदर अस्पताल, किशनगंज के मेडिकल ऑफिसर डॉ. शाहनवाज रिजवी तथा मेडिकल कंसल्टेंट पंकज कुमार दास के सहयोग से किया गया। इस दौरान अस्पताल के चार अन्य चिकित्सा कर्मियों ने भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं।




रक्तदान शिविर में कॉलेज के चार छात्र स्नेहादित्य घोष, राहुल कुमार, अंशिका राज एवं आकाश, दो संकाय सदस्य डॉ. सोना कुमार एवं श्री मनीष कुमार, तथा एक गैर-शिक्षण कर्मचारी श्री महेंद्र ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल सात यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

विश्व रक्तदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वैच्छिक एवं नियमित रक्तदान से सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होती है, जो सर्जरी, दुर्घटना, मातृ स्वास्थ्य तथा एनीमिया एवं कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार में अत्यंत आवश्यक है।

कॉलेज प्रशासन ने रक्तदाताओं एवं चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पुलिस और अपराधियों के बीच हुए मुठभेड़, दो कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, डेढ़ सौ ग्राम सोना बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गया पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात चाल्हो पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो कुख्यात अपराधी घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से लूटे गए करीब डेढ़ सौ ग्राम सोने के आभूषण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधियों की पहचान सुजीत कुमार और श्रवण मल्लाह के रूप में हुई है। ये दोनों 27 मई को गुरुआ बाजार के प्रसिद्ध स्वर्ण व्यवसायी प्रभाकर कुमार वर्णवाल के यहाँ हुई लगभग 40 लाख रुपये की लूट की घटना में मुख्य आरोपी थे। इस वारदात के बाद से ही पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जो लगातार छापेमारी कर रही थी।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि लूटकांड में शामिल अपराधी चाल्हो पहाड़ी क्षेत्र में छिपे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत इलाके की घेराबंदी की। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने पहले उन्हें सरेंडर करने की चेतावनी दी, लेकिन फायरिंग जारी रहने पर आत्मरक्षा में पुलिस को भी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इस मुठभेड़ में सुजीत कुमार और श्रवण मल्लाह के पैर में गोली लगी और वे घायल हो गए। उन्हें तुरंत मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। मुठभेड़ के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर गिरोह के तीन अन्य सदस्य भागने में सफल रहे। पुलिस का मानना है कि ये सभी अपराधी लूटकांड में शामिल थे। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने कई अन्य संदिग्धों की पहचान भी की है। पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों से मिली जानकारी के आधार पर फरार आरोपियों की धर-पकड़ के लिए जिले के विभिन्न ठिकानों पर सघन छापेमारी की जा रही है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के स्वर्ण व्यवसायियों ने राहत की सांस ली है। व्यवसायियों का कहना है कि पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में भय और व्यापारियों में सुरक्षा का भाव पैदा होगा। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और जिले में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# शिकायत की जांच के बाद चिकित्सक पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

जनहित में दर्ज कराई गई एक शिकायत की जांच के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए चिकित्सक मो. मकतूब आलम पर 50 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया है। यह कार्रवाई सीमांचल सेवा फाउंडेशन के संस्थापक हसीबुर रहमान द्वारा मेडकेयर हॉस्पिटल, पश्चिमपाली कॉलेज रोड किशनगंज के विरुद्ध दायर परिवाद के आलोक में की गई है।

असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, किशनगंज डॉ. राज कुमार चौधरी द्वारा स्वास्थ्य विभाग को भेजे गए प्रतिवेदन के अनुसार, शिकायत प्राप्त होने के बाद तीन सदस्यीय जांच दल का गठन कर 30 अक्टूबर 2025 को संबंधित संस्थान की जांच कराई गई थी। जांच प्रतिवेदन में पाई गई अनियमितताओं के आधार पर बिहार नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण एवं



विनियमन) नियमावली, 2013 के तहत मो. मकतूब आलम पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना अधिरोपित किया गया।

विभागीय अभिलेखों के अनुसार, निर्धारित जुमार्ने की राशि डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा भी कर दी गई है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा स्वास्थ्य विभाग को कार्रवाई प्रतिवेदन भेज दिया गया है।

शिकायतकर्ता एवं सीमांचल सेवा फाउंडेशन के संस्थापक हसीबुर रहमान ने कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय पारदर्शिता, जवाबदेही तथा आम नागरिकों के अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच और विधिसम्मत कार्रवाई से आम लोगों का प्रशासनिक व्यवस्था पर विश्वास बढ़ता है।

उन्होंने मामले की जांच एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने वाले अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर जागरूक नागरिकों को आगे आकर अपनी वैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई को चिकित्सा संस्थानों में निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण मनाने को लेकर नरारी कला खुर्द थाने में शांति समिति की बैठक

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) मोहर्रम पर्व को भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से नबीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधियों, ताजिया कमेटी के सदस्यों, सामाजिक कार्यकताओं और प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि मोहर्रम त्याग और कुबार्नी का पर्व है। इसे आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और शांति भंग करने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।बैठक में ताजिया जुलूस के मार्ग, समय और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि पर्व के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी होगी। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।बैठक में मौजूद लोगों ने पुलिस प्रशासन को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। सभी ने संकल्प लिया कि मोहर्रम का पर्व शांति, सद्भाव और गंगा-जमुनी तहजीब के साथ मनाया जाएगा। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी जाएगी।



शांति समिति की इस बैठक से क्षेत्र में अमन-चैन का संदेश गया है। प्रशासन का मानना है कि लोगों के सहयोग से मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगा।

# कोचाधामन प्रखंड में सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का शुभारंभ, पहले दिन 103 आवेदन प्राप्त

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

16 जून,कोचाधामन। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को कोचाधामन प्रखंड परिसर में तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत राज पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी, कोचाधामन जफर आलम ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने विभागीय काउंटरों पर उपस्थित रहकर लोगों



की समस्याएं सुनते और आवेदन प्राप्त करते नजर आए।

शिविर में सबसे अधिक भीड़ चिकित्सा विभाग के काउंटर पर देखी गई। कुल 17 विभागों के काउंटर लगाए गए थे, जिनमें चिकित्सा विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, श्रम संसाधन विभाग, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, लखपति दीदी योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंकिंग एवं वित्तीय समावेशन, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, पीएम स्वनिधि योजना तथा मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना समेत कई महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

आम लोगों की सुविधा के लिए आवेदन लिखने एवं आवश्यक मार्गदर्शन देने हेतु अलग से हेल्प डेस्क भी बनाया गया था। इसके अलावा अन्य विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए भी पृथक काउंटर स्थापित किए गए थे। समाचार लिखे जाने तक विभिन्न विभागों में कुल 103 आवेदन प्राप्त हो चुके थे। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी गई है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी राम पासवान के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में प्रखंड परियोजना प्रबंधक (जीविका) धर्मेंद्र कुमार केसरी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सूरज आजाद, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अजय कुमार, उद्योग विस्तार पदाधिकारी सुजीत कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी-सह-प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रोशन कुमार चंदन, प्रखंड समन्वयक आमिर अजीज, विद्युत विभाग के कनीय अभियंता चंदन कुमार, पोरेश नाथ पांडेय, महिला पर्यवेक्षिका सहित कौशल कुमार, रामप्यारे, शबनम, नजरुल, फराग एवं अन्य कर्मियों ने सक्रिय योगदान दिया।

प्रशासन ने बताया कि शिविर तीन दिनों तक चलेगा। आगामी दो दिनों में भी विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आमजन अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। शिविर के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बिहार में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की पुनर्नियुक्ति पर कानूनी संकट, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को भेजा नोटिस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार की राजनीति में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की नियुक्ति को लेकर एक बड़ा संवैधानिक विवाद खड़ा हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी पुनर्नियुक्ति को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए बिहार सरकार और संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस घटनाक्रम ने राज्य के राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार सिंह द्वारा दायर याचिका में दीपक प्रकाश की 7 मई 2026 को हुई पुनर्नियुक्ति को असंवैधानिक बताते हुए उसे निरस्त करने की मांग की गई है। याचिका के अनुसार, दीपक प्रकाश को पहली बार 20 नवंबर 2025 को नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री बनाया गया था, जबकि वे उस समय विधानमंडल के किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे। संविधान के अनुच्छेद 164(4) के तहत, किसी भी गैर-विधायक मंत्री को छह माह के भीतर विधानमंडल का सदस्य बनना अनिवार्य है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि दीपक प्रकाश की यह छह माह की समय-सीमा 19 मई 2026 को समाप्त हो गई थी। इस बीच राज्य में सत्ता परिवर्तन हुआ और 15 अप्रैल 2026 को सम्राट चौधरी के नेतृत्व में नई सरकार बनी। हालांकि, दीपक प्रकाश को 7 मई 2026 को पुनः पंचायती राज मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। याचिकाकर्ता का आरोप है कि दोबारा मंत्री बनाकर संवैधानिक प्रावधानों को दरकिनार करने का प्रयास किया गया है, जो कि संविधान की भावना के विपरीत है। विवाद के बीच मंत्री दीपक प्रकाश ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अभी भी मंत्री पद पर कार्यरत हैं और अपना दायित्व निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, "मेरे भविष्य को लेकर जो भी निर्णय होगा, वह एनडीए नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा।" सुप्रीम कोर्ट से नोटिस मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें अभी तक कोई आधिकारिक नोटिस नहीं मिला है, जानकारी केवल समाचार माध्यमों से प्राप्त हुई है। औपचारिक सूचना मिलने पर वे कानूनी प्रक्रिया के अनुसार अपना जवाब दाखिल करेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मामला अनुच्छेद 164(4) की व्याख्या के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। यदि न्यायालय का फैसला सरकार के प्रतिकूल आता है, तो यह न केवल बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव ला सकता है, बल्कि भविष्य में अन्य राज्यों में मंत्रिपरिषद के गठन की प्रक्रियाओं के लिए भी एक नजीर बन सकता है। फिलहाल, सबकी निगाहें सुप्रीम कोर्ट की आगामी सुनवाई पर टिकी हैं, जहां राज्य सरकार को अपना पक्ष स्पष्ट करना होगा।

# नबीनगर में 3 दिवसीय सहयोग सह जनकल्याण शिविर शुरू का आयोजन

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रखण्ड मुख्यालय नवीनगर में 3 दिवसीय 'जनसहयोग शिविर' का आयोजन किया गया है। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं। पहले ही दिन करीब 100 आवेदन*आए, जिनमें से अधिकांश का निष्पादन



मौके पर ही कर दिया गया। शिविर में राजस्व, जीविका,आपूर्ति, मनरेगा, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पंचायती राज सहित सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी-कर्मचारी स्टॉल लेकर पहुंचे। लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़े। एक ही जगह अपनी समस्या का आवेदन देकर तुरंत समाधान पा रहे हैं।शिविर के पहले दिन ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।प्रशासन की तत्परता से ज्यादातर मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया। कुछ जटिल मामलों में आवेदन लेकर जांच के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया है, जिसका निष्पादन शिविर की अवधि में ही करने का निर्देश दिया गया है।शिविर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी प्रखंड प्रमुख सहित सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित कर्मियों को त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि शिविर का मकसद सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाना और लंबित कामों को खत्म करना है।प्रशासन ने अपील की है कि लोग कागजात की मूल प्रति और छाया प्रति साथ लाएं ताकि काम तुरंत हो सके।स्थानीय लोगों ने शिविर की पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि इस तरह के शिविर से सरकारी कामकाज आसान हो गया है और भ्रष्टाचार पर भी रोक लगेगी।

# पटना के बाढ़ में सरकारी जमीन पर बसे 50 दलित परिवारों के आशियाने उजड़े, दबंगों पर घर तोड़ने व मारपीट का आरोप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के नौआचक गांव से एक विचलित कर देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ पिछले 40 वर्षों से सरकारी जमीन पर रह रहे करीब 50 दलित परिवारों ने स्थानीय दबंगों पर घर तोड़ने, मारपीट करने और उन्हें प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। बेघर होने के बाद पीड़ित परिवारों ने बाढ़ थाना पहुंचकर प्रशासन से सुरक्षा, पुनर्वास और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, ये परिवार मूल रूप से दियारा क्षेत्र के निवासी हैं, जो विस्थापन और जमीन के अभाव में चार दशक पूर्व नौआचक में आकर बस गए थे। भूमिहीन होने के कारण इन परिवारों ने सरकारी जमीन पर झोपड़ियां बनाकर अपना जीवन यापन करना शुरू किया। पीड़ितों का कहना है कि वे दशकों से शांतिपूर्वक रह रहे हैं, लेकिन आसपास की कृषि भूमि के मालिकों द्वारा उन्हें लगातार वहां से हटाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे लंबे समय से विवाद बना हुआ है। स्थानीय निवासी



धर्मवीर मांझी ने बताया कि दबंगों द्वारा आए दिन उन्हें धमकाया जाता है। पीड़ितों का आरोप है कि हाल ही में उनकी झोपड़ियों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़िता तिलका देवी ने बताया कि जब भी वे अपने रहने की जगह पर मिट्टी भरकर जमीन को समतल करने की कोशिश करती हैं, दबंग उसे हटा देते हैं। विरोध करने पर उन्हें मारपीट का सामना करना पड़ता है। पीड़ितों के अनुसार, पूर्व में प्रशासन ने उन्हें जमीन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक न तो उन्हें स्थायी ठिकाना मिला और न ही बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं नसीब हुईं। घर उजड़ जाने के बाद इन 50 परिवारों के सामने खुले आसमान के नीचे रहने का संकट खड़ा हो गया है। थाना पहुंचे ग्रामीणों ने एक स्वर में प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने कहा कि आरोपों की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और पीड़ित न्याय की प्रतीक्षा में हैं।

# परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने चलाई 14 स्पेशल ट्रेनें

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले हजारों अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पूर्व मध्य रेलवे ने कमर कस ली है। परीक्षा के दौरान उमड़ने वाली संभावित भीड़ और अभ्यर्थियों की आवाजाही को सुगम बनाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने 16 और 17 जून को बिहार के विभिन्न रेलखंडों पर कुल 14 विशेष परीक्षा ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि रेलवे की प्राथमिकता परीक्षार्थियों को सुरक्षित और समयबद्ध यात्रा सुविधा प्रदान करना है। इन विशेष ट्रेनों के परिचालन से सामान्य ट्रेनों पर यात्रियों का अतिरिक्त दबाव कम होगा और अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुँचने में काफी आसानी होगी। रेलवे के अनुसार, 16 जून को पांच विशेष ट्रेनों का संचालन होगा। जिसके तहत पाटलिपुत्र से किशनगंज के लिए शाम 8:00 बजे बेगूसराय, खगड़िया के रास्ते, पटना से नरकटियागंज के लिए रात 10:00 बजे हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी के रास्ते, पाटलिपुत्र से अररिया के लिए रात 10:00 बजे, पाटलिपुत्र से नवगछिया के लिए रात 11:00 बजे। पटना से भभुआ के लिए रात 11:30 बजे गया, डेहरी ऑन सोन, सासाराम के रास्ते संचालन की जाएगी। जबकि अगले दिन यानी 17 जून को नौ विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की गई है। जिसके तहत पटना से गया के लिए सुबह 7:15 बजे, बक्सर से दानापुर के लिए दोपहर 1:30 बजे, बक्सर से पटना के लिए शाम 6:00 बजे, किऊल से गया के लिए दोपहर 12:30 बजे शेखपुरा-नवादा होकर, गया से किऊल के लिए शाम 5:30 बजे, बख्तियारपुर से राजगीर के लिए सुबह 8:00 बजे और दोपहर 3:30 बजे, राजगीर से बख्तियारपुर के लिए दोपहर 1:00 बजे और शाम 6:15 बजे बिहारशरीफ होकर संचालित की जाएगी।